CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 14°C

नई दिल्ली, गुरुवार 26 मार्च 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 352 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | चैत्र कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2083 | 6 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



केवाईसी सख्ती से उप्र में 20 लाख एलपीजी कनेक्शन निष्क्रिय पेज 2



मार्क्स स्टोइनिस और कूपर कोनोली पंजाब किंग्स टीम में शामिल हुए खेल टाइम्स



चंद्रमा के प्राचीन चुंबकीय क्षेत्र का रहस्य सम्पादकीय



ट्रम्प के लिए होर्मुज स्ट्रेट खुलवाना मुश्किल! पेज 12

# ईरान की मिसाइलों से घबराकर भागा 'USS अब्राहम लिंकन'



### ईरान ने मिसाइलों से किया अटैक, अमेरिकी युद्धपोत ने इलाका छोड़ा
### ईरानी अधिकारी बोले- रेंज में आया, तो फिर हमला करेंगे
### ईरानी सेना ने जंग के 26वें दिन की कार्रवाई

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच ईरान ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि उसने अमेरिका के सबसे ताकतवर युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को मिसाइलों से निशाना बनाया है। ईरान का कहना है कि उसके तटीय क्रूज मिसाइलों ने समुद्र में तैनात इस युद्धपोत को टारगेट किया।

इस दावे ने पहले से ही तनावपूर्ण हालात को और ज्यादा गंभीर बना दिया है। हालांकि इस हमले को लेकर अमेरिका की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। ईरान की सेना के मुताबिक युद्ध के 26वें दिन यह कार्रवाई की गई। ईरानी नौसेना ने कहा कि अब्राहम लिंकन लगातार उसकी निगरानी में था और जैसे ही वह मिसाइल की रेंज में आया, उसे निशाना बनाया गया। ईरान ने साफ किया है कि वह अमेरिका के हर कदम पर नजर रखे हुए है और जरूरत पड़ने पर जवाबी कार्रवाई जारी रखेगा। इस बीच पाकिस्तान ने अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव को ईरान तक पहुंचाया है, लेकिन तेहरान ने बातचीत के संकेतों को खारिज कर दिया है। ईरान का दावा है कि उसने सफलतापूर्वक हमला किया, लेकिन अमेरिका की तरफ से इस पर कोई पुष्टि नहीं आई है। ऐसे में इस दावे की सच्चाई को लेकर सवाल बने हुए हैं। हालांकि यह साफ है कि दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है और सैन्य गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। ईरानी नौसेना प्रमुख शहराम ईरानी ने कहा कि अमेरिकी कैरियर स्ट्राइक ग्रुप की हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जैसे ही यह बेड़ा मिसाइल रेंज में आएगा, उस पर और भी शक्तिशाली हमले किए जाएंगे।

# भारत में ईंधन का कोई संकट नहीं: केंद्र सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक खबरों के बीच केन्द्र और राज्य संचालित तेल कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि भारत में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है।

पिछले 48 घंटों के दौरान पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति बाधित होने की अफवाहें तेजी से फैलीं, जिससे देश के कुछ हिस्सों में लोगों में चिंताएं बढ़ी और कुछ पेट्रोल पंपों पर भीड़ देखी गई। हालांकि अधिकारियों ने इन आशंकाओं को पूरी तरह निराधार बताया और कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद भारत की ईंधन सुरक्षा मजबूत बनी हुई है। एक विस्तृत परामर्श में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार मौजूद है और सभी आपूर्ति श्रृंखलाएं सामान्य रूप से काम कर रही हैं। कंपनी ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाहें पूरी तरह गलत हैं और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। पेट्रोल और डीजल की कमी को लेकर फैलाई जा रही खबरें पूरी तरह निराधार हैं। भारत में ईंधन का पर्याप्त भंडार है और आपूर्ति व्यवस्था सामान्य है। बीपीसीएल पूरी तरह संचालन में है और निर्बाध ईंधन आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। कृपया अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें।

## 35 नहीं, 25 दिन में ही मिलेगा शहरों में सिलेंडर



**नई दिल्ली।** एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग समयसीमा में बदलाव को लेकर फैल रही खबरों को केंद्र सरकार ने पूरी तरह खारिज कर दिया है।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि बुकिंग नियमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और मौजूदा व्यवस्था ही लागू है। मंत्रालय के अनुसार, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया जा रहा था कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना कनेक्शन के लिए 45 दिन, गैर-पीएमयूवाई सिंगल सिलेंडर के लिए 25 दिन और डबल सिलेंडर के लिए 35 दिन की नई समयसीमा लागू की गई है। सरकार ने इन दावों को भ्रामक और गलत बताया है। एलपीजी रीफिल बुकिंग की मौजूदा समयसीमा पहले की तरह ही लागू रहेगी। शहरी क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन, जो सभी प्रकार के कनेक्शनों पर समान रूप से लागू है। सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे ऐसी अफवाहों पर विश्वास न करें और न ही उन्हें आगे फैलाएं। साथ ही, अनावश्यक या घबराहट में एलपीजी बुकिंग करने से बचने की सलाह दी गई है।

# सार्वजनिक कार्यक्रमों में वंदेमातरम अनिवार्य नहीं: SC

## कोर्ट ने कहा: जब इसके लिए सजा होने लगेगी, तब विचार करेंगे, याचिका खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' गाने को लेकर गृह मंत्रालय के सर्कुलर के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि पब्लिक प्लेस और सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए जारी यह निर्देश अनिवार्य नहीं है। सर्कुलर को चुनौती देने वाली याचिका समय से पहले दायर की गई है। मामला सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच में था।

बेंच ने कहा कि गृह मंत्रालय की एडवाइजरी में वंदेमातरम न गाने पर किसी भी तरह की सजा का प्रावधान नहीं है। बेंच ने कहा कि ये दिशानिर्देश केवल एक प्रोटोकॉल हैं और इनका पालन करना अनिवार्य नहीं है। जब याचिकाकर्ता के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी, या फिर उसके लिए गाना अनिवार्य किया जाएगा, तब हम इन सब बातों पर ध्यान देंगे। अदालत मुहम्मद सईद नूरी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सीजेआई ने कहा कि हमें वह नोटिस दिखाइए जिसमें आपको राष्ट्रगान बजाने के लिए मजबूर किया गया है। आप एक स्कूल चलाते हैं, हमें यह भी नहीं पता कि वह मान्यता प्राप्त है या नहीं। इस पर उनके वकील ने कहा कि जो व्यक्ति वंदेमातरम गाने या राष्ट्रगीत के समय खड़े होने से इन्कार करता है, उस पर हमेशा बहुत बड़ा बोझ होता है। सलाह देने के बहाने लोगों को साथ गाने के लिए मजबूर किया जा सकता है। इस पर जस्टिस बागची ने कहा कि यह सिर्फ एक दृष्टिकोण है और लोग इससे असहमत हो सकते हैं। अगर आपके खिलाफ कोई एक्शन होता है, नोटिस आता है, तो आप फिर से कोर्ट आ सकते हैं। फिलहाल यह याचिका भेदभाव के एक अस्पष्ट अंदेशे के अलावा और कुछ नहीं है। गृह मंत्रालय ने 28 जनवरी को एक आदेश जारी किया था। जिसमें कहा गया था कि अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों या अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम' बजाया जाएगा। इस दौरान हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। यह आदेश 28 जनवरी को जारी हुआ, लेकिन मीडिया में इसकी जानकारी 11 फरवरी को आई।

## रेप पीड़ित बच्ची को थाने बुलाने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तीन साल की बच्ची से रेप के मामले में असंवेदनशील रवैये के लिए हरियाणा पुलिस और बाल कल्याण समिति को जमकर फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हरियाणा पुलिस द्वारा पीड़ित से मिलने के बजाय उसे थाने बुलाना शर्मनाक है। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि पुलिस अफसरों को देखिए, उनकी पोजिशन देखिए। पुलिस स्टेशन में डीसीपी, एएसपी रहते हैं। इस अपराध में आपकी यही समझ है, तो फिर कानून किसे कहेंगे? यह शॉकिंग है। पुलिस पीड़ित के घर क्यों नहीं जा सकती? क्या वे राजा हैं? सुप्रीम कोर्ट ने मामले की जांच के लिए हरियाणा कैडर की महिला आईपीएस अधिकारियों सहित तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है।

**गुरुग्राम पुलिस से कहा: यह शॉकिंग, पुलिस पीड़ित के घर क्यों नहीं जा सकती, क्या वे राजा हैं**



## आर्थिक बोझ का हवाला देकर मुआवजा नहीं छीन सकते

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 2019 से पहले हुए भूमि अधिग्रहण मामलों में सोलाटियम और ब्याज देने से जुड़े अपने फैसले पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी है। इससे किसानों और जमीन मालिकों को राहत मिली है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि जमीन अधिग्रहण के मामलों में सही मुआवजा मिलना संवैधानिक अधिकार है। इसे कमजोर नहीं किया जा सकता। इसे सरकार पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ से नहीं जोड़ा जा सकता। पूरा मामला उन भूमि अधिग्रहण मामलों से जुड़ा है जो 2019 से पहले हुए थे, जिसमें प्रभावित लोगों को सोलाटियम और ब्याज देने का सवाल था।

एनएचएआई ने पहले के फैसले को चुनौती देते हुए पुनर्विचार याचिका दायर की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज करते हुए अपने पुराने फैसले को बरकरार रखा।

## उप्र में रामनवमी पर 26-27 मार्च को अवकाश घोषित

**लखनऊ।** रामनवमी पर योगी सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। पहले से घोषित 26 मार्च के सार्वजनिक अवकाश के साथ अब 27 मार्च को भी छुट्टी घोषित कर दी गई है। मंदिरों में रामनवमी के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। हर साल इस पर्व पर बड़ी संख्या में लोग पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए मंदिरों में पहुंचते हैं।

## अजित पवार प्लेन क्रैश मामले में बेंगलुरु में एफआईआर

**बेंगलुरु।** महाराष्ट्र के बारामती में हुए विमान हादसे में डिप्टी सीएम अजित पवार की मौत के मामले में बेंगलुरु में जीरो एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर उनके भतीजे और एनसीपी (एसपी) विधायक रोहित पवार की शिकायत पर दर्ज हुई है। उन्होंने हादसे को आपराधिक साजिश बताया है। उन्होंने 5 मुख्य आरोप लगाए हैं। रोहित ने कहा कि उन्होंने मुंबई के मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन, बारामती पुलिस और महाराष्ट्र सीआईडी से संपर्क किया, लेकिन कहीं भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसके बाद उन्होंने 23 मार्च को बेंगलुरु में जीरो पर एफआईआर दर्ज कराई। जहां अपराध हुआ है उसे छोड़कर देश के किसी भी थाने में उस अपराध की एफआईआर दर्ज कराई जाती है तब उसे जीरो एफआईआर कहते हैं। इसे फिर संबंधित थाने में ट्रांसफर कर दिया जाता है। कर्नाटक पुलिस ने केस दर्ज कर इसे महाराष्ट्र पुलिस को ट्रांसफर कर दिया है।

# केंद्र से उड़ान 2.0 योजना को मंजूरी, 100 एयरपोर्ट बनेंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कैबिनेट बैठक में लिए कई अहम फैसले
- इमिग्रेशन, वीजा और विदेशी नागरिक ट्रैकिंग से जुड़ी IVFRT योजना पांच साल के लिए बढ़ी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए हैं। इनमें 2030-35 के नए पर्यावरण लक्ष्य तय करना, मोडिफाइड उड़ान योजना को मंजूरी और इमिग्रेशन सिस्टम के आधुनिकीकरण के लिए आईवीएफआरटी 3.0 योजना शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि कैबिनेट ने मोडिफाइड रीजनल एयर कनेक्टिविटी योजना उड़ान 2.0 को मंजूरी दी है। इसके तहत 100 नए एयरपोर्ट विकसित किए जाएंगे। इस पर 28,840 करोड़ रुपये खर्च होंगे। कैबिनेट ने इमिग्रेशन, वीजा और विदेशी नागरिक ट्रैकिंग से जुड़ी आईवीएफआरटी 3.0 योजना को 31 मार्च 2031 तक 5 साल के लिए बढ़ाने को मंजूरी दी है। इसके लिए 1,800 करोड़ का बजट रखा गया है, जिसका इस्तेमाल इमिग्रेशन चेक पोस्ट पर एआई टूल्स, आइरिस स्कैनिंग (आंखों की स्कैनिंग) और बायोमेट्रिक आथेंटिकेशन के लिए इस्तेमाल होगा। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत ने जीडीपी के मुकाबले उत्सर्जन तीव्रता (एमिशन इंटेंसिटी) में 36 फीसदी की कमी हासिल कर ली है। 2030 का एक लक्ष्य 2025 में ही हासिल कर लिया गया और 2026 में उसे पार भी कर लिया गया।

## कांग्रेस को 24 अकबर रोड स्थित कार्यालय खाली करने का नोटिस

**नई दिल्ली।** सरकार ने कांग्रेस पार्टी को उसके 24 अकबर रोड स्थित कार्यालय और पांच रायसीना रोड स्थित युवा कांग्रेस कार्यालय को खाली करने को कहा है। सूत्रों के अनुसार संपदा निदेशालय ने नोटिस भेजकर कांग्रेस से ये दोनों कार्यालय 28 मार्च तक खाली करने को कहा है। कांग्रेस पार्टी ने पिछले वर्ष अपना मुख्यालय इंद्रा भवन में स्थानांतरित कर लिया था, लेकिन वह 24 अकबर रोड पर अपना कार्यालय बनाए हुए है। नोटिस के संबंध में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह नोटिस दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार लोकतांत्रिक नहीं है। पार्टी इस मसले पर वैधानिक और राजनीतिक रूप से चर्चा कर आगे कदम उठाएगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार कांग्रेस इस मसले पर अदालत का रुख अख्तियार करने की तैयारी कर रही है। गौरतलब है कि करीब 48 वर्षों से 24 अकबर रोड के बंगले में कांग्रेस का मुख्यालय है।



## संक्षिप्त समाचार

### बीएसएफ ने एक पाक घुसपैठिए को किया गिरफ्तार

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के चौकस जवानों ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास से एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ के जवानों ने रामगढ़ सेक्टर में भल्लर सीमा चौकी के पास एक पाकिस्तानी व्यक्ति की हलचल देखकर उसे ललकारा और जब वह सीमा के इस तरफ आ गया, तो उसे पकड़ लिया। अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार उसके पास से कोई भी आपत्ति. जनक चीज नहीं मिली और उसने अनजाने में सीमा पार कर ली थी। उन्होंने कहा कि आगे की कार्रवाई के लिए मामले की जांच की जा रही है।

### पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रहे

**नई दिल्ली।** देश में सामान्य पेट्रोल और डीजल के दाम बुधवार को अपरिवर्तित रहे। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये और डीजल की 87.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रही। सामान्य पेट्रोल-डीजल के दाम में 30 अक्टूबर 2024 के बाद से कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस बीच अंतर्राष्ट्रीय बाजार में आज कच्चे तेल में नरमी देखी गई और लंदन का ब्रेंट क्रूड का मार्च वायदा पांच प्रतिशत के करीब चढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे उतर गया। इससे पहले कच्चे तेल में तेज उछाल के बाद इंडियन ऑयल के प्रीमियम पेट्रोल एक्सपी95 का मूल्य 20 मार्च को दो रुपये बढ़ाया गया था। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में इसकी कीमत अब 101.89 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इंडियन ऑयल के प्रीमियम डीजल एक्सजी का मूल्य 91.49 रुपये प्रति डॉलर पर स्थिर है।

### पिछली सरकारों ने समाज को जातिवाद के आधार पर बांटा: योगी

# बिना भेदभाव सबका पुनर्वास सरकार की प्राथमिकता

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सीएम ने बहराइच में 136 परिवारों के पुनर्वास को बांटे भूमि पट्टे के प्रमाणपत्र

**लखनऊ/बहराइच।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच के मिहिरपुरवा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में 136 परिवारों को मुख्यमंत्री आवास, शौचालय और आवास हेतु भूमि के पट्टों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों को आवास निर्माण के लिए धनराशि डिजिटल माध्यम से हस्तांतरित की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बहराइच की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए इसे सुहेलदेव के शौर्य की धरती बताया। उन्होंने कहा कि महाराजा सुहेलदेव का पराक्रम आज भी समाज को प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों द्वारा उपेक्षित रहे करीब 500 परिवारों के पुनर्वास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार सेवा और संवेदना के आधार पर बिना किसी भेदभाव के 25 करोड़ प्रदेशवासियों के लिए कार्य कर रही है। योगी ने कहा कि सरकार जाति, पंथ या संप्रदाय के आधार पर नहीं, बल्कि हर जरूरतमंद को परिवार का हिस्सा मानकर योजनाओं का लाभ दे रही है। उन्होंने कहा कि इस पुनर्वास योजना में दलित, पिछड़े, जनजातीय समुदाय समेत विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब थी और जातिवाद के आधार पर समाज को बांटने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में माफिया, गुंडागर्दी और दंगों का माहौल रहता था, जिससे विकास बाधित होता था। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में कानून-व्यवस्था बेहतर हुई है और सभी त्योहार शांति व सौहार्द के साथ मनाए जा रहे हैं। नवरात्रि और आगामी रामनवमी के आयोजन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में भयमुक्त वातावरण बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर परिवार को सुरक्षित आवास, मूलभूत सुविधाएं और बेहतर जीवन स्तर उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपने भविष्य को सशक्त बना सकें।

### कांग्रेस कब्जा संस्कृति की पर्याय बन चुकी है: केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊ।** दिल्ली में कांग्रेस के पुराने मुख्यालय 24 अकबर रोड को खाली करने के नोटिस के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। उप्र के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 'कांग्रेस कब्जा संस्कृति की पर्याय बन चुकी है।' बुधवार को सोशल मीडिया के जरिए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपने नए मुख्यालय में शिफ्ट होने के बावजूद पुराने दफ्तर को खाली नहीं कर रही है, जबकि उसे सरकार को वापस कर देना चाहिए था। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस की ऐसी नीतियां गलत संदेश देती हैं और इससे प्रशासनिक व्यवस्था पर भी असर पड़ता है। गौरतलब है कि एस्टेट विभाग ने कांग्रेस को 24 अकबर रोड स्थित अपने पुराने मुख्यालय को 28 मार्च तक खाली करने का नोटिस दिया है। यह परिसर करीब 48 वर्षों तक कांग्रेस का केंद्रीय मुख्यालय रहा है।

## केवाईसी सख्ती से उप्र में 20 लाख एलपीजी कनेक्शन निष्क्रिय

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ नौ महीने या उससे अधिक समय से सिलेंडर बुक नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं की पहचान कर रहीं कंपनियां

**लखनऊ।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के चलते वैश्विक ऊर्जा बाजार में बढ़ती अनिश्चितताओं के बीच तेल कंपनियों ने उप्र में एलपीजी वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बड़ा अभियान शुरू किया है।

केवाईसी सत्यापन प्रक्रिया को सख्ती से लागू किया जा रहा है, जिसके चलते लखनऊ में 1.10 लाख से अधिक और पूरे प्रदेश में करीब 20 लाख एलपीजी कनेक्शन अस्थाई रूप से निष्क्रिय कर दिए गए हैं। प्रदेश में कुल लगभग 4.87 करोड़ घरेलू एलपीजी उपभोक्ता हैं। गैस कंपनियों के अधिकारी ऐसे उपभोक्ताओं की पहचान कर रहे हैं, जिन्होंने नौ महीने या उससे अधिक समय से सिलेंडर बुक नहीं कराया। अधिकारियों के अनुसार कई मामलों में उपभोक्ताओं ने पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन ले लिया है या पता बदल लिया है, लेकिन यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि सब्सिडी और गैस की आपूर्ति वास्तविक उपभोक्ताओं तक ही पहुंचे। तेल कंपनियों ने ऐसे उपभोक्ताओं को चिन्हित कर उनका कनेक्शन अस्थाई रूप से बंद कर दिया है। अब कनेक्शन को पुन: सक्रिय करने के लिए केवाईसी अनिवार्य कर दिया गया है। इस प्रक्रिया के चलते लखनऊ की गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भीड़ बढ़ गई है, जहां बड़ी संख्या में लोग अपने दस्तावेज अपडेट कराने पहुंच रहे हैं।

आलमबाग निवासी आनंद चतुर्वेदी को भी इसी समस्या का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि सिलेंडर बुक न होने पर उन्हें पता चला कि उनका कनेक्शन निष्क्रिय हो चुका है और अब दोबारा केवाईसी कराना जरूरी है, क्योंकि कनेक्शन उनके दिवंगत पिता के नाम पर था। सूत्रों के मुताबिक शहर की प्रत्येक गैस एजेंसी में 1200 से 1500 तक निष्क्रिय कनेक्शन हैं। हालांकि एजेंसी संचालकों का कहना है कि यह प्रक्रिया सिस्टम में मौजूद अनियमित और निष्क्रिय कनेक्शनों को हटाने में मदद कर रही है।

## महिला आरक्षण को लेकर मोदी का यू टर्न: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर 'नारी वंदन अधिनियम, 2023' के लागू होने के मामले में ष्अचानक यू-टर्नष लेने का आरोप लगाया और इसे जरूरी राष्ट्रीय मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश करार दिया।

रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सितम्बर 2023 में जिस नए संसद भवन का उद्घाटन हुआ था, वहीं इस ऐतिहासिक कानून को पारित किया गया था। इस कानून के जरिए संविधान में संशोधन करके लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान किया गया था। इस कानून में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजा. तियों के लिए आरक्षित सीटों के भीतर भी एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान शामिल था। उन्होंने कहा कि इन आरक्षणों को लागू करने का काम स्पष्ट तौर पर परिसीमन और जनगणना की प्रक्रिया पूरी होने से जोड़ा गया था। रमेश ने कहा कि ये दोनों आरक्षण तभी लागू होने थे, जब परिसीमन और जनगणना का काम पूरा हो जाता। कांग्रेस नेता ने बताया कि विधेयक पर संसदीय बहस के दौरान कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनावों से ही इसे तुरंत लागू करने की जोरदार मांग की थी। उन्होंने कहा कि तब मोदी सरकार ने यह तर्क दिया था कि परिसीमन और जनगणना का काम पहले पूरा किए बिना ऐसा करना संभव नहीं है।

## एमओयू से पहले एआई से ही पूछ लेते

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उप्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पार्क की स्थापना को लेकर हुए एमओयू को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार को एमओयू करने से पहले कम से कम एआई (एआई) से ही इस कंपनी की 'पूच' (पहुंच) के बारे में पूछ लेना चाहिए था। बुधवार को सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश यादव ने कहा कि अपने आस-पास के ऐसे 'फ़ाइव परसेंटिया' घूसखोर व खुदगर्ज लोगों से बचना चाहिए, जो आपकी अनभिज्ञता या अज्ञान का दुरुपयोग करते हैं। इससे आपकी एआई (आर्टिफिशियल इमेज) मतलब ले-दे के बनाई गई 'कृत्रिम छवि' पर भी बहुत खराब प्रभाव पड़ता है, साथ ही आपके समय में धूमिल हुई प्रदेश की असली छवि और भी अधिक बद से बदहाल होती है। उन्होंने कहा कि इन भ्रष्ट कांडों के उजागर होने से अच्छे, सच्चे और ईमानदार निवेशक हतोत्साहित भी होते हैं, और प्रदेश में निवेश करने से विमुख भी होते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि आप तो लौट जाएंगे लेकिन प्रदेश को तो जनता का खडाल रखना है, यही सोचकर कम-से-कम एक तो अच्छा काम करते जाइए। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व 'इन्वेस्ट यूपी' ने पूच एआई (पूच एआई) नाम की कंपनी के साथ प्रदेश में एआई पार्कों के विकास के लिए 25 हजार करोड़ रुपये के निवेश का समझौता किया है।

### बयान देकर फंसे एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष

**लखनऊ।** उप्र में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक तपिश अभी से बढ़ने लगी है। इस बीच ए बयान देकर फंसे एआईएमआईएम उप्र के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने खुद के एनकाउंटर की संभावना जताई है। उन्होंने कहा है कि हमें तो लगता है जल्द ही हमारा एनकाउंटर भी हो सकता है, क्योंकि हम उर्दू नाम वाले हैं। इस बाबत बुधवार को सोशल मीडिया के जरिए एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने कहा है कि मेरठ पुलिस द्वारा मेरे और मेरी पार्टी के लोगों के ऊपर राजनीतिक दबाव में फ़र्जी तरीक़े से मुक़द्दमा दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि मेरे बयान को पूरा सुनना चाहिए था, लेकिन बगैर जांच के हम पर कार्यवाही की गई।

### अतीक की करोड़ों की जमीन पर अवैध प्लाटिंग को लेकर चला बुलडोजर

**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज में योगी सरकार नें ऑपरेशन माफिया चला कर अतीक अहमद के आर्थिक साम्राज्य पर चोट की थी, जिसमें कसारी मसारी की अतीक की जमीन की खरीद फरोख्त और रजिस्ट्री पर रोक भी लगाई थी, लेकिन समय के साथ खेल बदलने लगा, अब अतीक अहमद का करीबी शकील और उसका भाई वकील अहमद इन्हीं जमीनों पर अवैध प्लाटिंग करके रजिस्ट्री कर रहें हैं। सूत्रों के मुताबिक जिस जमीन की रजिस्ट्री पर रोक थी उन्हीं जमीनों से ये लोग लाभ कमा रहें हैं, प्रयागराज पीडीए ने इस 5 बीघा जमीन पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर से ध्वस्त किया हैं पीडीए अब शकील और इसके साथी पर मुकदमा भी दर्ज कराएगी। एसटीएफ की टीम नें अतीक की जमीनो का स्थलीए निरीक्षण किया था और इन जमीनो पर खरीदने बेचने पर रोक लगाई थी, लेकिन ये लोग अतीक की ही इन जमीनो से बिजनेस करने लगे, सूत्रों के मुताबिक अतीक के परिवार के लोगो की मदद में शकील आगे रहा हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 75273.45
निफ्टी 23306.45



सोना 145000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 234000
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स व निफ्टी चढ़े

मुंबई, वार्ता



विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई का सेंसेक्स 1,205 अंक (1.63 प्रतिशत) चढ़कर 75,273.45 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 394.05 अंक यानी 1.72 प्रतिशत ऊपर 23,306.45 अंक पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी दिवस पर भी दोनों प्रमुख सूचकांक 1.8 प्रतिशत के आसपास चढ़े थे।

पश्चिम एशिया में ईरान युद्ध को लेकर शांति वार्ता की उम्मीद में शेयर बाजारों में तेजी लौटी है। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 2.07 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.59 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, ऑटो, वित्त, बैंकिंग, धातु, फार्मा, रियलटी, स्वास्थ्य और रसायन समूहों के सूचकांक दो फीसदी से अधिक चढ़े। तेल एवं गैस, मीडिया और आईटी समूहों में भी तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर करीब साढ़े चार प्रतिशत की बढ़त में रहा। बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, टाइटन, इंडिगो, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा स्टील के शेयर तीन से चार प्रतिशत चढ़े। भारतीय स्टेट बैंक, सनफार्मा, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर, बजाज फिनसर्व, अडानी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स और एचडीएफसी बैंक के शेयर ऊपर रहे। इटरनल, भारती एयरटेल, मारुति सुजुकी, आईटीसी और कोटक महिंद्रा बैंक में एक से दो प्रतिशत तक की तेजी रही। एनटीपीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी ऊपर बंद हुए। टेक महिद्रा में डेढ़ प्रतिशत और पावर ग्रिड में सवा प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट रही। टीसीएस का शेयर भी नीचे बंद हुआ।

### चांदी 2.34 लाख पर पहुंची, सोना 1.45 लाख पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमत में बुधवार 25 मार्च को तेजी देखी गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 5 हजार बढ़कर 1.45 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 9 हजार बढ़कर 2.34 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी देखने को मिली है। बीते साल के आखिर में सोना 1.33 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब 1.45 लाख रुपए पर है। यानी इसकी कीमत इस साल अब तक 11 हजार बढ़ चुकी है। वहीं चांदी भी इस दौरान 3 हजार रुपए महंगी हुई है। एक्सपर्ट्स के अनुसार रिकॉर्ड ऊंचाई छूने के बाद सोने की कीमत में फिलहाल सुधार है। शॉर्ट टर्म में मोमेंटम थोड़ा कमजोर जरूर हुआ है, लेकिन लॉन्ग टर्म में तेजी का रुझान बरकरार है। ऐसे में निवेशक सोने में थोड़ा-थोड़ा करके निवेश कर सकते हैं। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

## टाटा पावर ने उप्र में दो ट्रांसमिशन लाइनें कमीशनिंग की घोषणा की

नई दिल्ली, वार्ता

टाटा पावर ने बुधवार को उप्र में 154 सर्किट किलोमीटर में फैली दो ट्रांसमिशन लाइनों- 400 किलोवोल्ट टांडा-गोंडा और 400 किलोवोल्ट (केवी) गोंडा-बस्ती डबल सर्किट- की कमीशनिंग की घोषणा की। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इसके साथ ही उसने साउथ ईस्ट यूपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (एसईयूपीपीटीसीएल) परियोजना के अंतर्गत सभी एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज (ईएचवी) ट्रांसमिशन लाइनों और सबस्टेशनों का सफलतापूर्वक कमीशनिंग कर लिया है। इस नेटवर्क में अब राज्य भर में 951 सर्किट किमी की तीन 765 केवी लाइनें, 566 सर्किट किमी की चौदह 400 केवी लाइनें और 3,460 एमवीए ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता वाले तीन 765/400 केवी सबस्टेशन हैं। टाटा पावर ने बताया कि चार ट्रांसमिशन लाइनों 765 केवी मैनपुरी-बारा सिगल सर्किट लाइन, 765 केवी मैनपुरी-उन्नाव सिगल सर्किट लाइन, 400 केवी टांडा-गोंडा और 400 केवी गोंडा-बस्ती डबल सर्किट लाइन की कमीशनिंग से उप्र में उत्पन्न 4,000 मेगावाट से अधिक तापीय बिजली के सुरक्षित और विश्वसनीय निष्कासन में सहायता मिलेगी। इससे राज्य की बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने, ग्रिड स्थिरता को मजबूत करने और दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। इस परियोजना में टावर के रूप में 45,000 टन से अधिक स्टील का उपयोग किया गया है, 8,600 किलोमीटर से अधिक कंडक्टर की स्ट्रिंगिग की गई है और 139 महत्वपूर्ण क्रॉसिंग्स का काम किया गया है, जिनमें मौजूदा ट्रांसमिशन लाइनें, रेलवे ट्रैक, गैस पाइपलाइन, राजमार्ग और नदियां शामिल हैं। इसके साथ ही टाटा पावर का कुल परिचालन ट्रांसमिशन नेटवर्क बढ़कर 5,466 सर्किट किलोमीटर हो गया है, जबकि अतिरिक्त 1,863 सर्किट किलोमीटर वर्तमान में निर्माणाधीन हैं।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
- HEALTH WITH CARE -
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## उप्र में 2026 में 35 करोड़ से अधिक पौधरोपण करने का लक्ष्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ बीते नौ वर्षों 242.13 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके

**लखनऊ।** उप्र 'हरित प्रदेश' बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते 9 वर्षों में प्रदेश में 242.13 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। वर्ष 2026 के वर्षाकाल में 35 करोड़ से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के साथ ही राज्य में कुल पौधरोपण का आंकड़ा 277 करोड़ के पार पहुंच जाएगा। वन विभाग के अनुसार, 2008 से 2016 के बीच जहां केवल 65.27 करोड़ पौधे लगाए गए थे, वहीं 2017 के बाद इस अभियान ने जनआंदोलन का रूप ले लिया है। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश का वनाच्छादन भी 559.19 वर्ग किलोमीटर बढ़ा है। वर्ष 2025 में 9 जुलाई को एक ही दिन में 37.21 करोड़ पौधे लगाकर उप्र ने नया कीर्तिमान स्थापित किया था। इसी क्रम में वर्ष 2026 के लिए भी व्यापक तैयारी शुरू कर दी गई है। विभागीय स्तर पर 52 करोड़ से अधिक पौधों को पौधशालाओं में तैयार किया जा रहा है, ताकि लक्ष्य से अधिक उपलब्धि हासिल की जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर वर्ष 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपने जन्मदिन की शुरुआत पौधरोपण से करते हैं और इसे जनभागीदारी से जोड़ते हैं। सरकार ने पौधरोपण को जनआंदोलन बनाने के लिए स्कूली बच्चों, युवाओं, महिलाओं और सामा. जिक संगठनों को भी इससे जोड़ा है। इसी कड़ी में 1 से 7 जुलाई 2025 के बीच जन्मे 18,348 बच्चों को 'ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट' प्रदान किए गए। अभिभावकों को पौधे देकर उनके संरक्षण का संकल्प भी दिलाया गया। वाराणसी के सुजाबाद-डोमरी क्षेत्र में आयोजित वृहद पौधरोपण कार्यक्रम में एक घंटे में 2,51,446 पौधे लगाकर उप्र ने चीन का आठ वर्ष पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस उपलब्धि को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने प्रमाणित किया है। प्रदेश सरकार ने बजट में सामाजिक वानिकी योजना के लिए 800 करोड़ रुपये, पौधशाला प्रबंधन के लिए 220 करोड़ रुपये तथा प्रतिकारात्मक वन रोपण योजना के लिए 189 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर

**प्रयागराज।** यौन उत्पीड़न मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने दोनों की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली है। ये फैसला जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की सिंगल बेंच ने सुनाया है। इससे पहले 27 फरवरी को हाईकोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। गिरफ्तारी से बचने के लिए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इस मामले में इससे पहले 27 फरवरी को फैसला सुरक्षित रखने के साथ ही हाईकोर्ट ने कहा था कि फैसला आने तक उनकी गिरफ्तारी नहीं होगी। कोर्ट के इस आदेश के बाद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा था कि हमारे वकील ने बताया कि कोर्ट में विस्तार से चर्चा हुई। न्यायालय ने फैसला रिजर्व किया है, गिरफ्तारी पर रोक लगाई है। जज समझ रहे हैं कि ये मामला ही फर्जी है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने ये भी कहा था कि कोर्ट में भी यह बात प्रमाणित हो गई है कि वो बालक यहां मठ में कभी नहीं रहे। कोर्ट ने भी यह कहा कि बच्चों को जुवेनाइल बोर्ड की कस्टडी में दिया जाए।

## पदोन्नति का संशोधन भी हो: आजाद

### सीएपीएफ बिल पेश होने से पहले चंद्रशेखर ने रख दी बड़ी मांग

लखनऊ, वार्ता



उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से आज़ाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने केंद्र सरकार के केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल विधेयक यानी सीएपीएफ बिल 2026 पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यहां पर ग्रुप ए के अधिकारियों के साथ भेदभाव हो रहा है, हम सुनिश्चित करेंगे कि इसमें समय पर पदोन्नति का संशोधन भी शामिल हो सके।

चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि सीएपीएफ बिल राज्यसभा में पेश होने वाला है। मंगलवार को मैंने जीरो ऑवर में विषय लगाया था, लेकिन चूंकि इसे छोड़ दिया गया, मैं अपनी बात नहीं रख पाया, सीएपीएफ हमारे केंद्रीय बल की संख्या दस लाख से ज्यादा है। नगीना सांसद ने कहा कि पहले हमें समझना पड़ेगा कि हमारे जो सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, बीएसएफ-एसएसबी और आईटीबीपी ये वो बल हो, जो अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर देश के लिए शहादत देता है और लड़ाई लड़ता है। असम, मणिपुर और छत्तीसगढ़ हो, नक्सल-प्रभावित, सशस्त्र संघर्ष और आतंक प्रभावित क्षेत्र हो, सब जगह प्रथम पंक्ति में खड़े होकर शहादत देता है। ऑपरेशन सिंदूर में भी एसआई इम्तियाज ने शहादत दी। संसद से लेकर वीआईपी सुरक्षा हो, सीमा सुरक्षा हो हर जगह हमारा ये बल सुरक्षा प्रदान करता है। लेकिन वहां ग्रुप-ए अधिकारियों के साथ जिस तरह का भेदभाव हो रहा है, वो गलत है। हमें अपनी फोर्स का मनोबल बढ़ाना चाहिए, लेकिन हम उनका मनोबल कम कर रहे हैं, लगातार हम उनका प्रमोशन नहीं दे रहे हैं, उनकी परेशानी नहीं सुन रहे। जब देश की सेवा करने वालों का मनोबल गिर जाएगा, तो फिर ये लड़ाई कैसे आगे बढ़ेगी? उन्होंने कहा कि सरकार को मंगलवार को जवाब देना था, लेकिन वो नहीं दे पाए। अब वो बिल ला रहे हैं, तो हम कोशिश करेंगे कि अगर वो विधेयक भी ला रहे हैं, तो उसमें संशोधन जरूर आ जाए कि उनको समय पर प्रमोशन मिल सके, जैसे दूसरे कर्मचारियों और अधिकारियों को प्रमोशन मिलता है। सुरक्षा बलों के 13 हजार से ज्यादा अधिकारी हैं, जो परेशान है। हम लोग उनके साथ खड़े हैं। मैं तो हमारे जवान के लिए भी मांग करता हूं कि उसको शहीद होने पर शहादत का दर्जा मिले, हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे कि इसमें समय पर पदोन्नति के लिए संशोधन शामिल हो जैसा कि अन्य अधिकारियों को मिलता है।

# फोन देने से मना करने पर नाबालिगों ने चाकू से गोद डाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अशोक विहार के वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र इलाके में 16 साल के नाबालिग ने अपना मोबा. इल फोन नहीं दिया तो चार नाबालिगों ने युवक पर चाकू से कई वार किये और फरार हो गए। जिनको पुलिस ने उनके ठिकानों पर छापेमारी करके पकड़ लिया। इन चार नाबालिगों में से एक नाबालिग कुछ ही दिन पहले बाल सुधार गृह से जमानपर पर बाहर आया था। जिसने अपने नाबालिग गैंग के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते रविवार को अशोक विहार पुलिस को श्री राम चौक, ए ब्लॉक, वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया के पास अजीत (16) को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। पता चला कि अजीत को पहले पहले ही लोग दीप चंद बंधु अस्पताल ले जा चुके थे। पुलिस अस्पताल पहुंची। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने अजीत की हालत गंभीर बताई। उसके शरीर पर चाकू के कई निशान थे। अजीत ने बताया कि 3-4 अनजान लडकों ने उसे रोका, उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज की, और उनमें से दो ने उस पर चाकू से वार किया।

## 183 एलपीजी सिलिंडर बरामद, चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने संगम विहार इलाके में एक अवैध एक रैकेट का भंडाफोड़ किया है, और डिलीवरी एजेंटों के गोदामों से कुल 183 गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। इनमें से 154 सिलेंडर भरे हुए थे और 29 खाली थे। पुलिस के अनुसार, चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनकी पहचान शेर सिंह, सूरज परिहार, रघु राज सिंह और जितेंद्र शर्मा के रूप में हुई है। सभी आरोपी एक अधिकृत गैस एजेंसी के रजिस्टर्ड डिलीवरी कर्मचारी हैं और वे वितरण की आड़ में एलपीटी सिलेंडरों के अवैध भंडारण और रिफिलिंग में शामिल थे। जांच में पता चला कि एजेंसी से सिलेंडर लेने के बाद, आरोपियों ने उन्हें ग्राहकों तक नहीं पहुंचाया, बल्कि इसके बजाय उन्हें किराए के गोदामों में जमा कर लिया।

## नीरज बवाना-नवीन बाली गैंग के दो शार्प शूटर हथियारों के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बवाना में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिये हथियार का इंतजाम करके बस गैंगस्टर के निर्देशों का इंतजार कर रहे गैंगस्टर नीरज बवाना-नवीन बाली गैंग के दो शार्प शूटरों स्पेशल स्टाफ ने 'ऑपरेशन गैंग बस्ट 2026' के तहत गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान तरुण उर्फ टोरी और सतेन्द्र के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से पांच पिस्टल और आठ कारतूस बरामद किये हैं। जांच में सामने आया है कि जब्त हथियारों का इस्तेमाल आउटर-नॉर्थ दिल्ली में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए किया जाना था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि स्पेशल स्टॉफ को हथियारबंद गैंग के सदस्यों की आवाजाही के बारे में जानकारी मिली थी। एसीपी दिनेश कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर विश्वेंद्र चौधरी के निर्देशन में पुलिस टीम ने पुलिस टीम ने इलाके में घेरा. बंदी करके सतेन्द्र और तरुण को हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सतेन्द्र नीरज बवाना/नवीन बाली गैंग का सक्रिय सदस्य है। जबकि तरुण उर्फ टोरी को 2020 में स्पेशल सेल ने एक मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। वह 2017 से नीरज बवाना-नवीन बाली गैंग का सक्रिय सदस्य है। उसे नवीन उर्फ बाली ने हरियाणा से काला नामक व्यक्ति से हथियार लाने का निर्देश दिया था और उसके बाद उसे गांव पूठ में किसी वारदात को अंजाम देने के लिए नवीन के अगले आदेश का इंतजार करने को कहा गया था। वह बवाना पुलिस को घोषित बदमाश है।

# अंतर्राज्जीय साइबर सिंडिकेट के आधा दर्जन आरोपी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डिजिटल गिरफ्तारी, फर्जी निवेश और ट्रेडिंग घोटालों के जरिये भोले-भाले नागरिकों विशेषकर बुजुर्गो को टारगेट करने वाले अंतर्राज्जीय सिंडिकेट के आधा दर्जन आरोपियों को बाहरी उत्तरी जिला की साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पकड़े जाने के बाद 89 शिकायतों में 10.6 करोड़ की धोखाधड़ी की 89 शिकायतों का खुलासा हुआ है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल एक बुजुर्ग दंपति को डिजिटल अरेस्ट करके बीस लाख रुपये ट्रांस्फर करवा लिये गए थे। जांच में पता चला कि साढे 18 लाख रुपये एक ही बैंक खातें में जमा हुए थे। इस खाते को आरोपी शशिकांत कुमार चलाता था, जिसे रांची, झारखंड से गिरफ्तार किया। उसके पास से मोबाइल फोन, चेक बुक और पेन ड्राइव बरामद की गई। इसके खिलाफ जब जांच की गई तो पता चला कि वह 35 शिकायतों में शामिल रहा है। उसने 9.2 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की थी। अदालत के आदेश पर शिकायतकर्ता को लगभग 11 लाख रुपये वापस कर दिए गए। एक अन्य मामले में आरोपियों ने ज्यादा मुनाफा का लालच देकर फर्जी निवेश कराया और 7.79 लाख की धोखाधड़ी की। जांच में पता चला कि 2.83 लाख की रकम आरोपी खालिद त्यागी द्वारा चलाए जा रहे एक खाते के जरिए भेजी गई थी। खालिद त्यागी को रुडकी (उत्तराखंड) से गिरफ्तार किया। वह भारत छोड़कर भागने की फिराक में था। पूछताछ करने पर पताचला कि वह साइबर धोखाधड़ी करने वाले गिरोहों के लिए 'म्यूल खाते' (दूसरे लोगों के खाते) का इंतजाम करने में शामिल था। यह खाता 25 शिकायतों (4.08 करोड़) से जुड़ा हुआ पाया गया। इसी तरह से ट्रेडिंग धोखाधड़ी के मामले में शिकायतकर्ता से ऑनलाइन स्टॉक ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर 1.88 लाख की धोखाधड़ी हुई थी। जिसमें आरोपी सचिन मित्तल को शाहदरा से गिरफ्तार किया। यह खाता 24 शिकायतों (1.1 करोड़) से जुड़ा हुआ था। जबकि एक अन्य डिजिटल गिरफ्तारी के मामले में पीडिघ्त को जालसाजों ने, जो खुद को सुरक्षा अधिकारी बताकर और उसको धमकी देकर आठ लाख रुपये अपने खाते में ट्रांस्फर करवा लिये थे। जांच में जहां भोपाल के एक अकाउंट से 100 फीसदी रिकवरी कर ली गई। वहीं आरोपी आसिफ, नितिन सैनी और वीरेंद्र मुखिया को मध्य प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली में छापेमारी के बाद गिरफ्तार कर लिया। यह अकाउंट 5 शिकायतों (3.33 करोड़) से जुड़ा हुआ पाया गया।

# विधानसभा में कश्मीर युवा विनिमय कार्यक्रम के छात्रों का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 'कश्मीर युवा विनिमय कार्यक्रम के तहत जम्मू-कश्मीर के 110 युवा प्रतिभागियों की इस सदन में उपस्थिति, हमारे देश के युवाओं को लोकतांत्रिक संस्थाओं के कामकाज से जोड़ने की दिशा में एक सार्थक कदम है। यह हम सदस्यों को अपने आचरण में गरिमा, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना बनाए रखने की याद दिलाता है,ष दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदन को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किए। दिल्ली विधानसभा ने भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय की पहल और श्माय भारतश के सहयोग से आयोजित केवाईपी 2025-26 के तहत अनंतनाग, बडगाम, बारामूला, कुपवाड़ा, बांदीपोरा, श्रीनगर और पुलवामा सहित सात जिलों के छात्रों का स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष ने आगे कहा कि इन युवाओं की उपस्थिति सदन के सभी सदस्यों को इसकी गरिमा, मर्यादा और संसदीय आचरण के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की उनकी निरंतर जिम्मेदारी की याद दिलाती है। इस अवसर पर सदन में वीर विट्ठल भाई पटेल पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई, जिसमें पद्म भूषण अनुपम खेर ने अपनी आवाज दी है। इस फिल्म के माध्यम से आगंतुक छात्रों को भारत की संसदीय विरासत में श्री पटेल के स्थायी योगदान की सूक्ष्म समझ प्राप्त हुई। इसके बाद, विधानसभा अध्यक्ष ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें दिल्ली विधानसभा के कामकाज, इतिहास और संस्थागत महत्व से अवगत कराया। उन्होंने छात्रों के साथ विचार-विमर्श किया, जिससे उनमें लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और विधायी जिम्मेदारियों के प्रति गहरी समझ विकसित हो सके।

गुप्ता ने कहा कि इस तरह की पहल युवाओं को शासन के व्यावहारिक अनुभव से रूबरू कराकर संस्थाओं और युवा नागरिकों के बीच संबंधों को गहरा करती है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि विधायी प्रक्रियाओं का प्रारंभिक अनुभव न केवल युवाओं में जागरूक भागीदारी को बढ़ावा देता है, बल्कि उनमें संवैधानिक जिम्मेदारी की स्थायी भावना भी पैदा करता है।



दिल्ली विधानसभा में कश्मीर युवा विनिमय कार्यक्रम के तहत आए जम्मू-कश्मीर के छात्रों का स्वागत करते बिजेंद्र गुप्ता।

## एक नजर

### श्रद्धासुमन अर्पित किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** शिक्षाविद् डॉ. दयानंद वत्स भारतीय ने गणेश शंकर विद्यार्थी की 95वीं पुण्यतिथि पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव से गणेश शंकर विद्यार्थी की स्मृति में उनके नाम पर राजधानी दिल्ली में एक केंद्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग की, आज 95वीं पुण्यतिथि पर गणेश शंकर विद्यार्थी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। दयानंद वत्स भारतीय ने संघ के मुख्यालय बरवाला में पत्रकार, समाजसेवी और स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय श्री गणेश शंकर विद्यार्थी की 95वीं पुण्यतिथि पर उनकी पुण्य स्मृतियों को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर वत्स ने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर उनसे देश की राजधानी दिल्ली में स्वर्गीय गणेश शंकर विद्यार्थी के नाम पर एक पत्रका. रिता विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग की। वत्स ने कहा कि स्वर्गीय गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता के भीष्म पितामह और निर्भीक कलम के सिपाही थे।

### एंड ऑफ फाइनेंशियल ईयर सेल 2026 अब लाइव

**नई दिली।** अमेजन बिजनेस का 'एंड ऑफ फाइनेंशियल ईयर' सेल 2026 अब लाइव है, जिससे व्यवसायों को कई अलग-अलग कैटेगरी में साल के अंत में अपनी खरीदारी की योजना बनाने और उसे पूरा करने का अवसर मिल रहा है। लैपटॉप और टैबलेट से लेकर ऑफिस फर्नीचर, औद्योगिक सप्लाइज और किचन उपकरण तक, ग्राहक एसर, एचपी, लेनोवो, बॉश, हैवेल्स, नॉइज, बोट जैसे ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स पर आकर्षक ऑफर हैं।

### सौरव गांगुली के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** जैक्सन ग्रुप ने आज भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और प्रतिष्ठित नेता सौरव गांगुली के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के तहत सौरव गांगुली जैक्सन ग्रुप के प्रमुख ब्रांड अभियानों और रणनीतिक पहलों का प्रतिनिधित्व करेंगे। साथ ही स्वच्छ और टिकाऊ एनर्जी ईको सिस्टम को सक्षम बनाने के उसके विजन को व्यापक स्तर पर प्रचारित करेंगे। अवसर पर जैक्सन ग्रुप के चेयरमैन समीर गुप्ता ने कहा, हम 'दादा' का जैक्सन परिवार में स्वागत करते हुए बेहद प्रसन्न हैं। सौरव गांगुली नेतृत्व, दृढ़ता और प्रदर्शन के प्रतीक माने जाते हैं। ये सभी मूल्य हमारे साथ गहराई से जुड़े हुए हैं। साझेदारी पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सौरव गांगुली ने कहा, डिस्ट्रीब्यूटेड पावर, सोलर ऊर्जा, ग्रीन मॉलेक्यूल्स और इंफ्रास्ट्रक्चर, जैसे पावर, मेट्रो, सिविल और जल क्षेत्र, पूरी वैल्यू चेन में जैक्सन ग्रुप का विजन बेहद प्रासंगिक और प्रभावशाली है।

### गैंगरेप केस मे फरार आरोपी गिरफ्त से दूर

**नई दिल्ली।** पड़पड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया थाने मे दर्ज एक गैंगरेप मामले मे महिला न्याय की बाट जोह रही है, उसके साथ दो लोगों ने घिनौना काम किया था जिसमे से एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरा आरोपी फरार चल रहा है स कई महीने बीतने के बाद भी पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर पाई है स पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया था जो एक स्कूल मे शिक्षक है, जबकि उसका दूसरा आरोपी अभी भी फरार है। थाने मे 27 फरवरी को दोनों आरोपियों देवदत्त त्यागी ओर ज्ञान वर्मा के खिलाफ महिला ने मामला दर्ज कराया था कि इन दोनों ने नौकरी लगवाने के बहाने उसके साथ कार मे गैंगरेप किया, महिला के ऊपर दबाब भी डाला गया था कि वह इस बात को यही खत्म कर दे उसकी कहीं न कहीं नौकरी लगवा देंगे स जिसके बाद 11 मार्च को पुलिस ने एक आरोपी देवदत्त त्यागी को पकड़ लिया ओर उसे जेल भेज दिया गया जबकि उसके दूसरे साथी जो गाजियाबाद निवासी है उसे अभी नहीं पकड़ा जा सका है स पुलिस ने इस मामले मे एफआईआर 76/2026 बीएनएस की धारा 70(1)/75(5) के तहत मामला दर्ज किया था। महिला के वकील कपिल कुमार ने बताया कि पहले इस मामले की जीरो एफआईआर की गयी थी जिसके बाद कोर्ट के दखल के बाद मामला दर्ज किया गया था स कोर्ट मे अर्जी दी गयी है कि दूसरे आरोपी कि गिरफ्तारी करने मे पुलिस विलंब कर रही है।

### घरेलू झगड़े में पत्नी पर चाकू से किए कई वार

**नई दिल्ली।** केशव पुरम इलाके में घरेलू झगड़े में पत्नी पर चाकू से कई वार करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज करके आरा. ेपी पति संजीव कुमार को गिरफ्तार कर वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि केशवपुरम पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि एक पति ने घरेलू विवाद के कारण अपनी ही पत्नी पर चाकू से कई वार किये हैं। पुलिस मोके पर पहुंची। घर में घायल महिला प्रतिभा वंदना (42) और उसकापति संजीव कुमार(42) मिला।

## बेटे को घर की हर बात बताती थीं हरीश राणा की मां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हरीश की मां ने बेटे की हालत को लेकर बताया कि वह लंबे समय से बेसुध था और अपनी पीड़ा भी व्यक्त नहीं कर पाता था। एक मां के लिए इससे बड़ा दुख और क्या हो सकता है कि उसका बच्चा अपनी तकलीफ तक न बता सके।

उन्होंने बताया कि वह रोज सुबह-शाम उसकी मालिश करती थी और उसे घर की सारी बातें सुनाती थीं। आज क्या हुआ, कौन आया, क्या-क्या हुआ। कई बार घंटों तक इंतजार करती रहती थी कि वह एक बार पलक झपका दे, ताकि मुझे लगे कि उसने मेरी बातें सुन लीं। उन्होंने कहा कि बेटे की छोटी-छोटी हरकतें ही उनके लिए सुकून का सहारा थीं।

# नकली किताबों के रैकेट का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस अपराध शाखा की इंटर स्टेट सेल ने नकली किताबों के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से 20,000 से ज़्यादा कॉपियाँ और प्रिंटिंग मशीनें जब्त की है। उस पर आरोप है कि वह पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की नकली किताबों की अवैध छपाई और बिक्री में शामिल था।

आरोपी इस रैकेट का एक मुख्य व्यक्ति था, जो कॉपीराइट कानूनों का उल्लंघन करते हुए नकली कॉपियों के उत्पादन और सर्कुलेशन में मदद करता था। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) आदित्य गौतम ने बताया को 14.मार्च को मिली एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए, एसीपी रमेश चंद्र लांबा की देखरेख में, इंस्पेक्टर सतेंद्र पूनिया और सोहन लाल के नेतृत्व में एक रेड टीम ने पब्लिशर के अधिकृत प्रतिनिधि के साथ मिलकर रोहिणी सेक्टर-16, में छापा मारकर कुल 8,593 नकली किताबें बरामद और जब्त की गईं।

आगे की जाँच के दौरान, पास की एक जगह पर एक और छापा मारा गया, जहाँ से 11,544 और नकली किताबें बरामद हुईं, जिससे कुल जब्त किताबों की संख्या 20,137 से ज़्यादा हो गई।पुलिस पूछताछ में आरोपी ने शुरू में छपाई के स्रोत के बारे में गलत जानकारी देकर जाँच को गुमराह करने की को. शिश की थी। इस दौरान टीम को अवैध छपाई के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक प्रिंटिंग सेटअप मिला। इसके बाद टीम ने आनंद पर्वत इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित एक प्रेस से दो प्रिंटिंग मशीनें

ख चार नकली किताबों के नेगेटिव,कॉपीराइट वाली सामग्री की छपाई के लिए इस्तेमाल की जाने वाली बारह प्रिंटिंग प्लेटें बरामद कर ली।इसके बाद टीम ने आरोपी ज्वाला प्रसाद सोनी (67) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पहले भी पाइरेसी (नकल) के इसी तरह के अपराध में शामिल रहा है।

# गैस सिलिंडर के संकट पर आप विधायकों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विधानसभा सत्र के दौरान विपक्ष और आम आदमी पार्टी के नेताओं का सरकार को घेरना जारी है। लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाते हुए दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के बाद अब रसोई गैस संकट के विरोध में प्रदर्शन किया गया। दिल्ली में रसोई गैस सिलिंडर के संकट को लेकर दिल्ली विधानसभा के बाहर आम आदमी पार्टी के विधायकों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष आतिशी के नेतृत्व में पार्टी के विधायक पोस्टर लेकर विधानसभा परिसर के बाहर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन के दौरान आप विधायकों ने आरोप लगाया कि दिल्ली में रसोई गैस सिलिंडर का भारी संकट है, जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को सिलिंडर नहीं मिल पा रहे हैं और लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। यह प्रदर्शन उस समय किया गया जब दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है।

आप विधायकों ने कहा कि सरकार को तुरंत इस समस्या पर ध्यान देना चाहिए और लोगों को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि गैस सिलिंडर की किल्लत से पूरी दिल्ली प्रभावित है। उन्होंने सरकार से मांग की कि गैस आपूर्ति को दुरुस्त किया जाएगा। इस दौरान आप विधायकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास (शीश महल) के निर्माण में बरती गई वित्तीय अनियमितताओं पर चर्चा करते हुए।

# 'शीश महल' के निर्माण ने बताई हकीकत: रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास (शीश महल) के निर्माण में बरती गई गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का कच्चा चिट्ठा पेश किया। मुख्यमंत्री ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि दिल्ली में 'शीश महल' बनाने वाले अब पंजाब में 'शीश महल-2' में जाकर बस गए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वयं को 'शहंशाह-ए-आलम' समझते थे और दिल्ली की जनता को दास। मुख्यमंत्री के आग्रह पर सदन ने सीएजी की इस रिपोर्ट को विस्तृत जांच के लिए लोक लेखा समिति (पीएसी) के पास भेज दिया है। सीएजी रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भावुक और हमलावर नजर आईं। उन्होंने कहा कि आज सदन ने उस दर्द को पुन: महसूस किया है, जो पिछली सरकार ने दिल्ली की जनता को दिया। उन्होंने शेर भी पढ़ा कि 'वह जहर देता तो सबकी निगाह में आ जाता, उसने यूं किया कि दवा देना बंद कर दिया।'

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह चर्चा केवल ईंट-पत्थरों, फर्नीचर या इंटीरियर की नहीं है, बल्कि उस 'सुनियोजित धोखे' को बेनकाब करने की है जिसे केजरीवाल ने वर्षों तक छिपाए रखा। यह रिपोर्ट उस नैतिक पतन का प्रमाण है, जहां 'आम आदमी' का नारा देने वाले ने खुद को राजा और जनता को अपना सेवक समझ लिया। उनका आचरण ऐसा था कि जनता वही देखेगी जो वह दिखाएंगे और वही सुनेगी जो वह कहेंगे। मुख्यमंत्री ने केजरीवाल की पुरानी सादगी पर सवाल उठाते हुए कहा कि स्वर्गीय शीला दीक्षित के घर के 10 एसी पर टिप्पणी करने वाले केजरीवाल ने खुद के लिए 50 एसी और 70 पंखे वाला महल खड़ा किया था। उन्होंने पूछा कि यह कौन-सी सादगी थी जिसमें गाड़ी, बंगला और कुर्सी न लेने की कसमें खाई गई थीं, लेकिन पर्दे के पीछे सब कुछ हासिल किया गया?मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि जब कोरोना महामारी के दौरान दिल्ली के हजारों लोग अपनी जान गंवा रहे थे, तब मुख्यमंत्री अपने लिए महल बनवा रहे थे। उस महल में खाना ऊपर ले जाने के लिए लाखों की लिफ्ट, महंगे फ्रिज और विदेशी कॉफी मशीन लगवाई जा रही थी। इस 'शीश महल' के लिए छह-छह निजी कंसल्टेंट रखे गए। कोई फर्नीचर, कोई लैंडस्केप तो कोई इंटीरियर के लिए। जो टेंडर शुरुआती दौर में मात्र 8 करोड़ रुपये का था, वह अंततः 62 करोड़ रुपये तक कैसे पहुंच गया, यह जांच का विषय है।

# दीया मिर्जा ने प्राकृतिक संसाधन सहेजने का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नेबर्स विद नेचर नामक एक पहल के तहत गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड (जीपीएल) ने गुरुग्राम के वजीराबाद स्थित बंध को विकसित करने की शुरुआत की है। इस पहल के तहत कंपनी अपने सभी पर्यावरणीय प्रयासों को एक पहचान के साथ आगे बढ़ाएगी, जिससे उसके प्रोजेक्ट्स के आसपास के क्षेत्रों में ठोस और दिखने वाला पर्यावरणीय प्रभाव उत्पन्न हो सके।

इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सद्भावना दूत दीया मिर्जा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण की सद्भावना दूत दीया मिर्जा ने इस पहल से




जुडकर शहरों में पारिस्थितिक संपत्तियों के संरक्षण की आवश्यकता को उजागर किया। उन्होंने कहा कि शहरीकरण ने हमें प्राकृतिक प्रणालियों से दूर कर दिया है, जिन पर हमारी निर्भरता है। हमें अपने बेहतर भविष्य के लिए अपने आसपास हरियाली करनी होगी। गोदरेज प्रॉपर्टीज की उत्तर क्षेत्र की मुख्य कार्यकारी अधिकारी गीतिका त्रेहन ने कहा कि हमारे शहरों में लोगों का जीवन स्तर केवल उनके घरों से नहीं, बल्कि उनके आसपास के पर्यावरण से भी निर्धारित होता है।

## लूटपाट के दौरान युवक को मारा चाकू

**नई दिल्ली।** वेलकम थाना शेटे में लूटपाट और चाकूबाजी का मामला सामने आया है। अज्ञात बदमाशों ने लकड़ी मार्केट पुलिया के पास एक 25 वर्षीय युवक पर लूटपाट के दौरान जानलेवा हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। उधर, सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल टीम को बुलाकर मौके की जांच कराई और जरूरी साक्ष्य जुटाए हैं। मामला दर्ज करके पुलिस आरोपियों की पहचान करने की को. शिश कर रही है। पुलिस ने बताया 22 मार्च शाम करीब 7:45 बजे वेलकम थाने में एक पीसीआर कॉल मिली। कॉल करने वाले ने बताया कि 4-5 लड़कों ने साथ जा रहे दो युवकों को पकड़कर उनके साथ लूटपाट करते हुए नकद लूट लिए हैं और उनमें से एक पर चाकू से हमला किया है।

# दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के जगतपुरी थाने के स्टाफ ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार, किया है। पुलिस ने उनके पास से दो चोरी की बाइक बरामद की है।पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर वाहन चोरी के दो मामलो को सुलझा लिया है। दिल्ली के शाहदरा जिला, पुलिस उपायुक्त,राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया कि सड़क पर होने वाले अपराधों जैसे वाहन चोरी, जेबकतरों, झपटमारी और लूटपाट पर लगाम लगाने के लगातार प्रयासों के तहत, जगतपुरी थाने के स्टाफ को नियमित रूप से श्रोको-टोकोश रणनीति अपनाने के लिए निर्देश दिए गए थे । वाहन चोरी के मामलों में हाल ही में हुई बढ़ोतरी के बीच, अपराधियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए एसएचओ जगतपुरी की देखरेख मे एसआई जीत पाल, एएसआई अमित और कांस्टेबल यतेंद्र की टीम ने वाहन चोरों की तलाश शुरू की।इसी तलाशी के दौरान टीम ने इलाके की सीसीटीवी फुटेज विश्लेषण के आधार पर आरोपी शम मोहम्मद,(18) और. अनस (22) को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस पूछताछ के दौरान, दोनों आरोपियों ने वाहन चोरी के कई अन्य मामलों में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर, चोरी की दो बाइक बरामद की गई।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं

फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# बच्ची को चोरी करने वाली महिला को किया गिरफ्तार

## सकुशल बच्ची को परिजनों को सौंपा






**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मुरादनगर।** मुरादनगर क्षेत्र से राहत भरी खबर सामने आई है, जहां अंबेडकर पार्क से 10 मार्च 2026 को अगवा की गई 2 वर्षीय मासूम पायल को पुलिस ने 25 मार्च को सकुशल बरामद कर लिया। इस मामले में बच्ची को बहला-फुसलाकर ले जाने वाली आरोपी महिला को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार, घटना के दिन पायल अपनी बड़ी बहन के साथ अंबेडकर पार्क में खेल रही थी। इसी दौरान एक महिला उसे कोल्ड्रिंक देकर बहलाकर अपने साथ ले गई। बच्ची के अचानक लापता होने से इलाके में हड़कंप मच गया और परिजनों ने तुरंत थाना मुरादनगर में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और बच्ची की तलाश में टीम गठित की।

लगातार प्रयास, सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने 25 मार्च को मुरादनगर रेलवे स्टेशन के पास से आरोपी महिला हसीना उर्फ बुचनिया (उम्र करीब 45 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से मासूम पायल को सकुशल बरामद कर लिया गया।

पूछताछ में आरोपी महिला ने बताया कि वह मोदीनगर की जगतपुरी बाल्मीकि बस्ती की रहने वाली है और कूड़ा बीनकर जीवन यापन करती है। उसने बच्ची को पार्क से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर पहले मेरठ पहुंची, जहां उसने बच्ची के साथ भीख मांगने का काम किया। इसके बाद वह पुलिस से बचने के लिए लखनऊ जाने की फिराक में थी, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। मासूम के सकुशल मिलने से परिवार में खुशी का माहौल है, वहीं पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

# एसआरएम में महिला स्वास्थ्य जागरूकता पर विशेषज्ञ व्याख्यान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मोदीनगर।** एसआरएम मोदीनगर कॉलेज ऑफ फार्मेसी, एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली- एनसीआर परिसर, गाजियाबाद द्वारा 25 मार्च 2026 को महादेव लाल श्रॉफ ऑडिटोरियम, फार्मेसी ब्लॉक में "महिला स्वास्थ्य" विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से छात्राओं के लिए आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य महिला स्वास्थ्य एवं निवारक देखभाल के प्रति जागरूकता फैलाना था।

इस कार्यक्रम में मेदांता अस्पताल के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिनमें डॉ. वी. सीनू, निदेशक (ब्रेस्ट एवं एंडोक्राइन सर्जरी) तथा डॉ. प्रिया बंसल, वरिष्ठ सलाहकार (स्त्री रोग एवं स्त्री कैंसर विशेषज्ञ) शामिल थीं। विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन दोपहर 2:00 बजे से 3:00 बजे तक किया गया, जबकि प्रातः 10:00 बजे से 1:00 बजे तक ऑडिटोरियम के निकट निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया गया, जिससे बड़ी संख्या में छात्राओं ने लाभ उठाया। अपने व्याख्यान के दौरान डॉ. वी. सीनू ने स्तन स्वास्थ्य, स्तन कैंसर की प्रारंभिक पहचान तथा आधुनिक न्यूनतम आक्रामक एवं रोबोटिक सर्जरी के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने नियमित जांच और जागरूकता के महत्व पर विशेष जोर दिया। डॉ. प्रिया बंसल ने महिला प्रजनन स्वास्थ्य, स्त्री रोग संबंधी कैंसर तथा निवारक ऑन्कोलॉजी से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला।



उन्होंने प्रारंभिक निदान, स्वस्थ जीवनशैली तथा आधुनिक उपचार पद्धतियों, जैसे लेप्रोस्कोपिक एवं रोबोटिक सर्जरी, के महत्व को रेखांकित किया। साथ ही उन्होंने प्रजनन क्षमता को सुरक्षित रखने वाले उपचारों के बारे में भी जानकारी दी।

# राष्ट्रीय जन सेवा मंच द्वारा बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का कराया जाएगा आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय जन सेवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुज शर्मा ने बताया कि उनका संगठन गौ सेवा और युवाओं को प्रोत्साहन देने के लिए काम करता है। उनका नारा है षगौ सेवा ही पूजा हैष। संगठन तृतीय खेल बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है, जो 3 मई को के डब्लू दिल्ली 6 माल राजनगर एक्सटेंशन में होगा। यह प्रतियोगिता पूरे उत्तर भारत की होगी और इसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को निखारना है। संगठन के पदाधिकारी ने मिलकर इस कार्यक्रम को भव्य बनाने का कार्य करेंगे।

# जनता दर्शन या दायित्वों का निर्वहन करते समय मानवीय संवेदना अवश्य रखें: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की गयी। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, जीडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को शासन के मंशा अनुरूप त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के आदेश दिये। इसी क्रम में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार "जनता दर्शन" / जनसुनवाई की सीधे सीएम ऑफिस उत्तर प्रदेश से लाइव कनेक्टिविटी के माध्यम से मॉनिटरिंग की जा रही है।

जिलाधिकारी ने जनमानस की सुविधा हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया हुआ है कि सभी कार्य दिवस में सुबह 10 से 12 बजे जन शिकायतें सुनेंगे और उनके साथ जूम पर लाइव रहेंगे। इस दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया एवं जूम के माध्यम से संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें शिकायतों से अवगत कराते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आदेश दिए। जनता से अपील, शिकायतों के निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारी से मिलें, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ना होने पर जिलाधिकारी से मिलें।



जिलाधिकारी ने कहा हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। इसके साथ ही जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने पीड़ितों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और दो व्यक्तियों को उनके परिवार से सम्बंधित परेशानियों के निदान/राहत हेतु रेड क्रास सोसाइटी के माध्यम से सहायता प्रदान की। जिनमें प्रदीप निवासी शास्त्री नगर के पुत्र की नौकरी नहीं लगने के चलते आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा था, इन्हे 30,000 रूपये की सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी। रामप्रसाद सिंह निवासी वैशाली की पत्नी को कैंसर, पथरी व दिल से सम्बंधित बीमारी है जिनका यशोदा हॉस्पिटल में ईलाज चल रहा था, पैसे की तंगी के चलते अब घर पर बीमारियों का दु:ख झेल रही है। जिलाधिकारी ने इन्हें 40,000 रूपये की सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी। साथ ही अस्पताल से इस्टीमेंट प्रेषित करने को कहा, जिससे मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता प्रदान की जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता दर्शन या दायित्वों का निर्वहन करते समय मानवीय संवेदना अवश्य रखें।

# आईटीएस यूजी कैंपस में मेरिटोरियस अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** आई.टी.एस. यूजी कैंपस मोहननगर द्वारा बीबीए एवं बीसीए प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के मेधावी छात्रों के सम्मान में एक भव्य मेरिटोरियस अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस गरिमामयी आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रोत्साहित करना तथा सत्र 2024-25 में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा, वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, यूजी कैंपस की प्राचार्या डॉ. नैन्सी शर्मा, डीन एकेडमिक्स डॉ. विदुषी सिंह एवं बीबीए विभागाध्यक्ष प्रो. आदिल खान सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपने प्रेरणादायक संदेश में पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्रों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्या डॉ. नैन्सी शर्मा ने अपने संबोधन में छात्रों को बदलते समय की चुनौतियों के प्रति सजग रहने और स्वयं को निरंतर विक. सित करने की प्रेरणा दी। सभी मेधावी छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए क्रमशः 7500, 5000 एवं 2500 के नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। यह सम्मान न केवल छात्रों के परिश्रम और समर्पण का प्रतीक था, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बना। कार्यक्रम का समापन डीन एकेडमिक्स डॉ. विदुषी सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों, संकाय सदस्यों एवं छात्रों का आभार व्यक्त किया।

**विजया स्वप्न फाउंडेशन एवं नगर निगम का संयुक्त प्रयास**

# आरआरआर पहल के तहत जागरूकता एवं संग्रहण शिविर आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** विजया स्वप्न फाउंडेशन ने नगर निगम गाजियाबाद के सहयोग से RRR (Reduce, Reuse, Recycle) पहल के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता एवं संग्रहण शिविर का आयोजन किया। यह शिविर CSHP स्कूल में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य लोगों को सतत विकास के प्रति जागरूक करना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था। इस पहल के तहत शिविर में बायोडिग्रेडेबल एवं पुनः उपयोग योग्य सामग्री के संग्रहण पर विशेष ध्यान दिया गया। एकत्रित सामग्री को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने की व्यवस्था भी की गई, जिससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिला, बल्कि सामाजिक सहयोग की भावना भी मजबूत हुई। कार्यक्रम के दौरान विजया स्वप्न फाउंडेशन की टीम ने छात्रों एवं स्थानीय नागरिकों को Reduce, Reuse और Recycle के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें दैनिक जीवन में इन आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# मैक्स हॉस्पिटल वैशाली में हुई एपिलेप्सी क्लिनिक की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** न्यूरोलॉजिकल केयर को और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली के इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज ने एक डेडिकेटेड एपिलेप्सी क्लिनिक की शुरुआत की। यह विशेष सेवा एपिलेप्सी से पीड़ित मरीजों को समग्र और मल्टीडिसिप्लिनरी इलाज प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

इस ओपीडी सेवा का उद्घाटन मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली के न्यूरोसा. इंसेज विभाग के वाइस चेयरमैन डॉ. संजय सक्सेना और न्यूरोलॉजी विभाग के प्रिंसिपल कंसल्टेंट - डॉ. मधुकर त्रिवेदी, की उपस्थिति में किया गया। लॉन्च के अवसर पर न्यूरोसा. इंसेज विभाग के वाइस चेयरमैन डॉ. संजय सक्सेना, ने कहा, "एपिलेप्सी सबसे सामान्य न्यूरोलॉजिकल बीमारियों में से एक है, लेकिन इसे अब भी काफी गलत समझा जाता है और कई मामलों में इसका सही इलाज नहीं हो पाता। यह एक ऐसी स्थिति है जिसे सही समय पर पहचान और उचित इलाज के जरिए काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। न्यूरोलॉजी विभाग के प्रिंसिपल कंसल्टेंट - डॉ. मधुकर त्रिवेदी, ने कहा, "खासतौर पर युवा मरीजों में समय पर हस्तक्षेप बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे सीजर की गंभीरता कम की जा सकती है और लंबे समय में बेहतर न्यूरोलॉजिकल परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। पर्पल डे (एपिलेप्सी अवेयरनेस डे) से पहले इन विशेष ओपीडी सेवाओं की शुरुआत मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली की क्लिनिकल एक्सीलेंस और पेशेंट-सेंट्रिक इनोवेशन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



आधुनिक चिकित्सा विशेषज्ञता और जागरूकता अभियानों के संयोजन के माध्यम से अस्पताल का उद्देश्य इलाज की कमी को दूर करना और एपिलेप्सी मरीजों को सम्मानजनक और बेहतर देखभाल उपलब्ध कराना है। इस पहल के साथ, मैक्स हॉस्पिटल वैशाली का इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज क्षेत्र में एडवांस्ड न्यूरोलॉजिकल केयर के एक अग्रणी केंद्र के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करता है, जिससे एपिलेप्सी से जूझ रहे मरीजों को नई उम्मीद और बेहतर जीवन गुणवत्ता मिल सके।

# सांसद ने की दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर सर्विस रोड के निर्माण की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मोदीनगर।** बागपत लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजकुमार सांग. वान ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष यादव से मुलाकात की। सांसद ने मोहिद्दीनपुर रोड के पास दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर सर्विस रोड बनाने की मांग की। सांसद ने कहा कि इसके नहीं बनने से किसानों को बड़ी समस्या हो रही है। इससे पहले सांसद केंद्रीय परिवहन मंत्री से मिलकर सर्विस रोड बनाने की मांग उठा चुके हैं।

सांसद ने कहा कि जो दिल्ली- मेरठ एक्सप्रेसवे (विचरण-5) के निर्माण कार्य के दौरान ये समय उत्पन्न हुई है। सर्विस रोड के अभाव में किसानों की कृषि भूमि तक सीधी पहुँच बाधित हो गई है, जिससे खेती-किसानी एवं दैनिक गति. विधियां गंभीर रूप से प्रभावित हो रही हैं। ट्रैक्टर, कृषि यंत्रों एवं फसलों के परिवहन में कठिनाई के कारण किसानों को समय, श्रम एवं आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है।

सर्विस रोड का अभाव स्थानीय निवासियों, विद्यार्थियों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षित आवाजाही के लिए भी जोखिम उत्पन्न कर रहा है। इसको लेकर लोग लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में जनहित, किसान हित एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को दृष्टिगत रखते हुए दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे (विचरण- 5) के अंतर्गत आवश्यक स्थानों पर सर्विस रोड के निर्माण हेतु संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निर्देश प्रदान करें जिससे क्षेत्र के किसानों एवं नागरिकों को स्थायी सहत प्राप्त हो सके।

# भोजपुर पीएचसी में हुआ टीकाकरण अभियान का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मोदीनगर।** विधानसभा क्षेत्र स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भोजपुर में (Gardasil वैक्सीन) के टीकाकरण अभियान का माननीय विधायक डॉ मंजू शिवाच जी द्वारा विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अभियान की शुरुआत एक बालिका को वैक्सीन लगवाकर की गई तथा उसे बुके भेंट कर सम्मानित भी किया गया। यह Gardasil वैक्सीन विशेष रूप से 14 वर्ष से अधिक एवं 15 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं के लिए लागू की गई है तथा अब यह टीकाकरण राज्य के स्वास्थ्य कार्यक्रम में भी शामिल हो चुका है, जिससे अधिक से अधिक बेटियों को इसका लाभ मिल सके। यह वैक्सीन महिलाओं में होने वाले



गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव में अत्यंत प्रभावी है, जो भारत में महिलाओं में होने वाले सबसे आम कैंसरों में से एक है। वर्तमान आंकड़ों के अनुसार, भारत में प्रति 1 लाख महिलाओं में लगभग 15-20 मामले देखने को मिलते हैं। यह वैक्सीन सभी बालिकाओं के लिए लाभकारी है, विशेषकर उन परिवारों के लिए जहां कैंसर की हिस्ट्री रही है-ऐसे सभी परिवारों से आग्रह है कि अपनी बेटियों को यह Gardasil वैक्सीन अवश्य लगवाएं। टीकाकरण के बाद लाभार्थी का डिजिटल सर्टिफिकेट भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे भविष्य में इसकी जानकारी सुरक्षित रहेगी। हमारा उद्देश्य है कि क्षेत्र की प्रत्येक बेटी सुरक्षित, स्वस्थ और जागरूक बने। आप सभी से निवेदन है कि इस जन-जागरूकता अभियान से जुड़ें और अपनी बेटियों के उज्ज्वल स्वास्थ्य के लिए आगे आएं।

## पुलिस ने दबोचा तस्करी का आरोपी पौने दो किलो गांजा बरामद

**गाजियाबाद।** थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर गांजा तस्करी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक किलो 742 गांजा भी बरामद किया है। आरोपी का नाम मौ. आदिल उर्फ पप्पी पुत्र नवाबुद्दीन निवासी आर्यनगर लोनी बताया जा रहा है। पुलिस ने आदिल के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। पूछताछ में आरा. `पी ने बताया है कि वह दिल्ली से चोरी छिपे गांजा खरीदकर लाता था और उसे छोटी-छोटी पुड़िया में बांधकर बेच रहा था।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के छात्रों का औद्योगिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (डिप्लोमा) द्वारा मैकेनिकल इंजीनियरिंग शाखा के छात्रों के लिए ळंनतंदह च्तवकनबजे च्अज. स्जक. में शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उद्योग जगत के वास्तविक कार्य वातावरण को करीब से समझने का अवसर प्राप्त किया। कंपनी परिसर में पहुंचने पर अधिकारियों ने छात्रों का स्वागत किया तथा उन्हें विभिन्न विभागों का विस्तृत भ्रमण कराया। इस दौरान छात्रों को Cold Rolled Coils and Sheets, Galvanized Plain Sheets जैसे उत्पादों के निर्माण, प्रोसेसिंग एवं गुणवत्ता नियंत्रण की प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही आधुनिक मशीनरी, उन्नत उत्पादन तकनीकों और मैन्युफैक्चरिंग प्रक्रियाओं से भी परिचित कराया गया।



इस औद्योगिक भ्रमण के दौरान छात्रों ने स्टील प्रोसेसिंग इंडस्ट्री के कार्यप्रणाली, उत्पादन प्रणाली, मशीन संचालन एवं इंडस्ट्रियल सेफ्टी के मानकों के बारे में महत्वपूर्ण ज्ञान अर्जित किया। यह अनुभव उनके शैक्षणिक ज्ञान को व्यवहारिक रूप से सुदृढ़ करने में अत्यंत सहायक सिद्ध हुआ। चांसलर महेन्द्र अग्रवाल ने इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमणों की सराहना करते हुए कहा कि विश्व. विद्यालय छात्रों को उद्योग से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रो-चांसलर पीयूष श्रीवास्तव ने इसे स्किल डेवलपमेंट एवं इंडस्ट्री-रेडी शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने कहा कि इस तरह के इंडस्ट्रियल विजिट छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं और उनके तकनीकी कौशल को विकसित करते हैं। डायरेक्टर, स्कूल ऑफ इंजी. नियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, प्रो. डॉ. जयदीप कुमार ने बताया कि यह भ्रमण छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी रहा, जिससे उन्हें आधुनिक उद्योग की कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिला। यह औद्योगिक भ्रमण एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी की अनुभवात्मक शिक्षा, उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण और छात्रों के समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## सभी थानों पर आयोजित वादी संवाद दिवस में 255 वादियों को दी गई मामलों से जुड़ी जानकारी

**गाजियाबाद।** बुधवार को कमिश्नरेट के सभी थानों पर वादी संवाद दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान थानों पर आमंत्रित किए गए वादियों को विवेचकों ने उनके मामलों से जुड़ी अपडेट से अवगत कराया। वादी संवाद दिवस में सभी थानों पर कुल 255 वादियों को आमंत्रित किया गया था। विवेचकों ने विवेचनाधीन (एफआईआर) और गुमशुदगी से जुड़े वादों को लेकर वादियों के साथ संवाद किया। इस मौके पर विवेचकों ने वादियों के सभी सवालों के प्रश्नों के संतोषजनक जवाब भी दिए। वादी संवाद दिवस में नगर जोन के थानों पर 91, ट्रांस हिंडन जोन के थानों पर 81 और ग्रामीण जोन के थानों पर 83 वादियों को आमंत्रित किया गया था।

**न्यायालय मोटर एक्सीडेन्ट क्लेम ट्रिब्यूनल, बिजनौर**
प्रकीर्ण वाद सं.- 49/24
**श्रीमती स्वाति आदि बनाम शहजाद आदि**

1. श्रीमति स्वाति उम्र करीब 33 वर्ष पत्नी स्व. आशु कुमार
2. कु. आकांक्षा उम्र करीब 25 वर्ष बहन स्व. आशु कुमार
3. हृदयांश उम्र करीब 6 वर्ष पुत्र स्व. आशु कुमार (नाबालिग संरक्षिका माता श्रीमति स्वाति उपरोक्त)
4. दीपक कुमार उम्र करीब 49 वर्ष पुत्र हरिराज सिंह
5. श्रीमति अनीता देवी उम्र करीब 45 वर्ष पत्नी दीपक कुमार निवासीगण ग्राम विशनपुरा उर्फ बिडरा, थाना नूरपुर, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर

**(वादीगण)**

**बनाम**

सतीश बैंसला पुत्र सुरेन्द्र बैंसला निवासी मकान नं. 26 नई आबादी दादरी, जिला गौतम बुद्धनगर हाल निवासी मकान नं. 139 माधोपुर एच.एस. इंटर कॉलेज के पास, थाना विजयनगर, जिला गाजियाबाद। **(प्रतिवादी)**

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 16.04.2026 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक:- 16.04.2026

**जिला जज**
**न्यायालय मोटर एक्सीडेन्ट क्लेम ट्रिब्यूनल, जिला बिजनौर**

## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज (जूनियर डिवीजन) जनपद-गाजियाबाद**
**उपस्थिति श्रीमती शिवानी पी. सी.एस.-जे**
**(सिविल प्रक्रिया संहिता का आदेश 5 नियम 10)**
**मूल वाद सं0- 49 सन् -2026**
**(कम्प्यूटर रजि0 सं0-52 सन् 2026)**
**हरिपाल चौहान आदि**
**बनाम**
**श्रीमति लता आदि**

1. हरिपाल चौहान पुत्र तेजपाल सिंह उम्र 52 वर्ष। 2. वेदपाल सिंह चौहान पुत्र तेजपाल सिंह उम्म्र 38 वर्ष। 3. रविन्द्र चौहान पुत्र तेजपाल सिंह का 50 वर्ष। 4. राजकुमार चौहान पुत्र तेजपाल सिंह उम्र 47 वर्ष, निवासीगण-ग्राम मौहम्मदपुर सुजानपुर, तहसील मोदीनगर, जिला गाजियाबाद।

...प्रार्थी/वादी

**बनाम**

1. श्रीमति लता पत्नी स्व० जीत सिंह (बालिंग)। 2. हतेन्द्र उर्फ जोनी पुत्र स्व० जीत सिंह (बालिंग), निवासीगण यासीगण ग्राम सदरपुर, तहसील गढ़मुक्तेश्वर, जिला हापुड़

....विपक्षी/प्रतिवादी

हरिपाल चौहान आदि ने श्रीमति लता आदि आपके विरुद्ध उक्त वाद संस्थित किया है, व्यादेश के लिए आवेदन दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 27.03.2026 को दिन में 10.00 बजे उत्तर देने के लिए व्यक्तिगत रूप से या अधिवक्ता द्वारा उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है जिसमे असफल रहने पर वाद/आवेदन का एकपक्षीय निस्तारण किया जाएगा। आज यह तारीख 18. 03.2026 के आदेशानुसार मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

**आदेशानुसार**
**मुंसरिम**
**सिविल जज (जू0 डि0), गाजियाबाद।**

# इंटरनेशनल आर्म्स स्मगलिंग नेटवर्क का पर्दाफाश

- 10 गिरफ्तार, 21 विदेशी हथियार बरामद
- पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश से जुड़ा था यह अवैध नेटवर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।यह गिरोह पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश से जुड़े नेटवर्क के जरिए भारत में अवैध हथियारों की तस्करी कर रहा था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 21 अत्याधुनिक विदेशी हथियार, एक सब-मशीन गन और 200 कारतूस बरामद किए हैं। गिरोह का संचालन पुरानी दिल्ली क्षेत्र से किया जा रहा था। आरोपी अवैध हथियारों को दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों में सक्रिय अपराधी गिरोहों तक पहुंचाते थे। क्राइम ब्रांच के अनुसार यह मॉड्यूल पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश से जुड़ा हुआ था। पाकिस्तान से हथियार पहले मध्य-पूर्व के देशों में भेजे जाते थे। इसके बाद उन्हें कबाड़ के सामान के साथ अलग-अलग हिस्सों में नेपाल पहुंचाया जाता था, जहां दोबारा जोड़ा जाता था।

नेपाल से इन हथियारों को भारत-नेपाल सीमा के रास्ते भारत में तस्करी कर दिल्ली-एनसीआर तक पहुंचाया जाता था। इसके बाद गिरोह के सदस्य इन्हें विभिन्न गैंग और अपराधियों को बेचते थे। डीसीपी क्राइम संजीव यादव के निर्देश पर क्राइम ब्रांच की एआरएससी टीम ने इंस्पेक्टर मान सिंह, इंस्पेक्टर सुंदर गौतम के नेतृत्व में एसआई मनीष,एएसआई संजीव यादव , हेड कांस्टेबल गौरव एवं हेड कांस्टेबल सुमित कुमार यादव द्वारा इस पूरे नेटवर्क पर निगरानी शुरू की। तकनीकी सर्विलांस, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और मानव स्रोतों की मदद से आरोपियों की गतिविधियों पर नजर रखी गई।13 मार्च 2026 को पुलिस टीम ने दरियागंज के बृजमोहन चौक के पास जाल बिछाकर तीन आरोपियों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान इनके पास से तीन पिस्टल और 14 कारतूस बरामद हुए। इस मामले में पुलिस ने कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें राहिल, हाशिम, सैम, सोनू गुप्ता, घनश्याम शर्मा उर्फ घनी, वसीम मलिक, निशांत अरोड़ा उर्फ नोनी, नवाब, मोहम्मद नौमान और मोहम्मद नौशाद शामिल हैं। ये सभी दिल्ली, गाजियाबाद और बुलंदशहर के रहने वाले हैं और गिरोह के अलग-अलग



हिस्सों में काम करते थे। पुलिस के अनुसार आरा.पी सोनू गुप्ता को पकड़ने के दौरान उसने पिस्टल निकालकर पुलिस पर फायर करने की कोशिश की। हालांकि पुलिस टीम ने साहस दिखाते हुए उसे काबू कर लिया। उसके बैग से पांच विदेशी पिस्टल और 95 कारतूस बरामद किए गए। जांच में सामने आया कि इस नेटवर्क का मुख्य सरगना शाहबाज अंसारी है, जो बुलंदशहर का रहने वाला है। वह पहले भी अवैध हथियार तस्करी के मामलों में शामिल रहा है और फिलहाल भारत से फरार होकर बांग्लादेश में छिपा हुआ बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार शाहबाज अंसारी पहले भी कई बड़े आपराधिक मामलों में शामिल रहा है और उस पर संगठित अपराधियों को हथियार सप्लाई करने के आरोप हैं।

## कांग्रेस को खाली करना होगा 24 अकबर रोड का ऑफिस, मिला नोटिस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस को उसके पुराने मुख्यालय 24 अकबर रोड स्थित दफ्तर को खाली करने का नोटिस मिला है। सूत्रों के अनुसार, एस्टेट विभाग ने पार्टी को 28 मार्च तक परिसर खाली करने के लिए कहा है। करीब 48 वर्षों तक 24 अकबर रोड कांग्रेस का केंद्रीय मुख्यालय रहा है। हालांकि पिछले वर्ष पार्टी ने अपना नया मुख्यालय इंदिरा भवन में स्थानांतरित कर दिया था। इसके बावजूद पुराने दफ्तर में पार्टी की गतिविधियां जारी थीं। नोटिस को लेकर कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह लोकतांत्रिक सरकार नहीं है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। चर्चा कर हम आगे की कार्रवाई करेंगे। वहीं, कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि सरकार को लगता है कि दबाव बनाकर कांग्रेस की आवाज दबा सकती है।

# ग्रामीणों के लिए निर्धारित बजट पर आभार जताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पंचायत संघ ने 2026-27 में गांव-ग्रामीणों के लिए निर्धारित 787 करोड़ रूपये बजट रखने पर आभार प्रकट करते हुए गांव, ग्रामीणों एवं किसानों के लिए अतिरिक्त बजट की मांग की।संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि सरकार से उम्मीद थी कि गांवों को मालिकाना हक, रोजगार, "स्मार्ट गांव" योजना, पार्किंग, ले-आउट प्लान, गांव के गरीबों को आवास, किसानों के हितों से जुड़े मुद्दों को पुरा कराने के लिए बजट का प्रावधान कुछ ज्यादा होता। साथ ही नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली बेटियो को साईकल व लैपटॉप देने का बजट मे प्रावधान करने पर दिल्ली देहात गांव ग्रामीणों की बेटियां को ज्यादा फायदा होगा उसके लिए मुख्यमंत्री का पंचायत संघ आभार प्रकट करेगा।उन्होंने मांग की कि किसानों की कृषि भूमि का सर्किल रेट 10करोड प्रति एकड बढ़ाया जाए, गांवों में खेल मैदान व स्वास्थ्य केंद्र बनाने, गौशालाओं की संख्या बढ़ाने और वन्यजीवों के लिए जल स्रोत विकसित करने के लिए बजट में ओर प्रावधान करे सरकार।पंचायत संघ ने सरकार से गांवों और किसानों के विकास के लिए बजट में ओर वृद्धि करने के साथ बजट देने का भी आभार व्यक्त किया है।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की हम इस बजट ओर गांव ग्रामीण किसानों के मुद्दो को लेकर गांव भलस्वा में पंचायत करेंगे इसमे इन सभी मुद्दो के साथ भलस्वा गांव के किसानों की 400बिघा कृषिभूमि पर सरकार के एक विभाग द्वारा कब्जे में रखने को लेकर भी निर्णय लिया जाएगा।

## अक्षरधाम में की जाएगी विशाल प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा

**नई दिल्ली।** एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने जा रहा है स्वामिनारायण अक्षरधाम मंदिर। आज 26 मार्च को वैश्विक बीएपीएएस संस्था के प्रमुख महंतस्वामी महाराज द्वारा तपोमूर्ति श्रीनीलकंठवर्णी की 108 फीट ऊंची विशाल प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। पंचधातु से निर्मित यह प्रतिमा दुनिया की ऐसी पहली विशाल प्रतिमा है, जो भगवान के कठिन तप को दर्शाते हुए श्एक चरणश पर अडिग खड़ी है। इस आयोजन की भव्य तैयारियां जोरों पर है। ब्रह्मस्वरूप महंतस्वामी महाराज 19 मार्च को दिल्ली पधारे। उनके स्वागत में 21 मार्च को एक विशिष्ट स्वागत सभा का आयोजन किया गया। 22 मार्च रविवार की सुबह पंचकुला और कुरुक्षेत्र में नवनिर्मित BAPS स्वामिनारायण मंदिरों की मूर्ति प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# दिल्ली में एलपीजी आपूर्ति सुचारूः सिरसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के दौरान खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सदन को आश्वस्त किया कि राजधानी दिल्ली में एलपीजी सिलेंडर की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा, मैं सारे सदन को बताना चाहता हूँ कि दिल्ली में एलपीजी के वितरण के संबंध में किसी भी तरीके की अफवाह को बढ़ावा न दिया जाए। डिपार्टमेंट पूरी मुस्तैदी से कालाबाजारी को रोकने और सप्लाई को सुचारू रखने के लिए काम कर रहा है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि पिछले 22-25 दिनों से स्थिति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है, कोई ओव.रबुकिंग या कमी नहीं दिखी। रिहायशी और व्यावसायिक सिलेंडर केंद्र सरकार की नीति के तहत प्राथमिकता आधार पर उपलब्ध हो रहे हैं, जिसमें अस्पतालों सहित सभी आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता दी जा रही है।

सिरसा ने कहा, त्यौहार के लिए सिलेंडर की जरूरत है, और मैं सारे सदन को आश्वासन दिलाना चाहता हूँ, कहीं भी इस त्यौहार के दौरान भी, एक भी दिन, एक भी घंटे के लिए, किसी तरह की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। मंत्री ने आश्वस्त किया यदि कहीं कोई शिकायत आती है, तो उनका कार्यालय तत्काल कार्रवाई करेगा। दिल्ली सरकार लगातार निगरानी रख रही है तथा अफवाहों पर सख्ती बरत रही है।



श्रीलंका के संसदीय प्रतिनिधिमंडल एनडीएमसी का दौरा किया जिसका नेतृत्व असिथा निरा.शाना एगोडा विथाना ने किया, सत्र के दौरान एनडीएमसी के अध्यक्ष -केशव चंद्रा ने एक विस्तृत प्रस्तुति दी।

# कुत्ते को लेकर हुआ स्थानीय विवाद गंभीर कानूनी प्रकरण में बदला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पांडव नगर क्षेत्र में वर्ष 2019 में शुरू हुआ कुत्ते को लेकर एक स्थानीय विवाद अब गंभीर कानूनी प्रकरण में बदल चुका है, जिसमें दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। दस्तावेजों के अनुसार मूल विवाद शिकायतकर्ता सावित्री और नवधा अग्रवाल के बीच कुत्ते को लेकर हुआ था, जो देखते ही देखते गाली-गलौज और मारपीट तक पहुंच गया। सावित्री (पत्नी अरीत सिंह), जो एक न्यायिक अधिकारी बताई गई हैं, ने आरोप लगाया कि विवाद के दौरान नवधा अग्रवाल ने आक्रामक व्यवहार करते हुए मारपीट की कोशिश की और बाद में 6-7 लोगों के साथ घर में घुसकर परिवार को धमकाया। शिकायत में सोने की चेन छीनने और बच्चों को नुकसान पहुंचाने की धमकी देने का भी आरोप शामिल है।

इसके बाद नवधा अग्रवाल, राजेश सहगल और अन्य लोगों पर सोशल मीडिया के माध्यम से आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित कर बदनाम करने और साजिश रचने का आरोप लगाते हुए पांडव नगर थाने में अलग-अलग धाराओं में दो एफआईआर दर्ज कराई गईं। वहीं, उस समय आरडब्लूए के अध्यक्ष रहे राजेश सहगल ने अपने पक्ष में इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने अपने पत्र में कहा कि कुत्ते से जुड़ा मूल विवाद सावित्री और नवधा अग्रवाल के बीच था, लेकिन उन्हें बिना किसी आधार के मामले में शामिल किया गया। सहगल के अनुसार उनके पास उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज और कॉल रिकॉर्ड यह दर्शाते हैं कि घटना से उनका कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं था। सहगल ने आगे आरोप लगाया कि उनके खिलाफ वर्षों तक मामला लंबित रखा गया और बाद में अचानक गैर-जमानती वारंट जारी कर उन्हें प्रोक्लेम्ड पर्सन घोषित किया गया।

# श्रीलंका संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने किया एनडीएमसी का दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के 19 सदस्यीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने "नागरिक सेवाओं से संबंधित मुद्दों" विषय पर ज्ञान-साझाकरण के उद्देश्य से नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) का दौरा किया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्रीलंका संसद के सदस्य एवं इंफ्रास्ट्रक्चर और रणनीतिक मुद्दों की निगरानी समिति के सदस्य - असिथा निरा.शाना एगोडा विथाना ने किया।

इस सत्र के दौरान एनडीएमसी के अध्यक्ष -केशव चंद्रा ने एक विस्तृत प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने सतत शहरी विकास और आधुनिक नागरिक प्रशासन के लिए एनडीएमसी के एकीकृत दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया। उन्होंने पालिका परिषद के राजस्व मॉडल की भी व्याख्या की। अपने संबोधन में उन्होंने बिजली, पानी, सीवरेज, सड़कें, हरित क्षेत्र आदि नागरिक सेवाओं के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की।

इस अवसर पर एनडीएमसी के सचिव - राहुल सिंह ने एक लघु फिल्म प्रस्तुति के माध्यम से वर्ष 2016 में शुरू किए गए स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत किए गए दूरदर्शी प्रयासों से एनडीएमसी क्षेत्र के मॉडल स्मार्ट सिटी में हुए उल्लेखनीय परिवर्तन को प्रदर्शित किया।

उन्होंने बताया कि इस मिशन का उद्देश्य एनडीएमसी क्षेत्र को एक सतत, नागरिक-अनुकूल, उच्च गुणवत्ता वाला और डिजिटल रूप से सशक्त शहरी क्षेत्र बनाना है। प्रस्तुति में सौर ऊर्जा प्रणालियों को बढ़ावा, स्मार्ट पार्किंग एवं बुद्धिमानपूर्ण परिवहन समाधान, एनडीएमसी 311 ऐप के माध्यम से ई-गवर्नेंस सेवाओं को मजबूत करना, स्मार्ट यूटिलिटी मीटर की स्थापना तथा कुशल और रियल-टाइम शहरी प्रबंधन हेतु एकीकृत कमांड एवं कंट्रोल सेंटर की स्थापना जैसे प्रमुख परियोजनाओं को दर्शाया गया, जिससे पारदर्शिता, सेवा वितरण और जीवन स्तर में सुधार हुआ है।पालिका परिषद की जनस्वास्थ्य अधिकारी-डॉ. शकुंतला श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत स्वच्छता पहलों में यांत्रिक सफाई, रात्रिकालीन सफाई अभियान, वैज्ञानिक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्रोत पर कचरा पृथक्करण और आरआरआर (कूड़ा कम करना, पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण) मॉडल जैसी पहलें शामिल थीं। उन्होंने प्रति.निधिमंडल को सामुदायिक सहभागिता पर आधारित अनुपम कॉलोनियों के विकास, व्यापक बाग.वानी और हरित क्षेत्र विस्तार, वायु प्रदूषण से निपटने के लिए बिजली के खंभों पर मिस्ट स्प्रेयर की स्थापना तथा ई-वेस्ट के वैज्ञानिक निपटान के बारे में भी जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने एनडीएमसी के एकीकृत कमांड एवं कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) का भी दौरा किया, जहां आईसीसीसी के प्रभारी ने एक प्रस्तुति के माध्यम से बताया कि परिषद ने मजबूत ई-गवर्नेंस और एम-गवर्नेंस प्रणालियों के जरिए सार्वजनिक सेवा वितरण में कैसे परिवर्तन किया है। 49 से अधिक सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध होने और एनडीएमसी 311 मोबाइल ऐप के माध्यम से नागरिकों की सहभागिता को सहज बनाने के कारण परिषद ने एक पारदर्शी, जवाबदेह और कुशल डिजिटल तंत्र विकसित किया है।

# विधानसभा को दूसरे दिन भी बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** लगातार दूसरे दिन दिल्ली विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। विधानसभा स्पीकर के ओसएडी को को यह धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ। सुरक्षा एजेंसियां इस मामले की गंभीरता से जांच में जुट गई है। विधानसभा में बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल के बाद डॉग स्क्वाड मौके पर पहुंचा है। इससे पहले मंगलवार को भी बजट पेश होने से पहले दिल्ली विधानसभा को बम की धमकी का ईमेल आया था। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को मंगलवार को बम धमकी वाला ईमेल मिला था। ईमेल में विधानसभा भवन और विधानसभा दिल्ली मेट्रो स्टेशन को उड़ाने की धमकी दी गई। इस ईमेल में कई बड़े नेताओं के नाम भी शामिल था। इसमें प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, विदेश मंत्री और उपराज्यपाल तरनजीत संधू, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्री मर्नाजंदर सिंह सिरसा का जिक्र किया गया। मामले की जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस समेत तमाम एजेंसियां अलर्ट हो गईं। पुलिस ने मौके पर जाकर छानबीन की। जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इससे पहले भी समय-समय पर इसी तरह ई-मेल के जरिए अलग-अलग स्कूलों, नामी प्रतिष्ठानों और विशिष्ट लोगों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलती रही हैं। लेकिन जांच पड़ताल में पुलिस को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलता है।

## उत्तर-पूर्वी दिल्ली मे मंगलवार की रात फिर एक कत्ल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली मे मंगलवार रात एक ओर कत्ल की वारदात को अंजाम दिया गया, इससे पहले रविवार रात को वेलकम इलाके मे अकील अहमद, सोमवार रात को भजनपुरा इलाके मे आसिफ की हत्या को अंजाम दिया गया था स मंलवार रात तीसरी कत्ल की रात साबित हुई ओर न्यू उस्मानपुर इलाके के डीडीए पार्क मे जैद (17) का शव मिला, जिसके शरीर पर किसी तेज धारदार हथियार से हमला किया गया है स बुधवार की सुबह जब स्थानीय लोग उस्मानपुर स्थित एक डीडीए के पार्क मे सुबह की सैर के लिए पहुंचे, तब पार्क मे पड़ी खून से सनी लाश देखकर उनके होश उड़ गए, तुरंत मामले की जानकारी पुलिस को दी गयी स पुलिस टीम मौके पर पहुंची ओर फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए स पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव जीटीबी की मोर्चरी मे सुरक्षित रखवा दिया है फिलहाल अभी इस बात का खुलासा नहीं हो पाया है कि जैद का शव यहां कैसे पहुंचा था ओर इसकी हत्या को इसी पार्क मे अंजाम दिया गया है या इसकी हत्या करके यहां फेंका गया है स इन अनसुलझे सवालों के जबाब खोजने का पुलिस प्रयास कर रही है उत्तर-पूर्वी पुलिस उपायुक्त ने बताया 25 मार्च की सुबह जगप्रवेश चंद अस्पताल के पास डीडीए पार्क मे एक व्यक्ति मृत पाया गया था, जिसकी पहचान जैद (17 वर्ष), पुत्र यूसुफ, निवासी ब्रह्मपुरी पुलिया के पास, न्यू उस्मानपुर के रूप में हुई। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



दिल्ली विवि के कुलपति प्रो. योगेश सिंह रामजस कॉलेज के सामने, सामाजिक विज्ञान संकाय परिसर में प्रेरणा भवन का उद्घाटन डूसू पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया।

# डीयू कुलपति ने किया स्टूडेंट्स एक्टिविटी सेंटर का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने रामजस कॉलेज के सामने, सामाजिक विज्ञान संकाय परिसर में नए बने प्रेरणा भवन का उद्घाटन डूसू पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया। यह भवन स्टूडेंट्स एक्टिविटी सेंटर होगा जिसमें दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) कार्यालय भी बनाया गया है। औपचारिक उद्घाटन के पश्चात कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने पूरे भवन का अवलोकन किया और कहा कि यह प्रेरणा भवन विद्यार्थियों के लिए प्रेरक होगा। उन्होंने बताया कि यह भवन विभिन्न छात्र केंद्रित गति.विधियों का केंद्र रहेगा। इस अवसर पर कुलपति ने डूसू पदाधिकारियों के साथ चर्चा भी की और स्टूडेंट्स एक्टिविटी सेंटर के संचालन को लेकर सुझाव भी दिये।

कुलपति ने बताया कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस प्रेरणा भवन के ग्राउंड फ्लोर पर 50 से अधिक लोगों के बैठने की क्षमता वाला एक कैफेटेरिया बनाया गया है और उसके साथ ही एक यूटिलिटी शॉप बनाई गई है। कैफेटेरिया में स्टोर रूम और किचन की अलग से व्यवस्था की गई है। भवन के बेसमेंट में जिम और गेम जोन बनाया गया है। इमारत के फर्स्ट फ्लोर पर 120 लोगों की बैठने की क्षमता का एक सेमिनार हाल बनाया गया है।

# डबल डेकर बस पलटी, दो की गई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के करोल बाग इलाके में देर रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। झंडेवालान मंदिर के पास एक डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे 23 यात्री घायल हुए, दो घायलों की मौत हो गई।

घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे के समय इस बस में 30 यात्री सवार थे। यह दुर्घटना करोल बाग के हनुमान मंदिर चौक के पास हुई। देर रात दमकल विभाग को बस पलटने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस और दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर रवाना हो गईं। राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार को दिल्ली के करोल बाग इलाके के पास एक स्लीपर बस पलट गई। होदसे में 23 लोगों घायल हुए, इनमें से दो लोगों की जान चल गई। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के संबंध में सुबह 1.10 बजे एक कॉल मिली, जिसके बाद दमकल के दो वाहनों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया और बचाव अभियान तत्काल शुरू कर दिया गया। घायलों को इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि बस जयपुर से दिल्ली पहुंची थी। पुलिस के मुताबिक, 23 घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 37-R2-SRDEE-G-DLI-2025-26<br>एसएसई/पीएस/डीकेजेड के अधिकार क्षेत्र में रेलवे क्वार्टरों की रिवायरिंग से संबंधित विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु. 2,05,34,773.00/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 4,10,700.00/- |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 16.04.2026, 16:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 16.04.2026, 16:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in<br>वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

1002/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सिलेंडर सप्लाई को लेकर की जा रही ब्यानबाजी को राष्ट्र विरोधी बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस नेताओं द्वारा लगातार गैस सिलेंडर सप्लाई को लेकर की जा रही ओछी राजनी.तिक ब्यानबाजी कहीं ना कहीं एक राष्ट्र विरोधी गति.विधि के सामान है।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि गैस एवं तेल की पड़ोसी पाकिस्तान एवं श्रीलंका से लेकर विकसित देशों तक में थोड़ी या ज्यादा कमी है पर शायद भारत एक ऐसा देश है जहां विपक्ष प्रदर्शन करके कमी को बढ़ा चढ़ा कर दिखा कर कालाबाजारी को प्रोत्साहन दे रहा है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि खाड़ी युद्ध के चलते तीन चौथाई दुनिया में तेल एवं गैस की कमी देखी जा रही है, भारत सरकार ने पहले दिन से नीतिगत व्यवस्था करके कमी के असर को बहुत सीमित कर दिया है, आज देश में लगभग सभी को बुकिंग पर नियमित गैस सिलेंडर मिल रहा है पर खेदपूर्ण है कि हमारे देश का राजनीतिक विपक्ष अंतरराष्ट्रीय आपदा में भी राजनीतिक अवसर ढूंढ रहा है।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि भारत सरकार ने ना ईद उत्सव के दौरान, ना नवरात्र भंडारों में कुकिंग गैस की कोई कमी आने दी और ना ही अब श्री राम नवमी उत्सव के भंडारों में कुकिंग गैस की कोई कमी आने देगी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि एक सप्ताह की प्रारम्भिक कमी के बाद आज दिल्ली एवं देश में लगभग सभी होटल, रेस्टोरेंट एवं ढाबे खुले हैं और नियमित गैस सप्लाई पा रहे हैं।

# हरीश राणा को नम आंखों से दी गई ग्रीन पार्क में अंतिम विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इच्छा मृत्यु के बाद बुधवार को हरीश राणा को अंतिम विदाई दी गई। दिल्ली के ग्रीन पार्क में उनका अंतिम संस्कार किया गया। सुप्रीम कोर्ट से इच्छामृत्यु की अनुमति के बाद उनका एम्स में निधन हुआ था। अंतिम विदाई के दौरान माहौल बेहद भावुक रहा। परिवार, रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी।

ग्रीन पार्क स्थित शवदाह गृह पर हरीश का अंतिम संस्कार सुबह 9 बजे हुआ। सोसायटीवासी भी दुख की इस घड़ी में हमेशा राणा परिवार के साथ खड़े दिखाई दिए। हरीश के दुनिया को अलविदा कहने की सूचना मिलते ही सोसायटी में सन्नाटा पसर गया। हर कोई हरीश राणा और उनके परिवार की बहादुरी की चर्चा करते दिखाई दिया। बुधवार को अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए सोसायटी से काफी संख्या में लोग दिल्ली पहुंचे। परिवार ने पूरे सम्मान के साथ हरीश का अंतिम संस्कार कर दिया है। हरीश को एम्स ले जाने से पहले परिवार ने कहा था कि वो पूरी शान के साथ अपने बहादुर बेटे की अंतिम यात्रा गाजियाबाद में निकालेंगे और यहीं हिंडन घाट स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार करेंगे, लेकिन मेडिकेटेड बॉडी और कुछ अन्य मेडिकल इश्यूज के कारण डॉक्टरों की सलाह पर परिवार ने ग्रीन पार्क स्थित शवदाह गृह पर अंतिम संस्कार कर दिया है। 2013 में एक दर्दनाक हादसे ने हरीश की जिंदगी को हमेशा के लिए बदल दिया। मात्र 19 साल की उम्र में वह कोमा में चले गए। जुलाई 2010 में हरीश ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में सिविल इंजीनियरिंग में दाखिला लिया था। वर्ष 2013 में वह अंतिम वर्ष के छात्र थे। इसी दौरान अगस्त 2013 में रक्षाबंधन वाले दिन बहन से मोबाइल फोन पर बात करते हुए पीजी की चौथी मंजिल से गिर गए थे। तब से 13 लंबे साल तक मशीनों पर सांसें, आंखें कभी-कभी झपकतीं, लेकिन बोल नहीं पाता, हिल नहीं पाता, सिर्फ परमानेंट वेजिटेटिव स्टेट (स्थायी वनस्पति अवस्था) में रहा। परिवार ने हर उम्मीद से लड़ाई लड़ी डॉक्टर, अस्पताल, कोर्ट लेकिन हरीश की आत्मा उस शरीर में कैद थी, जहां दर्द हर पल उन्हें सताता रहता था। माता-पिता ने कभी हार नहीं मानी। लेकिन बेटे के दर्द के कारण उन्होंने सुप्रीम कोर्ट तक बेटे को सम्मानजनक मुक्ति देने की गुहार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की अनुमति दी।

**उत्तर रेलवे**

**किराए के आधार पर कन्वेयर बेल्ट के प्रावधान के लिए सूचना (ईओआई)**

नं.: C9/Conveyor Belt/2026 दिनांक: 25.03.2026

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/एफएस, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से अस्थायी और प्रायोगिक आधार पर, 02 मूवेबल कन्वेयर बेल्टस को किराये पर लेने हेतु, बेल्टस के ऑपरेटर्स के साथ, 02 दिनों के उपयोग के लिए, वीपी साइडिंग, नयी दिल्ली स्टेशन पर आउटवर्ड तथा इनवर्ड पार्सल पैकेजो की लोडिंग/अनलोडिंग हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित करता है। ये मूवेबल कन्वेयर बेल्टस 40 फीट तक की लम्बाई वाले क्षेत्र को कवर कर पाने में सक्षम होनी चाहिए, जिनके द्वारा न्यूनतम 100 सेमी x 100 सेमी x 100 सेमी के आकार के पार्सल, जिनकी भारक क्षमता 1000 किलोग्राम या उससे अधिक हो को स्कैन किया जा सके तथा उसकी प्रसंस्करण क्षमता प्रति घंटे 200 बैग या उससे अधिक की होनी चाहिए। इस तकनीकी विशिष्टता को ध्यान में रखते हुए इच्छुक पक्ष अपनी रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रस्तुत अभिव्यक्ति की जांच की जाएगी और यदि यह व्यवहारिक पायी जाती है तो आवेदक द्वारा प्रस्तावित दरों को व्यवहार्यता प्रदान की जाएगी।

अधिक जानकारी और अन्य जानकारी के लिए कृपया उत्तर रेलवे की वेबसाइट देखें: **www.nr.indianrailways.gov.in** या 9717631962 से संपर्क करें।

ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि: **02.04.2026 को 15:00 बजे तक।**

1014/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सिलेंडर नहीं मिला तो टल गई शादी, अधिकारी ने एक आदेश में लौटा दी रोती हुई मां की मुस्कान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत ने जहां आम लोगों की रसोई ठंडी कर दी है, वहीं शादियों जैसे मांगलिक कार्य भी संकट में आ गए हैं। इसी संकट से जूझ रही एक बेबस मां की आंखों के आंसुओं ने जिला आपूर्ति अधिकारी का दिल पिघला दिया और प्रशासन ने भरोसा दिलाया, अब बेटी की शादी नहीं रुकेगी।



बुधवार को एक पीड़ित मां हाथ में अपनी बेटी की शादी का निमंत्रण पत्र लिए जिला आपूर्ति अधिकारी सीमा बालियान के कार्यालय पहुंची। आंखों में आंसू, चेहरे पर चिंता और हाथ जोड़कर वह अपनी बेटी की शादी बचाने की गुहार लगा रही थी। मां की हालत देखकर अधिकारी भी भावुक हो उठीं। उन्होंने सबसे पहले मां को संभाला, उसके आंसू पोंछे और हाथ जोड़ने से मना करते हुए पूरी बात शांति से बताने को कहा। कांपती आवाज में मां ने बताया कि उसकी बेटी की शादी 25 मार्च को तय थी, लेकिन गैस सिलेंडर उपलब्ध न होने के कारण शादी की तारीख 28 मार्च तक टालनी पड़ी। उसने आशंका जताई कि यदि तब भी सिलेंडर नहीं मिला तो शादी करना संभव नहीं होगा। यह सुनते ही कमरे में मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं। मां ने बताया कि परिवार के लोग बेटी की शादी के लिए घर-घर जाकर गैस की किताबें इकट्ठा कर रहे हैं, ताकि किसी तरह सिलेंडर का इंतजाम हो सके, लेकिन लगातार कोशिशों के बावजूद सफलता नहीं मिल रही। बेटी की विदाई का सपना कहीं अधूरा न रह जाए यह डर उसके शब्दों में साफ झलक रहा था। जिला आपूर्ति अधिकारी सीमा बालियान ने पूरी संवेदनशीलता के साथ मामला सुना और तुरंत भरोसा दिलाया कि अब शादी में कोई रुकावट नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने पूछा कि कितने सिलेंडरों की आवश्यकता है। मां ने कांपते स्वर में चार सिलेंडर की मांग रखी। इस पर अधिकारी ने तत्काल निर्देश देते हुए अगले ही दिन सिलेंडर उपलब्ध कराने का आदेश जारी कर दिया। डीएसओ सीमा बालियान ने कहा, किसी भी परिवार की खुशियों में रुकावट आना बहुत पीड़ादायक होता है, खासकर जब बात बेटी की शादी जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की हो। प्रशासन ऐसे मामलों में पूरी संवेदनशीलता के साथ काम कर रहा है। उन्होंने आगे कहा, जनपद में गैस आपूर्ति को लेकर लगातार निगरानी रखी जा रही है। सीमा बालियान ने आम जनता से अपील करते हुए कहा, किसी भी प्रकार की समस्या होने पर लोग सीधे जिला पूर्ति कार्यालय से संपर्क करें। प्रशासन का प्रयास है कि किसी भी घर की रसोई ठंडी न रहे और विशेष अवसरों पर किसी को कठिनाई न उठानी पड़े। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि गैस की किल्लत के कारण कोई भी शादी या मांगलिक कार्यक्रम बाधित न हो।

# चंडी व मंशा देवी मंदिर में महिला सुरक्षा का पाठ, पुलिस ने किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नवरात्र के पावन अवसर पर जहां बड़ी संख्या में महिलाएं और बालिकाएं देवी मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंच रही हैं, वहीं पुलिस प्रशासन भी इस अवसर को महिला सुरक्षा और जागरूकता से जोड़कर मिशन शक्ति अभियान को मजबूत करने में जुटा है।



बुधवार को थाना हापुड़ नगर क्षेत्र के चंडी मंदिर और मंशा देवी मंदिर में महिला पुलिसकर्मियों ने पहुंचकर महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उपनिरीक्षक (एसआई) रश्मि और एसआई सोनी यादव ने मंदिर परिसर में मौजूद महिलाओं और बालिकाओं से संवाद कर उन्हें आत्मविश्वास के साथ अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। एसआई सोनी यादव और रश्मि ने मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत चलाए जा रहे अभियान की जानकारी देते हुए महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090, महिला पावर लाइन 181, महिला हेल्पलाइन 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 112, आपातकालीन सेवा 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102 व 108 स्वास्थ्य सेवाएं और 1930 साइबर फ्रॉड हेल्पलाइन के बारे में विस्तार से बताया। मंदिर में मौजूद महिलाओं ने भी पुलिस की इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे उन्हें सुरक्षा का भरोसा मिलता है। एसआई रश्मि ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों और धार्मिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं, ताकि महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

# पुलिस से मुठभेड़ में इनामी बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़/पिलखुवा।** थाना पिलखुवा पुलिस और जनपदीय स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में बुधवार को एक शातिर इनामी बदमाश के साथ मुठभेड़ हो गई। आत्मरक्षा में पुलिस की जवाबी फायरिंग में 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जिसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से भारी मात्रा में नकदी, अवैध असलहा और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

थाना प्रभारी मनीष चौहान के अनुसार, क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड़ के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा किया तो बदमाश ने खुद को घिरता देख फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिसमें बदमाश घायल होकर गिर पड़ा और उसे दबोच लिया गया। गिरफ्तार बदमाश ने पूछताछ में अपना नाम अकरम पुत्र बाबू निवासी सेक्टर-11, थाना विजयनगर, जनपद गाजियाबाद बताया। पुलिस के मुताबिक वह थाना पिलखुवा में दर्ज मुकदमा बीएनएस में वांछित चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 50,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। तलाशी के दौरान बदमाश के पास से 75,000 रुपये नकद, एक अवैध तमंचा, जिंदा व खोखा कारतूस तथा



घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुई। आशंका है कि बरामद नकदी किसी आपराधिक घटना से जुड़ी हो सकती है, जिसकी जांच की जा रही है। घायल बदमाश को उपचार के लिए तत्काल अस्पताल भेजा गया, जहां पुलिस की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। अधिकारियों के अनुसार उसके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है और अन्य मामलों में भी उसकी संलिप्तता की जांच की जाएगी।

# नगरपालिका की मनमानी, कॉलोनीवासियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** शैलेष फार्म स्थित कॉलोनी में नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि उनके उपयोग के लिए बनाए गए सामुदायिक भवन पर पालिका अधिकारियों ने कब्जा कर उसे भंडार गृह में बदल दिया है। इतना ही नहीं, कूड़ा उठाने वाले वाहनों की पार्किंग भी इसी भवन में की जा रही है, जिससे आसपास गंदगी और दुर्गंध फैल रही है तथा लोगों का वहां आना-जाना तक दूभर हो गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह भवन कॉलोनीवासियों के सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बनाया गया था, लेकिन अब



उस पर पालिका का कब्जा होने से उनका अधिकार छिन गया है। आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) और चेयरमैन ने कोई सुनवाई नहीं की। मामले की शिकायत जिलाधिकारी से भी की गई थी। कॉलोनीवासियों के अनुसार वे दो बार डीएम से मिल चुके हैं। डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पालिका अधिकारियों से बात कर एक सप्ताह के भीतर भवन खाली कराने और कूड़ा वाहनों को हटाने का आश्वासन दिया था, लेकिन करीब 20 दिन बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। इससे लोगों में नाराजगी और बढ़ गई है। कॉलोनी में दो दशकों से रह रहे देवेन्द्र शर्मा, गजेंद्र शिशोदिया, राजकुमार चौधरी और श्रीभगवान गोयल सहित अन्य निवासियों ने आरोप लगाया कि पालिका द्वारा कॉलोनी की बाउंड्रीवाल तोड़ी गई, अंदर जबरन गेट बनाया गया और अब कूड़ा गाड़ियों की आवाजाही से शांति भंग हो रही है। क्षेत्र में बदबू फैलती है और बच्चों व बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि यह सब कुछ प्रशासन की जानकारी में होने के बावजूद कार्रवाई न होना तानाशाही को दर्शाता है। कॉलोनीवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि सामुदायिक भवन को तुरंत खाली कराकर मूल उद्देश्य के लिए उपलब्ध कराया जाए और कूड़ा वाहनों की पार्किंग किसी अन्य स्थान पर की जाए, ताकि कॉलोनी में सामान्य स्थिति बहाल हो सके।

# न्याय को भटक रही बेवा, पुश्तैनी भूमि पर कब्जे का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर तहसील क्षेत्र के ग्राम सिखेड़ा मुरादाबाद की एक वृद्ध बेवा महिला ने अपनी कृषि भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। महिला का कहना है कि उसने अपने हिस्से की केवल कुछ भूमि ही बेची थी, लेकिन खरीदार ने शेष जमीन पर भी कब्जा कर फैक्ट्री स्थापित कर ली है और अब जमीन खाली करने से इंकार कर रहा है। ग्राम सिखेड़ा मुरादाबाद निवासी रिहाना ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि खाता संख्या 478, खसरा संख्या 65, कुल रकबा 0.4370 हेक्टेयर में उनका एक चौथाई हिस्सा 0.10925 हेक्टेयर है। इस हिस्से में से उन्होंने वर्ष 2014 में 0.0725 हेक्टेयर भूमि विक्रय की थी। आरोप है कि खरीदार ने निर्धारित भूमि के अलावा उनके शेष हिस्से पर भी कब्जा कर लिया और उसी जमीन पर फैक्ट्री लगा दी।



महिला का कहना है कि वह वृद्ध और बेवा है तथा छोटे बच्चों के साथ बेहद कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित व्यक्ति प्रभावशाली और दबंग प्रवृत्ति का है, जो अपनी हैसियत के दम पर जमीन छोड़ने को तैयार नहीं है।

रिहाना ने बताया कि इस संबंध में वह पहले भी समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दे चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। महिला ने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो उनकी आजीविका पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। बेवा महिला की इस गुहार से प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं कि शिकायतों के बावजूद अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हो सकी। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।

# सुबह-सुबह भड़की आग ने उजाड़ा कारोबार, लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़/धौलाना।** कस्बे के चौहान मोहल्ला में बुधवार सुबह एक टैंट की दुकान में अचानक भीषण आग लगने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान में रखा टैंट, कपड़ा, रजाइयां व अन्य सामान देखते ही देखते जलकर राख हो गया। घटना में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।



बताया गया है कि सुबह के समय आसपास के कुछ लोग टहलने निकले थे। इसी दौरान उन्होंने एक दुकान से धुआं निकलता देखा। संदेह होने पर उन्होंने तुरंत दुकान स्वामी पप्पू को सूचना दी। सूचना मिलते ही वह परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे। शटर खोलते ही अंदर का दृश्य भयावह था। दुकान के भीतर आग भड़क चुकी थी और कपड़े व अन्य ज्वलनशील सामग्री तेज लपटों के साथ जल रही थी। आग बढ़ती देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने पानी आदि डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। सूचना पर दमकल विभाग की टीम फायर ब्रिगेड की गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस भी एहतियात के तौर पर घटनास्थल पर मौजूद रही। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान जल चुका था। दुकान स्वामी और उनके परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रारंभिक आकलन के मुताबिक आग से लाखों रुपये की क्षति हुई है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अजय कुमार शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। हालांकि, वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच कराई जा रही है।

## एक नजर

### फर्जी जीएसटी बिल बनाकर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** फर्जी जीएसटी बिल तैयार कर धोखाधड़ी करने के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को पिलखुवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को दहपा पुलिया के पास से पकड़कर उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी मनीष चौहान के अनुसार थाना पिलखुवा क्षेत्र में फर्जी जीएसटी बिल बनाकर आर्थिक अनियमितता और धोखाधड़ी करने के मामले में दर्ज मुकदमे में एक आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। इस मामले में पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही थी।

थाना पिलखुवा पुलिस को बुधवार को सूचना मिली कि फर्जीवाड़े के मामले में वांछित आरोपी क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दहपा पुलिया के पास घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सन्दीप तोमर पुत्र नेपाल सिंह निवासी मोहल्ला लक्ष्मणगढ़ी रघुनाथपुर थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ बीएनएस के तहत मामला दर्ज है और वह काफी समय से पुलिस से बचने की कोशिश कर रहा था। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपी फर्जी जीएसटी बिल तैयार कर वित्तीय लेनदेन में धोखाधड़ी करने के मामले में वांछित चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ की जा रही है, ताकि इस पूरे नेटवर्क और इससे जुड़े अन्य लोगों की जानकारी भी सामने आ सके। थाना प्रभारी का कहना है कि जनपद में आर्थिक अपराध और धोखाधड़ी से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। ऐसे मामलों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पिलखुवा पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### चोरी की बाइक से लूट करने वाले बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे, नकदी, आधार कार्ड और अवैध चाकू बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने क्षेत्र में हुई पर्स लूट की वारदात का सफल खुलासा करते हुए दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से लूटे गए 3 हजार रुपये नकद, पीड़ित का आधार कार्ड, घटना में प्रयुक्त चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल तथा दो अवैध चाकू बरामद किए हैं। थाना प्रभारी नीरज कुमार के अनुसार आरोपित चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार होकर राहगीरों को निशाना बनाते थे। हाल ही में उन्होंने ततारपुर गोल चक्कर के पास एक व्यक्ति से पर्स छीनकर फरार हो गए थे। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी थी। गुरुवार को थाना हापुड़ देहात पुलिस को सूचना मिली कि वारदात को अंजाम देने वाले संदिग्ध सुल्तानपुर अंडरपास के पास मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों आरोपितों को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से लूट की रकम, आधार कार्ड, चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और अवैध चाकू बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान आमिर पुत्र अब्दुल सलाम और इमरान पुत्र मोहम्मद अफजाल, निवासी ग्राम फतल्लेपुर थाना लोहिया नगर जनपद मेरठ के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक दोनों शातिर किस्म के अपराधी हैं और इनके खिलाफ हापुड़, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर और मेरठ जनपदों में लूट, डकैती और चोरी समेत करीब दो दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपितों से पूछताछ की जा रही है, ताकि उनके अन्य साथियों और पूर्व में की गई वारदातों की जानकारी भी मिल सके। साथ ही चोरी की मोटरसाइकिल के संबंध में भी जांच की जा रही है। थाना हापुड़ देहात पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### खेतों से मोटर चुराने वाले बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने जंगल ग्राम बॉसतपुर स्थित नलकूप से मोटर चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी की गई नलकूप की मोटर भी बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान इश्तकार पुत्र शकील व मोहम्मद कैफ पुत्र यूनुस कि रूप में हुई है। थाना धौलाना पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नशे का कारोबार करने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 किलो 250 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है।

थाना प्रभारी अवनीश कुमार के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ लेकर ग्राम पिपलैड़ा क्षेत्र में मौजूद है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने इंडेन गैस एजेंसी की ओर ईदगाह के पास घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 1 किलो 250 ग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अबरार पुत्र अनवार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा है और क्षेत्र में मादक पदार्थों की सप्लाई से भी जुड़ा बताया जा रहा है। जांच में सामने आया है कि आरोपी के खिलाफ कानपुर नगर, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर और हापुड़ जनपदों में हत्या, लूट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट और गुंडा एक्ट सहित करीब डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि वह किन-किन क्षेत्रों में गांजे की आपूर्ति करता था। थाना धौलाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# वृद्धावस्था की सुरक्षा पर संकट, पेंशनर्स ने जताई चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) से संबंधित प्रावधानों में किए गए बदलाव के विरोध में पेंशनर्स संगठनों ने अपनी आवाज बुलंद कर दी है। ऑल इंडिया स्टेट पेंशनर्स फेडरेशन, नई दिल्ली के आहवान पर बुधवार को पेंशनर्स ने विरोध दर्ज कराते हुए प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा और वित्त विधेयक-2025 के प्रावधानों को वापस लेने या उसमें संशोधन की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि वित्त विधेयक-2025 के माध्यम से केंद्र सरकार को पेंशनर्स का वर्गीकरण करने और उनके बीच अंतर बनाए रखने का अधिकार दे दिया गया है, जिसे बिना पूर्व सूचना के विधेयक का हिस्सा बनाकर पारित किया गया। पेंशनर्स का आरोप है कि इस व्यवस्था के लागू होने से सेवानिवृत्ति की तिथि को पेंशन पात्रता का आधार बनाया जाएगा, जिससे पुराने पेंशनर्स को नए वेतन आयोगों की सिफारिशों के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है। पेंशनर्स संगठनों ने कहा कि वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों में यह स्थिति बुजुर्गों के लिए गंभीर आर्थिक संकट पैदा कर सकती है। ज्ञापन में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले डी.एस. नकारा बनाम भारत संघ (1983) का हवाला देते हुए कहा गया कि पेंशन कोई दया नहीं बल्कि सामाजिक सुरक्षा का अधिकार है, जिसका उद्देश्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन प्रदान करना है। पेंशनर्स ने तर्क दिया कि महंगाई



और मुद्रा की गिरती क्रय शक्ति का प्रभाव सभी पर समान रूप से पड़ता है, इसलिए सेवानिवृत्ति की तिथि के आधार पर लाभ में भेदभाव उचित नहीं है। संगठन का कहना है कि 1 जनवरी 2026 से पहले सेवानिवृत्त कर्मचारियों को इस प्रावधान से अपूरणीय क्षति हो सकती है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सातवें वेतन आयोग ने पुराने और नए पेंशनर्स के बीच समानता की सिफारिश की थी, जिसे केंद्र सरकार ने पहले स्वीकार भी किया था। इन्हीं मुद्दों को लेकर फेडरेशन ने 25 मार्च 2026 को विरोध दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाया। संगठन ने आशा जताई कि सरकार उनकी समस्याओं पर संवेदनशीलता के साथ विचार करेगी और शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगी, जिससे देशभर के लाखों पेंशनर्स को राहत मिल सके।

# चेयरमैन विभु बंसल ने बदली शहर की तस्वीर, लोगों को मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर पालिका परिषद पिलखुवा में विकास कार्यों की रफ्तार तेज होती नजर आ रही है। नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल के नेतृत्व में शहर लगातार आधुनिक सुविधाओं की ओर बढ़ रहा है। इसी क्रम में विभिन्न वार्डों में नवनिर्मित 10 सड़कों का भव्य लोकार्पण किया गया, जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को बड़ी राहत मिली है और आवागमन पहले से अधिक सुगम हो गया है। लोकार्पण समारोह का माहौल किसी उत्सव से कम नहीं था। वार्ड नंबर 2, 8, 9, 10 और 11 में आयोजित कार्यक्रमों में स्थानीय नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने फूल-मालाओं और जोरदार नारेबाजी के साथ चेयरमैन विभु बंसल का स्वागत किया। नई सड़कों के बनने से वर्षों पुरानी समस्या खत्म होने पर लोगों में खुशी साफ झलक रही थी। कार्यक्रम में वार्ड नंबर 2 के सभासद दीपक शुक्ला, वार्ड 9 से सभासद पति सचिन पुंडीर, वार्ड 8 से सभासद निर्मल कोरी, वार्ड 10 से सभासद सुशील तोमर तथा वार्ड 11 से सभासद लोकेश प्रजापति व दीपक राबिया समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल ने कहा कि पिलखुवा की जनता ने जो विश्वास उन पर जताया है, उसे वे हर हाल में निभाने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा रिकॉर्ड समय में गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे शहर की तस्वीर तेजी से बदल रही है। सड़कों के साथ-साथ सफाई व्यवस्था, जल निकासी और अन्य मूलभूत सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर मिल सके। स्थानीय नागरिकों ने भी खुले दिल से नगर पालिका के कार्यों की सराहना की। नई सड़कों से न केवल यातायात सुगम हुआ है, बल्कि क्षेत्र की पहचान भी बदलने लगी है।



# शिक्षकों ने भरी हुंकार - टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन तय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** टीईटी पास को अनिवार्य विषय बनाए जाने के विरोध में टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले 4 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित विशाल आंदोलन को सफल बनाने के लिए मेरठ मंडल के शिक्षकों ने कमर कस ली है। इसी क्रम में मेरठ मंडल के सभी जनपदों के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक हापुड़ में आयोजित की गई, जिसमें आंदोलन की रूपरेखा और रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि 4 अप्रैल का आंदोलन शिक्षकों के भविष्य और सम्मान से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसमें अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना संगठन की प्राथमिकता है। गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक शर्मा ने भरोसा दिलाया कि जिले के शिक्षक मेट्रो, रेल और निजी वाहनों से बड़ी संख्या में दिल्ली पहुंचेंगे। गौतमबुद्धनगर के जिला कोषाध्यक्ष हेमराज शर्मा ने भी 100 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। हापुड़ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिसोदिया और नीरज चौधरी ने बताया कि उनके जनपद से भी बसों, मेट्रो और रेल के माध्यम से बड़ी संख्या में शिक्षक आंदोलन में भाग लेने जाएंगे। बागपत के जिला मंत्री राजकुमार शर्मा ने कहा कि उनके जनपद से भी शिक्षक आंदोलन में सक्रिय भागीदारी करेंगे। वहीं बुलंदशहर के जिला अध्यक्ष सुशील शर्मा और बाबू सिंह लोहिया ने कहा कि दूरस्थ जनपद होने के बावजूद अधिक से अधिक शिक्षक दिल्ली पहुंचकर अपनी एकजुटता दिखाएंगे। वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि यह आंदोलन शिक्षकों के अधिकारों की लड़ाई है और इसे पूरी ताकत के साथ लड़ा जाएगा। बैठक में गजेन्द्र नागर, सौरव शर्मा, तेज प्रकाश तोमर, नीरज चौधरी, कविंद्र तोमर, मो. तारिक बड़ी संख्या में पदाधिकारी और शिक्षक उपस्थित रहे।



# पुलिस कमिश्नर ने पिंक बूथ का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में प्रदेश सरकार के निर्देश पर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, जागरूकता एवं त्वरित पुलिस सहायता के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति-5.0 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम के तहत पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बुधवार को थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी-2, नियर महागुन मायवुड्स सोसाइटी व चौकी क्षेत्र राइज चौक के अंतर्गत नियर इको विलेज-1 सोसाइटी में स्थित नवनिर्मित 2 पुलिस पिंक बूथ का उद्घाटन किया गया। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में यह 28 और 29 पिंक बूथ है। यह पिंक बूथ ऐसे स्थानों पर स्थापित किए गए हैं जहां महिलाओं की आवाजाही अधिक रहती है।



उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा कि पुलिस पिंक बूथ का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराना है। इस बूथ पर महिला पुलिसकर्मी की तैनात होगी। जिससे शिकायत लेकर आने वाली महिलाओं को अपनी परेशानी बताने में किसी प्रकार की हिचक महसूस ना हो। उन्होंने कहा कि मुख्य स्थान पर पिंक बूथ के होने से कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं के मन में आत्मविश्वास की वृद्धि होगी। कार्यक्रम के दौरान पुलिस कमिश्नर ने उपस्थित महिलाओं व छात्राओं से निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं को बताया गया कि वह किसी भी अपराध को चुपचाप सहन न करने और किसी भी परिस्थिति में वह पिंक बूथ पर तुरन्त पुलिस सहायता प्राप्त कर सकती है। इन बूथ पर महिला पुलिसकर्मी को अपनी परेशानी बताने में किसी प्रकार की हिचक महसूस ना हो। कार्यक्रम के दौरान पुलिस कमिश्नर ने उपस्थित सभी बच्चों को अध्ययन सामग्री (बैग, किताबें, पानी की बोतल, टिफिन आदि) वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय अजय कुमार, डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी, प्रभारी डीसीपी महिला सुरक्षा अनुकृति शर्मा, एडीसीपी आरके गौतम, एसीपी द्वितीय सेंट्रल नोएडा पवन कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

बता दें कि मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला पुलिसकर्मियों द्वारा प्रतिदिन सभी थाना क्षेत्रों में भ्रमणशील रहते हुए विभिन्न सोसाइटियों, स्कूलों, कंपनियों, मैट्रो स्टेशन, बस स्टैण्ड व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर महिलाओं को आत्मसुरक्षा व साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण अभियान, महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों के संबंध में जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के संबंध में शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे मिशन शक्ति फेस-5.0, शुभ मंगल योजना, साइबर क्राइम एवं साइबर सुरक्षा की जानकारी प्रदान की जाती है। महिलाओं व छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर-1090, आपातकालीन सेवा-112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर-1098, वन स्टॉप सेंटर नंबर-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर-1076 व साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930 के बारे में प्रतिदिन जानकारी दी जा रही है।

## केंद्रीय विहार सोसाइटी में दोबारा बनेगी मतदाता सूची, निर्देश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** केंद्रीय विहार सोसाइटी में दोबारा मतदाता सूची तैयार की जाएगी। सोसाइटी के लोगों की शिकायतों के आधार पर डिप्टी रजिस्ट्रार ने एओए चुनाव प्रक्रिया में सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। दरअसल, निवासियों ने आरोप लगाया था कि एडहॉक एओए 80 प्रतिशत लोगों से उनके वोट का अधिकार छीन रही है। सोसाइटी में रहने वाले डॉ. ओमकार तिवारी ने बताया कि निवासियों ने मतदान के लिए 1000 रुपये का प्रवेश शुल्क अनिवार्य करने और मनमाने पात्रता मानदंड लागू करने पर आपत्तियां उठाई थीं। इसकी शिकायत के बाद ये दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। बता दें कि अमर उजाला ने निवासियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया था।

डिप्टी रजिस्ट्रार ने यूपी अपार्टमेंट अधिनियम का हवाला देते हुए कहा कि फ्लैट खरीदने के समय सदस्यता स्वतः मिल जाती है।मतदान के अधिकार निर्धारित प्रावधानों से परे प्रतिबंधित नहीं किए जा सकते। उन्होंने बताया कि एडहॉक एओए को शिकायतों का समाधान करने और वैध मतदाता सूची को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए हैं।

बता दें, कि चुनाव प्रक्रिया को कराने वाले अधिकारियों का कहना था कि पहले जमा किए गए एओए सदस्यता फॉर्म मान्य नहीं हैं। इसके साथ ही फ्लैट मूल्य की 1.5% राशि को मान्यता नहीं दी जा रही है। अब सभी मालिकों को नया सदस्यता फॉर्म भरना हो। इसके लिए एक हजार रुपये देने होंगे। इसी का निवासी विरोध कर रहे थे।

## बिजली घर में बिजली गुल विभाग का ऑफिस खुद अंधेरे में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर के सेक्टर-18 स्थित बिलिंग से जुड़े अधिशाषी अभियंता कार्यालय में बुधवार दोपहर अचानक बिजली आपूर्ति ठप हो गई। करीब डेढ़ घंटे बंद हुई इस कटौती के चलते कार्यालय में लगे सभी कंप्यूटर, प्रिंटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बंद हो गए, जिससे कामकाज पूरी तरह ठप पड़ गया।

बिजली विभाग के इस कार्यालय में उस समय दर्जनों उपभोक्ता अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे हुए थे। अचानक बिजली गुल होने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिल जमा कराने, मीटर संबंधी शिकायत दर्ज कराने और अन्य कार्यों के लिए आए लोग घंटों तक इंतजार करते रहे, लेकिन बिजली बहाल न होने के कारण कोई काम नहीं हो सका। मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जिस विभाग पर पूरे शहर को बिजली उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी है, उसी के कार्यालय में इस तरह की व्यवस्था सवाल खड़े करती है। कई लोगों ने बताया कि उन्हें जरूरी काम के चलते बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं और इस तरह की अव्यवस्था से समय और धन दोनों की बर्बादी होती है।

कार्यालय के कर्मचारियों ने बताया कि बिजली कटने के कारण सर्वर और ऑनलाइन सिस्टम पूरी तरह बंद हो गया, जिससे बिलिंग और शिकायत निस्तारण का काम रुक गया। हालांकि, बिजली आपूर्ति बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## पार्किंग विवाद में मारपीट करने वाले तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** थाना एक्सप्रेसवे पुलिस ने गाड़ी पार्क करने को लेकर हुए विवाद में मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार किया। इस मामले में कुछ अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।पुलिस के मुताबिक, यह घटना 23 मार्च को सेक्टर-168 स्थित गांव छपरौली के लेबर चौक पर हुई। कुछ लोगों में गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो धीरे-धीरे बढ़कर मारपीट में बदल गया। आरोप है कि एक युवक से गाली-गलौज और मारपीट की गई। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।



इस मामले में थाना एक्सप्रेसवे में मुकदमा दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने तीनों मुख्य आरोपियों को छपरौली कट के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान राजीव, कुनाल और साहिल के रूप में हुई। राजीव और कुनाल ग्राम मोहियापुर के रहने वाले हैं। जबकि, साहिल ग्राम छपरौली, सेक्टर-168 का निवासी है। पुलिस ने बताया कि इन सभी से पूछताछ की जा रही है और मामले की आगे जांच जारी है।

## एक नजर

### अप्रैल के पहले सप्ताह में होगी बड़े वाणिज्यिक प्लाट की ई-नीलामी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा प्राधिकरण बड़े वाणिज्यिक प्लाट आवंटन के लिए अप्रैल के पहले सप्ताह से ई-नीलामी कराएगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। प्राधिकरण ई-नीलामी की तारीख और समय की सूचना आवेदकों को भेजेगा। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि 5-6 से लेकर 10 अप्रैल के बीच में प्लाट की ई-नीलामी होगी। अलग-अलग दिन होटल व वाणिज्यिक प्लाट के लिए आवेदक बोली लगाएंगे। प्राधिकरण ने कॉरपोरेट, होटल, शॉपिंग मॉल श्रेणी के प्लाट की स्कीम फरवरी में लांच की थी। इसमें 6 होटल प्लाट भी शामिल थे, जिनका क्षेत्रफल 2 से लेकर 24 हजार वर्गमीटर तक का है। इनमें 5 प्लाट खाली गए हैं, एक के लिए दो कंपनियों ने आवेदन किया है। वहीं वाणिज्यिक श्रेणी में सेक्टर-96, 98, 108, 142 और 135 में स्थित प्लाट के लिए 16 आवेदन आए हैं।

### तीन बदमाशों पर गैंगस्टर ऐक्ट की कार्रवाई

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कंपनी और घरों में चोरी करने वाले गैंग के सरगना समेत तीन बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर ऐक्ट में कार्रवाई की। हाल ही में इस गैंग को गिरफ्तार किया गया था। ईकोटेक तीन कोतवाली प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि हाथरस निवासी गगन उर्फ जीनू उर्फ शिवम, मनी उर्फ अमन कुमार और संभल निवासी सुहेल उर्फ गोलू के खिलाफ गैंगस्टर ऐक्ट की कार्रवाई की गई। बदमाश गगन इस गैंग का सरगना है। जेल में बंद गगन पर 10 मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा मनी और सुहेल के खिलाफ छह-छह मुकदमे दर्ज हैं। यह गिरोह बंद घरों और कंपनियों की रेकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस ने इनके खिलाफ गैंगस्टर ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। फरार बदमाशों की तलाश की जा रही है।

### सेक्टर-16 मेट्रो स्टेशन के ट्रैक पर कूदी युवती, हालत गंभीर

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** मेट्रो की ब्लू लाइन पर स्थित सेक्टर- 16 मेट्रो स्टेशन के ट्रैक पर बुधवार शाम करीब सवा चार बजे एक युवती ट्रैक पर कूद गई। मेट्रो स्टाफ और पुलिस ने युवती को घायल अवस्था में नजदीक के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। युवती का उपचार चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

युवती के मेट्रो ट्रैक पर कूदने की घटना से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, दिल्ली के न्यू कोंडली की रहने वाली संस्कृति नाम की युवती बुधवार शाम करीब चार बजे सेक्टर 16 मेट्रो स्टेशन पहुंची। उसने ट्रैक पर छलांग लगा दी।लोगों ने मामले की जानकरी मेट्रो स्टाफ और पुलिस को दी। युवती को तत्काल नजदीक के कैलाश अस्पताल में ले जाया गया। युवती की सिर में चोट आई है। फिलहाल वेंटिलेटर पर उपचाराधीन है।

### भूखंड बेचने का झांसा देकर 25 लाख हड़पे

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र में भूखंड बेचने का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कॉलोनाइजर पर पच्चीस लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया। पुलिस ने चार कॉलोनाइजर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़ित राजकुमार ने पुलिस को बताया कि उन्होंने धूम मानिकपुर स्थित लिव्स ग्रीन्स कॉलोनी में पत्नी के नाम 150 वर्ग मीटर का भूखंड खरीदने के लिए सौदा किया। कॉलोनाइजर ने उससे 26 लाख रुपये लिए। रजिस्ट्री के समय वकील ने बताया कि भूखंड की दाखिल खारिज नहीं हो सकती। कॉलोनाइजर से शिकायत करने पर उसने रुपये वापस करने की बात कही। 26 लाख रुपये के चेक भी दिए, पर वह बाउंस हो गए। इसके बाद दो बार में 50-50 हजार रुपये लौटाए। फिर रुपये देने से मना कर दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत डीसीपी से की। डीसीपी के निर्देश पर पुलिस ने कॉलोनाइजर विजय, अजय, अभिषेक और सुनील के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।




## बूथ तक बैठक कर रैली को बनाएं सफल

**यमुना सिटी।** नोएडा एयरपोर्ट के लोकार्पण के अवसर पर होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा की तैयारियों के लिए सूरजपुर, बिसरख, ग्रेटर नोएडा व जारचा मंडल में बैठकों का आयोजन किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर भारद्वाज व जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने संगठन की मजबूती व रैली को सफल बनाने हेतु विस्तृत रणनीति पर चर्चा की। ब्रज बहादुर भारद्वाज ने मंडल कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों से कहा कि एयरपोर्ट उद्घाटन के लिए नीचे बूथ तक बैठक कर संदेश जाए और सुबह 9 बजे तक रैली जनसभा तक पहुंचना हैं। वहीं जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि एयरपोर्ट के बनने से देश प्रदेश क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसको लेकर यहां की जनता में उत्साह है।

## मंदिर की मूर्ति खंडित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के रीलखा गांव में एक प्राचीन मंदिर में देवी मां की मूर्ति खंडित किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने गांव के ही एक युवक पर मूर्ति तोड़ने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

बताया गया कि मंगलवार रात अज्ञात परिस्थितियों में मंदिर में स्थापित देवी मां की मूर्ति को नुकसान पहुंचाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपी युवक ने मूर्ति तोड़ने के साथ ही हिंदू देवी-देवताओं के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी और गाली-गलौज भी की। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और विरोध जताया। घटना के बाद ग्रामीणों का एक समूह देर रात दनकौर कोतवाली पहुंचा और आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दी। शिकायतकर्ताओं में अमित, प्रदीप, प्रशांत, अरुण, सोनू, नवीन, वरुण, विकास और पवन समेत कई ग्रामीण शामिल रहे। उन्होंने पुलिस से आरोपी की गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों ने कहा कि इस घटना से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और गांव की शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने गांव में शांति बनाए रखने की अपील भी की है।

## लोगों से करोड़ों की ठगी करने वाला धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह के एक आरोपी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया। आरोपी ने साथियों संग मिलकर लोगों से 3 करोड़ 26 लाख रुपये की ठगी की थी।डीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान 32 वर्षीय बंटी कुमार के रूप में हुई। वह बिहार के पूर्णिया जिले का रहने वाला है। उसकी गिरफ्तारी नोएडा से की गई। इस मामले में थाना साइबर क्राइम में पहले से ही मुकदमा दर्ज था और पुलिस मामले की जांच कर रही थी।

आरोपी फोन कॉल और व्हाट्सएप के जरिए लोगों से संपर्क करता था। खुद को शेयर मार्केट का एक्सपर्ट बताकर कम समय में ज्यादा मुनाफा कमाने का लालच देता था। इसके बाद अलग-अलग खातों में निवेश करने के लिए कहता था। जब लोग रुपये जमा कर देते तो उन्हें कुछ समय तक फर्जी मुनाफा दिखाया जाता, ताकि उनका भरोसा बना रहे। बाद में आरोपी पैसे लेकर संपर्क तोड़ देता। पुलिस ने जांच के दौरान एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायतों और संदिग्ध मोबाइल नंबरों की तकनीकी जांच की। स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर आरोपी तक पहुंची। जांच में सामने आया कि आरोपी के बैंक खाते में ठगी से जुड़े करीब 60 लाख रुपये आए थे। उसके खाते के खिलाफ भी एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज थी। पुलिस ने बताया कि इस पूरे गिरोह के खिलाफ पहले भी कार्रवाई की जा चुकी है। अब तक 14 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। बंटी कुमार इस गिरोह का सक्रिय सदस्य था और लंबे समय से लोगों को ठगने का काम कर रहा था। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं, जिनका इस्तेमाल ठगी के लिए किया जा रहा था।**अनजान कॉल पर न करें भरोसा:**पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है, ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों और ठगी के पूरे नेटवर्क का पता लगाया जा सके।

साइबर क्राइम पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अनजान कॉल या व्हाट्सएप पर मिलने वाले निवेश ऑफर पर भरोसा न करें। अगर कोई व्यक्ति ज्यादा मुनाफे का लालच देता है, तो सतर्क रहें और पहले उसकी पूरी जांच करें। किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या सरकारी वेबसाइट पर शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही, किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और अपनी बैंकिंग या निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

## स्टेडियम में रन फॉर एम्पॉवरमेन्ट का आयोजन

■ **प्रतिभागियों को किया सम्मानित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण के अंतर्गत रन फॉर एम्पॉवरमेन्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 200 छात्राएं एवं कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की लगभग 150 महिला पुलिस कर्मियों ने आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को नकद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) अजय कुमार तथा पुलिस उपायुक्त महिला एवं बाल सुरक्षा अनुकृति शर्मा के नेतृत्व में मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण के अंतर्गत "रन फॉर एम्पॉवरमेन्ट" कार्यक्रम का आयोजन नोएडा स्टेडियम हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में आत्मविश्वास, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, सशक्तिकरण की भावना को बढ़ावा देना तथा समाज में महिला सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित करना रहा। कार्यक्रम में पुलिस विभाग एवं विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिभागियों की सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पैरा ओलंपिक खिलाड़ी एवं पद्मश्री सम्मानित दीपा मलिक शामिल रही। उनके द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए रन फॉर एम्पॉवरमेन्ट की भावना को विस्तारपूर्वक समझाया गया। उन्होंने अपने जीवन संघर्ष, कठिन परिस्थितियों में निरंतर प्रयास, तथा दिव्यांगता के बावजूद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के अपने अनुभव साझा किए। दीपा मलिक ने कहा कि जीवन में चुनौतियां हमें रोकने के लिए नहीं, बल्कि हमें मजबूत बनाने के लिए आती हैं। यदि संकल्प दृढ़ हो तो कोई भी बाधा सफलता के मार्ग में रुकावट नहीं बन सकती। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, मानसिक रूप से मजबूत रहने तथा अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। रन फॉर एम्पॉवरमेन्ट कार्यक्रम कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों की लगभग 200 छात्राओं एवं कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की लगभग 150 महिला पुलिसकर्मियों द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया। दौड़ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर नकद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य प्रतिभागी छात्राओं को भी प्रोत्साहन स्वरूप विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए गए।

## निर्यात पर युद्ध का धमाका, 10 गुना बढ़ा किराया, बीमा भी खत्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ईरान और अमेरिका-इस्राइल युद्ध का बम नोएडा-ग्रेटर नोएडा के निर्यात पर फूटा है। विदेशों में माल ले जाने वाले एजेंटों ने 10 गुना तक किराया बढ़ा दिया है। वहीं, कूरियर कंपनियों ने माल का बीमा खत्म कर दिया है। दूसरी ओर, पहले जो सामान तीन दिन में पहुंचता था, वह अब 10-15 दिनों में भी नहीं पहुंच रहा है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा से हर माह 1000 करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात होता है, जो युद्ध के कारण बुरी तरह प्रभावित हुआ है। निर्यातकों ने बताया कि किराया कई गुना महंगा हो गया है। पहले मुंबई से दुबई तक समुद्र के रास्ते कंटेनर का किराया 300 से 350 डॉलर होता था, उसे निजी एजेंटों ने बढ़ाकर 3200 से 3500 डॉलर कर दिया है। इस वजह से निर्यातक अपने उत्पाद विदेशों में नहीं भेज रहे हैं।

**नुकसान पर नहीं मिलेगी किसी तरह की आर्थिक मदद:** शहर के निर्यातकों ने बताया कि निर्यातक अपना तैयार माल विदेश भेजते थे तो पहले कूरियर कंपनी उसका बीमा करती थी, ताकि अगर शिपमेंट को नुकसान होता तो उसका हर्जाना निर्यातक को मिल सके। लेकिन, युद्ध के दौरान कूरियर कंपनियों ने बीमा बंद कर दिया है। इसलिए अगर अब निर्यातकों का शिपमेंट खो जाता है या नष्ट हो जाता है तो कंपनी उसकी जिम्मेदारी नहीं लेगी। उसे किसी तरह की आर्थिक मदद नहीं मिलेगी।

**10 से 15 दिनों में भी नहीं पहुंचा रहा माल:** ग्रेनो के एक निर्यातक ने बताया कि उन्होंने कूरियर से 30 लाख रुपये का माल बेल्जियम भेजा था। सामान्य तौर पर वहां तीन दिनों में माल पहुंच जाता था, लेकिन इस बार 15 दिनों में भी नहीं पहुंचा है।

## आस्था और श्रद्धा के संग छठ महापर्व संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आस्था, श्रद्धा और परंपरा के महापर्व चार दिवसीय चौती छठ का समापन बुधवार को पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न हो गया। चौती छठ के अंतिम दिन व्रत रखने वाली महिलाओं व श्रद्धालुओं ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर 36 घंटे का निर्जला उपवास पूरा किया। सुबह होते ही घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ी उमडी रही। शहर में सेक्टरों, पार्कों, और घाटों पर व्रतियों ने भगवान भास्कर की आराधना कर स्नान किया और अपने परिवार की सुख-समृद्धि व संतानों की लंबी आयु की कामना की। घाटों पर छठी मईया के गीतों और भजनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

इस अवसर पर साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था के भी इंतजाम किए गए थे। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व के अंतिम दिन बुधवार को श्रद्धालुओं द्वारा उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ पूजा विधिवत सम्पन्न की गई। अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि भगवान भास्कर की उपासना का यह महान छठ पर्व वर्ष में दो बार चौत्र और कार्तिक माह में पूरे श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि पर्व बिहार, पूर्वांचल, झारखंड, पश्चिम बंगाल सहित देश के कई शहरों में परंपरा के साथ मनाया जाता है।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## चुगली करने के विवाद में दंपति से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-34 में रहने वाली महिला को चुगली करने के विवाद में पीटे जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने पड़ोसी दंपती के खिलाफ अभद्रता करने और मारपीट करने का आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-34 स्थित धवलगिरी अपार्टमेंट में रहने वाली दीपिका ने पुलिस को बताया कि 21 मार्च को अपनी महिला मित्र के साथ सोसाइटी के पार्क में बैठी थीं। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली अंशिका आईं। बिना बात ही चुगली करने का आरोप लगाते हुए अभद्रता करने लगीं। विरोध करने पर थप्पड़ मारे। दीपिका चंगुल से छूटते हुए घर की ओर भागीं तो अंशिका ने पति संग मिलकर दीपिका और उसके पति से मारपीट की।

## फूड स्टॉल संचालकों ने खाने-पीने के दाम बढ़ाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में इन दिनों गैस सिलेंडर की किल्लत ने आम लोगों के साथ-साथ व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। व्यावसायिक गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित होने से कई फूड स्टॉल, ढाबे और रेस्तरां या तो बंद हो गए या कम मेन्यू के साथ खुल रहे हैं।

वहीं, अधिकांश ने इंडक्शन चूल्हे, लकड़ी और कोयले से भोजन बनाना शुरू कर दिया है। इस वजह से जिन प्रतिष्ठानों पर काम जारी है, वहां खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ा दिए गए हैं। इससे ग्राहकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। वहीं, घरेलू गैस लेने के लिए गैस एजेंसियों पर अब भी लोगों की कतारें लग रही हैं।खाड़ी देशों में बढ़ते तनाव का असर स्थानीय स्तर पर भी देखने को मिल रहा है। व्यावसायिक गैस सिलेंडर की आपूर्ति नहीं होने से खाद्य कारोबार पर सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है। व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कमी के चलते रेस्तरां और ढाबा संचालकों की लागत बढ़ गई है। कई संचालक घरेलू गैस सिलेंडर का सहारा लेने को मजबूर हैं, लेकिन घरेलू गैस की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। ऐसे में व्यवसाय चलाना उनके लिए चुनौती बन गया है। कुछ प्रतिष्ठानों ने ग्राहकों को बनाए रखने के लिए सीमित मेन्यू कर दिया है, जबकि अन्य ने सीधे तौर पर खाने की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। खाने की कीमतों में 20 से 30 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। इससे लोगों को खाने-पीने के लिए वस्तुओं के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है।ढाबा संचालक संजय सिंह का कहना है कि पहले जहां उन्हें आसानी से व्यावसायिक सिलेंडर मिल जाते थे, वहीं अब कई-कई दिन इंतजार करना पड़ रहा है। इस वजह से




उन्हें या तो दुकान बंद करनी पड़ रही है या फिर महंगे दामों पर गैस की व्यवस्था करनी पड़ रही है। इसका सीधा असर ग्राहकों पर पड़ रहा है। उधर, घरेलू गैस का संकट भी कम नहीं हुआ है। शहर के विभिन्न इलाकों में लोग गैस सिलेंडर के लिए परेशान हैं। गैस बुकिंग के लिए ऑनलाइन सर्वर बार-बार ठप हो रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को बुकिंग कराने में दिक्कत आ रही है। कई लोगों का कहना है कि बुकिंग के बावजूद समय पर सिलेंडर नहीं मिल रहा है। शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों की गैस एजेंसियों पर लोगों की कतारें लग रही हैं। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे गैस एजेंसियों के जल्द व्यवस्था दुरुस्त होने के दावे खोखले साबित हो रहे हैं।

**समोसे और चाय की कीमत दोगुनी:** शहर में ज्यादातर प्रतिष्ठानों ने समोसे और चाय की कीमत दोगुना कर दी है। वहीं, जलेबी समेत अन्य खाद्य सामग्री बनाना बंद कर दिया है। दुकानदारों का कहना है कि जलेबी सहित डोसा बनाने में अधिक गैस का प्रयोग होता है। इसके चलते यह खाद्य सामग्री बनाना ही बंद कर दिया है। सेक्टर-45 हरौला निवासी विवेक गुप्ता ने बताया कि पूर्व में ठेली पर दस रुपये में मिलने वाली चाय अब बीस रुपये में मिल रही है। इसी तरह दस रुपये में मिलने वाले चार पानी पताशे की संख्या घट कर दो रह गई है। बीस रुपये में मिलने वाली टिक्की के दाम बढ़ाकर तीस रुपये हो गए हैं। वहीं, भंगेल स्थित दुकानदार गजेंद्र सिंह ने बताया कि दिन में एक बार ही समोसे और जलेबी बनाते हैं।

# मार्ग अवरुद्ध व हफ्ता वसूली में पांच लोगों पर मुकदमा, भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** अंबाला देहरादून नेशनल हाईवे के सरसावा टोल मैनेजर शोयब ने थाना में 5 लोगों के खिलाफ तहरीर में बताया कि यह लोग एक राय होकर टोल ऑफिस में आए एवं अपनी गाड़ियों को टोल फ्री किए जाने एवं 10000 रुपए हफ्ता वसूली किए जाने एवं गाली गलौज करते हुए सार्वजनिक मार्ग पर गाड़ी लगाकर मार्ग अवरुद्ध कर दिया।

क्षेत्राधिकारी नकुड रुचि गुप्ता के निकट पर्यवेक्षण थानाध्यक्ष सरसावा प्रवेश शर्मा के नेर्तत्व में थाना सरसावा पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त में तुरंत कार्यवाही करते हुए अभियुक्त अरविंद पंवार पुत्र रमेश पंवार निवासी साढ़ोली हरिया कोतवाली देहात सहारनपुर 2 सुमित पंवार पुत्र रति राम निवासी जधेड़ा समसपुर, रामपुर मनिहारन,3 जयवीर पुत्र तेजपाल निवासी नौरंगपुर थाना रामपुर मनिहारन 4 योगेंद्र पुत्र नरेश ग्राम भकला थाना रामपुर, 5 निक्कू पुत्र सूरजपाल निवासी सुसाडा थाना झबरेडा जनपद हरिद्वार को टोल प्लाजा देहरादून अंबाला रोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त गणों के कब्जे से 10000 रुपए बरामद किए गए। पकड़े गए अभियुक्तों को न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है।गिरफ्तार अभियुक्त स्वयं को भारतीय किसान यूनियन पंवार गुट के पदाधिकारी बता रहे थे।

# एसआईआर कार्यों की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** एस डीएम मानवेंद्र सिंह ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों की समीक्षा की गई अब तक बेहट विधान सभा का 98 प्रतिशत एसआईआर का कार्य पूरा हो गया है। शेष मतदाताओं के एस आईआर के कार्य को पूर्ण करने के लिए अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए गए है।

। बुधवार को एस डीएम मानवेन्द्र सिंह ने निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण कार्य कार्यालय मे एस आईआर से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई उन्होंने बूथ स्तर से लेकर सेक्टर स्तर मतदाताओं द्वारा दावे एवं आपत्तियों के संबंध मे समीक्षा की गई उन्होंने फर्मों पर मतदाताओं के नाम तथा फोटो , पता आदि की जांचकर समीक्षा की गई।अब तक बेहट विधान सभा से 98 प्रतिशत एसआईआर जन सुनवाई का कार्य पूरा हो चुका है।

10 अप्रेल को मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

एस आईआर के कार्यों के संबंध मे निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एस डी एम मानवेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बेहट विधान सभा क्षेत्र मे एसआईआर तथा फार्म 6व 7 तथा 8 की प्रगति समीक्षा की गई अभी तक बेहट विधान सभा क्षेत्र में 98 प्रतिशत एसआईआर का कार्यपूर्ण हो चुका है शेष रहे कार्यों को 27 मार्च तक पूर्ण करने के लिए सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों, लेखपालों तथा बीएलओ को निर्देशित किया गया है जिसे समय अवधि तक पूर्ण कर लिया जायेगा। आगामी माह 10 अप्रैल को वोटर लिस्ट फाइनल होकर प्रकाशन के लिए भेज दी जाएगी।

इस दौरान सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी तहसीलदार विजय कुमार सिंह नायब तहसीलदार मुजफ्फराबाद देवेन्द्र कुमार प्रजापति, स्टेनो रजत त्यागी, अभिसार किशोर मनीष कुमार आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# सभासद नामित होने पर अनिल का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नगर पंचायत बेहट में सभासद के रूप में नामित किए गए वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंघल का कस्बे में भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन करते हुए मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अनिल सिंघल लंबे समय से सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनता के बीच अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। उनके पास क्षेत्र की समस्याओं और जरूरतों की गहरी समझ है, जिसका लाभ अब नगर पंचायत को निश्चित रूप से मिलेगा। लोगों ने विश्वास जताया कि उनके अनुभव और कार्यशैली से कस्बे में विकास कार्यों को नई दिशा और गति मिलेगी। सभासद अनिल सिंघल ने इस मौके पर सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, वह उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता कस्बे के समग्र विकास, साफ-सफाई, पेयजल, सड़क, प्रकाश व्यवस्था तथा जनसमस्याओं के त्वरित समाधान पर रहेगी। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे और उनका समाधान कराने का हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर आरिफ, कासिफ खान, रहीम, मन्नान, बिलाल, मुद्दसिर, इंतजार मिर्जा, फजलुर्रहमान, अंशुल सिंघल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पेड़ से बाइक टकराने पर मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** जनता रोड पर अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

हादसा बुधवार की सुबह बरौली - सहारनपुर मार्ग का है। बताया जाता है कि थाना नागल इलाके के गांव खजूरवाला निवासी 35 वर्षीय संजीव राणा पुत्र महेंद्र राणा अपनी बाइक से जा रहे थे। जैसे ही वे कोतवाली बेहट इलाके के गांव मंडौरा तिराहे के पास पहुंचे तो उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। हादसे ने संजीव राणा की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने हादसे की सूचना मिर्जापुर पूजनकी पुलिस चौकी को दी तो पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जेब से मिले कागजों के आधार पर मृतक की शिनाख्त की।

# सोनाक्षी बनी एक दिन की थाना प्रभारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में पुलिस ने मिशन शक्ति फेज 5. 0 के तहत छात्राओं को थाने का भ्रमण कराया। इस दौरान कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली सुरक्षा उपायों और महिला सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

बुधवार को कोतवाली में कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी सुश्री रुचि गुप्ता व प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सोनकर के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम प्रभारी उनि मनवीरी के सहयोग से छात्राओं को थाना कार्यालय, हवालात, मलखाना, कंप्यूटर कक्ष, पुलिस मैस व मिशन शक्ति कक्ष का निरीक्षण कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं के सवालों के जवाब देते हुए उन्हें कानून व्यवस्था की बारीकियों से अवगत कराया।

कार्यक्रम की खास झलक उस समय देखने को मिली जब कक्षा 8 की छात्रा सोनाक्षी को प्रतीकात्मक रूप से थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान छात्राओं ने जनसुनवाई कर लोगों की शिकायतें सुनीं और उनके समाधान की प्रक्रिया को समझा।

# पीएम श्री विद्यालयों के बच्चों ने दिखाया दमखम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एक दिवसीय जनपद स्तरीय पी.एम.श्री विद्यालयों की खेल कूद क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाडियों ने अपना दमखम दिखाते हुए पदक के लिये जमकर पसीना बहाया।

मिनी स्टेडियम जोगियान पुल पर आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी एव नगर विधायक राजीव गुंबर ने दीप प्रज्वलित एवं शपथ दिलाकर गुब्बारे छोड़कर किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमारी कोमल, खंड शिक्षा अधिकारी नगर योगेश शर्मा, खंड शिक्षाधिकारी बलियाखेड़ी सुरेश त्यागी, जिला व्यायाम शिक्षक रवींद्र पंवार ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार जताया। बालक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में निशांत, 100 मीटर में लवीश, 200 मीटर दौड़ में हुजैफा, कबड्डी में तल्हेड़ी, लंबी कूद में हिमांशु तथा बालिका वर्ग की 50 मीटर दौड़ में मानवी, 100 मीटर में मानवी, 200 मीटर में मानवी, कबड्डी में तल्हेड़ी बुजुर्ग तथा कबड्डी जूनियर में नूनाबड़ी देवबंद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री वैभव चौहान, जिला मंत्री रजनीश सहगल, गौरव सिंघल, विनय, शिवकुमार चौधरी, अमित, अरुण, जगवीर, मोहित राणा, प्रमोद वशिष्ठ, अशोक राणा, विनोद, कविंद्रपाल, श्रद्धा वर्मा, पूजा सैनी, प्रीति शर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन गोपाल शर्मा ने किया।

# आईआईएमटी में छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में छात्रों के सर्वांगीण विकास एवं उनके उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए जीईईटी स्नातक रोजगार संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संस्था निदेशक डॉ. अंजू वालिया ने कहा कि इंद्रप्रस्थ संस्थान सदैव छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक सशक्त कदम हैं, जिससे वे न केवल अपने करियर में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें, बल्कि समाज के विकास में भी सक्रिय योगदान दे सकें।

कार्यक्रम का समन्वयन कोऑर्डिनेटर विकास शर्मा, मंच संचालन रमन कुमार ने किया। उपस्थित रहे।

# चार वाहन चोर हत्थे चढ़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** बेहट पुलिस ने चेकिंग के दौरान 4 वाहन चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वाहन चोरों की निशानदेही पर 11 बाइक भी बरामद की है।

कोतवाली बेहट प्रभारी सतपाल सिंह भाटी पुलिस फोर्स के साथ मंगलवार को गांगरोह पुल पर विक. ासनगर मार्ग पर संदिग्ध व्यक्ति वाहन चौकिंग कर रहे थे। इसी दौरान संदेह होने पर पुलिस ने चार लोगों को रो. कने का इशारा किया तो उन्होंने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें दबोच लिया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में पकड़े गए चारों व्यक्ति शातिर वाहन चोर निकले। पुलिस ने पकड़े गए वाहन चोरों के नाम अहसान उर्फ शानू पुत्र जमशेद निवासी ग्राम रामपुर कला थाना सहसपुर जनपद देहरादून उत्तराखण्ड, मेहरबान पुत्र इजहार निवासी मौहल्ला वाली गली ग्राम मिर्जापुर पोल थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर, दिलशाद पुत्र इलियास निवासी ग्राम दबकोरा थाना कोतवाली बेहट जनपद सहारनपुर व शमशाद पुत्र यामीन निवासी ग्राम दबकोरा थाना कोतवाली बेहट जनपद सहारनपुर बताए है। पुलिस ने वाहन चोरों की निशानदेही पर चोरी की कुल 11 मोटर साइकिल बरामद की है । बरामद 5 बाइक के सम्बन्ध में थाना बेहट पर 5 अभियोग पंजीकृत है व 2 बाइक के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत है। शेष 4 मोटरसाईकिल व अभियुक्तों की गिरफ्तारी के आधार पर बीएनएस पंजीकृत किया गया । अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# चेयरमैन अब्दुर रहमान ने की जनसुनवाई




**बेहट।** नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुर रहमान उर्फ शालू भैय्या ने अपने कैम्प कार्यालय मे कस्बे के लोगो की जन सुनवाई की जन सुनवाई के बाद लोगो की समस्याओं का मौके पर जाकर निस्तारण भी कराया गया ।

बुधवार को नागर पंचायत अध्यक्ष अब्दुर रहमान उर्फ शालू भैय्या नगर की कस्बे वासियों की समस्याओ को हल कराने निस्तारण को लेकर गम्भीर रहते है वे प्रत्येक दिन सुबह सेही अपने कैम्प कार्यालय मे बैठते है और दोपहर तक कस्बे वासियों की समस्याओं को लेकर उनकी जन सुनवाई करते है। नगर पंचायत के टैक्स प्रकाश व्यवस्था , बिजली,पानी पेंशन, राशन कार्ड आवास आदि की जन समस्याओं की जन सुनवाई करते हुए उनका निस्तारण के लिए नगर पंचायत कर्मचारियों को निर्देशित करते है। उनके मधुर स्वभाव के चलते कस्बे के सभी वर्ग के लोग उनके कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते है।

जन सुनवाई के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुर रहमान उर्फ शालू भैय्या ने कहा कि उनका एक ही लक्ष्य रहता है कि वे अपने कस्बे के लोगो की जो समस्या है उनका समय रहते निस्तारण कराना है। इस दौरान सभासद पति जिशान अहमद अल्ला दिया खघन राव मुराद नसीम अहमद आसिफ शेख उस्मान रिहान अहमद तमजीद अहमद आदिमौजूद रहे।

# दो दुकानों में चोरी

**चिलकाना।** सहारनपुर रोड पर साईफन पुलिया के निकट अज्ञात चोरों ने रात्रि के समय दो दुकानों के शटर उखाड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला।

पीड़ित दुकानदार शाकिब पुत्र अफजाल निवासी ग्राम मनोहरपुर व विनय कुमार पुत्र कुसुमचन्द निवासी ग्राम पटनी ने थाना पर तहरीर देकर बताया कि पीड़ित शाकिब की मोटर साईकिल रिपेयरिंग की एक दुकान व पीड़ित विनय की शिवा वैष्णो ढाबा के नाम से एक दुकान साईफन पुलिया के निकट बराबर - बराबर है। विगत 24 - 24 मार्च की रात्रि को किन्ही अज्ञात चोरो ने दोनो दुकानो के शटर फाडकर रेस्टोरेंट (ढाबा) मे रखा माईकरोटैक का इन्वर्टर, 2 बैटरे, एक मिक्सचर, कैमरे के यूपीएस व 11 हजार नगदी चोरी कर लिए। वहीं बाईक रिपेयरिंग की दुकान से 2 जोडी एलॉय व्हील, 2 बैटरी व कुछ नकदी चोरी कर ली।

# शिव मंदिर में रामायण पाठ का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ।** कस्बे के प्राचीन शिव मंदिर में रामनवमी महापर्व के उपलक्ष्य में भव्य आयोजन की तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही हैं। मंदिर समिति द्वारा आज विधिवत पूजा-अर्चना के साथ रामायण पाठ का शुभारम्भ किया गया।

मंदिर परिसर में आचार्य नवीन कृष्ण महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा सम्पन्न कराई। इस दौरान रामायण पाठ के यजमान के रूप में गुरमीत सिंह राठौर उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच भक्ति का माहौल बना रहा। मंदिर समिति के अनुसार, रामायण पाठ का समापन कल प्रातः किया जाएगा, जिसके उपरांत हवन का आयोजन होगा। हवन में मुख्य यजमान के रूप में सरदार गुरदयाल सिंह रहेंगे। इसके साथ ही भव्य शोभायात्रा का आयोजन भी किया जाएगा, जिसका शुभारम्भ हिमांशु कश्यप द्वारा किया जाएगा। कस्बे में रामनवमी को लेकर करीब एक सप्ताह पहले से ही तैयारियां शुरू हो गई थीं। मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमाल सिंह राठौर और संदीप वर्मा ने बताया कि चौत्र नवरात्र के दूसरे दिन से ही पूरे बाजार में तोरण द्वार लगाए गए हैं। साथ ही आसपास के गांवों में सनातन प्रेमियों और व्यापारियों को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया गया है। शोभायात्रा को आकर्षक बनाने के लिए भगवान श्रीराम का सुसज्जित रथ, सनातन धर्म ध्वजा, श्वेत घोड़े, सुंदर झांकियां, गुजराती ढोल पार्टी तथा बैण्ड-बाजों की विशेष व्यवस्था की गई है।

# पुल निर्माण की मांग को लेकर धरना शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कस्बा बेहट से जुड़े गांव मुर्तजापुर के ग्रामीणों ने निकट से बहने वाली मसखरा राव नदी पर पुल निर्माण की मांग को लेकर एक बार फिर अनिश्चितकालीन धरना एवं भूख हड़ताल शुरू कर दी है।

बुधवार को युवा एकता सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष आशीष सैनी के नेतृत्व में मसखरा राव नदी के पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एक बार फिर अनिश्चितकालीन धरना एवं भूख हड़ताल शुरू कर दी है। युवा एकता सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि पहले पीडब्ल्यूडी राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने झूठे आश्वासन देकर यह कहते हुए धरना समाप्त कराया था कि लोकसभा चुनाव के तीन माह बाद ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों को पुल निर्माण की सौगात दी जाएगी। मंत्री जी के आश्वासन पर ग्रामीण एवं क्षेत्र वासियों ने धरना समाप्त कर दिया था लेकिन 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी योगी सरकार में पी.डब्ल्यू.डी. राज्यमंत्री जी के द्वारा आज तक भी पुल निर्माण के संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की गयी है।

हालांकि इस बारे में आशीष सैनी के द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनपद आगमन कार्यक्रम में नदी के पुल निर्माण की सूचना देने की बात प्रशासन को दी गई थी जिसके बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन ने उन्हें उनके आवास पर ही नजर बंद कर दिया थे धरने पर बेहट नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुर रहमान उर्फ शालू ग्राम प्रधान पुष्पा देवी शेरपाल, हरपाल सिंह, मनोज कुमार, सोनू कुमार, लो. केश, संजय कुमार, राजकुमार, जितेंद्र कुमार, अजय कुमार, किशन सिंह, अमित कुमार, दीपक कुमार,रूबी सैनी, अजय कुमार,अंशुल कुमार, नीरज कुमार, शेर सिंह मौजूद रहे।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र हसीब व उसकी पत्नी श्री शबाना को गलत आदतों के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**इकराम पुत्र रफीक निवासी शेखपुरा कदीम, थाना कोतवाली देहात, जिला सहारनपुर।**

# मनमोहक प्रस्तुतियों से समां बांधा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** जैन समाज की वार्षिक रथयात्रा कार्यक्रम भव्य स्तर पर हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

जैन समाज के 6 दिवसीय वार्षिक रथयात्रा महोत्सव के तीसरे दिन प्रातः जैन बाग में श्री शांतिनाथ भगवान का अभिषेक और शांतिधारा की गई। इसके बाद श्री शांतिनाथ विधान प्रारम्भ हुआ। इस विधान में कुल 120 अर्घ्य चढ़ाए गए।। इस अवसर पर प्रवचन देते हुए जैन मुनि आचार्य श्री 108 नयन सागर महाराज ने कहा कि हमें मैत्री भाव रखना चाहिए। कभी भी अपने मान के कारण किसी का विरोध नहीं करना चाहिए। शाम के समय श्री निर्ग्रन्थ जैन पाठशाला के बच्चों द्वारा सुंदर सुन्दरनाटक और नृत्य प्रस्तुत किया गया।

इस दौरान मनोज जैन, डॉ राजेश जैन, संजय जैन,निपुण जैन, अभिषेक जैन,विजय जैन, पवन जैन, प्रदीप जैन,अनुराग जैन,शशांक जैन, ललित जैन, नमन जैन, दुर्गेश जैन आर्जव जैन आदि मौजूद रहे।

# पूर्व सभासदों समेत सैकड़ों ने थामा कांग्रेस का दामन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** पूर्व चेयरमैन इनाम शाकिर और चौधरी जिंदा हसन शाकिर के आह्वान पर आयोजित भव्य सदस्यता अभियान कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी में बड़ी संख्या में शामिल होने का सिलसिला जारी रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हमजा मसूद और संदीप वर्मा ने दर्जनों पूर्व सभासदों व सभासद प्रत्याशियों को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।

हमजा मसूद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा आज देश में अगर संविधान को बचाने की कोई लड़ाई लड़ रहा है तो वह सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस के नेतृत्व में ही देश मजबूत हो सकता है। संदीप वर्मा ने जिले की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए कहा जिले में सिर्फ इमरान मसूद ही गरीब, मजलूम और अन्याय के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ रहे हैं।

कांग्रेस का दामन थामने वाले प्रमुख नेता अनीश कुरैशी, आबिद कुरैशी, इंतजार कुरैशी, पूर्व प्रत्याशी मुनव्वर कुरैशी पूर्व सभासद कोटला महमूद जोगी पूर्व प्रत्याशी झाबरी जुबैर गाड़ा आदि शामिल रहे। कांग्रेस पार्टी की ओर से अनीस कुरैशी को जिला सचिव, नासिर कुरैशी को नगर अध्यक्ष और तासीन कुरैशी को प्रति. निधि नियुक्त किया गया।

चौधरी जिंदा हसन शाकिर व इनाम शाकिर ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबू नासिर ने की। इस मौके पर अनवर शफीक, हाजी महमूद कुरैशी, हाजी हसीन कुरैशी, बानू अल्वी, आसिफ राणा, अंसारी, सलीम कुरैशी, छोटन कुरैशी, महमूद कुरैशी, मुंशी खलील मलिक, दानिश मलिक, हाजी शफीक, नईम कुरैशी, तस्लीम कुरैशी, सद्दाम कुरैशी, मोबिन कुरैशी, एहसान कुरैशी, अजीम कुरैशी, हाजी कययूम, मोहोतरम ठेकेदार, याद हुसैन, डॉ. अमित प्रदीप कुमार, अंकित कुमार, फरमान गाड़ा सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# लाखों की स्मैक संग महिला तस्कर पकड़ी

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी करते हुए एक आरोपिता नशा तस्कर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से करीब 2.5 लाख रुपये कीमत की 12.40 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई।

पुलिस टीम द्वारा आरोपिता नशा तस्कर जरीना पत्नी शमशाद निवासी ग्राम पीरमाजरा उर्फ फिरोजाबाद थाना चिलकाना को गांव के बाहर चकरौड के निकट आम के एक बाग से गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी सिमरन सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपिता के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करके न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तारी टीम में एसओ विनोद कुमार, एसआई नरेन्द्र सोलंकी, महिला एसआई सुमन, कांस्टेबल विपिन नैन, पुनित यादव व अमित कुमार शामिल रहे।

## 27 मार्च को होगा रामनवमी का अवकाश:डीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने बताया कि प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन अनुभाग, लखनऊ के निर्देशन में घोषित अवकाशों की सूची के प्रस्तर-2 (1) में वर्ष 2026 के राजपत्रित अवकाश की सूची में निगोशिएबुल इन्स्ट्रुमेन्ट एक्ट, 1881 के अधीन 26 मार्च, को राम नवमी का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

उक्त के क्रम में ही 27 मार्च, 2026 को भी निगोशिएबुल इन्स्ट्रुमेन्ट एक्ट 1881 के अधीन राम नवमी का सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त लिये गए निर्णय के आलोक में राम नवमी के पावन अवसर पर 27 मार्च, (दिन शुक्रवार) को भी जनपद शामली में निगोशिएबुल इन्स्ट्रुमेन्ट एक्ट 1881 के अधीन एतद्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।इस कार्यालय द्वारा निर्गत वर्ष 2026 की सार्वजनिक अवकाश की अनुसूची इस सीमा तक संशोधित समझी जाए।

# विकास भवन से केंद्रीय विद्यालय तक डीएम ने की व्यवस्थाओं की जांच

### डीएम के निरीक्षण से अधिकारियों में मचा हड़कंप

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शामली में प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने बुधवार को विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विकास भवन से लेकर जिला संयुक्त चिकित्सालय और केंद्रीय विद्यालय के प्रस्तावित स्थल तक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को कार्यों में सुधार और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बुधवार को जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने निरीक्षण में सर्वप्रथम विकास भवन में संचालित समस्त कार्यालय का निरीक्षण कर विभागीय कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी द्वारा समाज कल्याण विभाग का निरीक्षण करते हुए फाइलों को रखरखाव आदि को लेकर निर्देशित किया मौके पर समाज




कल्याण अधिकारी से पेंशन संबंधी जानकारी भी प्राप्त की गई। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी द्वारा आईजीआरएस कक्ष में जाकर शिकायत रजिस्टर चेक करते हुए आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, पीड़ी डीआरडीए प्रेम चन्द, डीपीआरओ संदीप अग्रवाल, समाज कल्याण अधिकारी आदि मौजूद रहें। निरीक्षण के अगले क्रम में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान



द्वारा जिला संयुक्त चिकित्सालय शामली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अस्पताल में प्रवेश करते ही मरीजों से बात की गई उनसे इलाज संबंधी जानकारी प्राप्त की गई यहां डीएम ने मरीजों से पूछा कोई दवाई का पैसा तो नहीं लेता है इलाज कराने आए मरीजों ने कहा नहीं कोई दवाई का पैसा नहीं लेता है साहब। संयुक्त जिला चिकित्सालय का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने शौचालय में साफ सफाई आदि की व्यवस्था को भी देखा जो ठीक मिली। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा जनरल वार्ड, महिला व पुरुष वार्ड का निरीक्षण कर मरीजों से बात की उनका हाल जाना और उनसे अस्पताल से दी जाने चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई जिसमें मरीजों ने संतोष व्यक्त करते हुए डॉक्टर द्वारा समय से इलाज मिल रहा है कि बात कही। निरीक्षण के समय सीएमओ डॉ अनिल कुमार, सीएमएस डॉ किशोर आहुजा आदि चिकित्सक मौजूद रहे। निरीक्षण के अगले क्रम में जिला. धिकारी अरविन्द कुमार चौहान द्वारा केंद्रीय विद्यालय के संचालन हेतु कृष्णा विद्या मन्दिर हाईस्कूल कबड़ौत भवन का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा और संबंधित को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा केंद्रीय विद्यालय के लिए गांव में जो भूमि आवंटित है उसे भूमि का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय तहसीलदार शामली मनोज कुमार सहित आदि स्कूली स्टाफ मौजूद रहा।

## घसौली मार्ग पर व्यक्ति पर लाठी-डंडों से किया जानलेवा हमला

शाह टाइम्स संवाददाता

कांधला। कस्बे के घसौली मार्ग पर एक व्यक्ति पर कई लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित के पुत्र ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।कस्बा निवासी जीशान ने बताया कि मोहल्ले के कुछ लोग उनके परिवार से पुरानी रंजिश रखते हैं। आरोप है कि मंगलवार देर शाम उसके पिता तस्लीम घसौली मार्ग पर खड़ा हुआ था, तभी आरोपियों ने एक राय होकर गाली-गलौज शुरू कर दी और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इसी दौरान हमलावरों ने उनके सिर पर धारदार हथियार से वार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल को उपचार के लिए ले जाया गया, जहां उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर किया है।पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# जलेबी खाने को लेकर हुए विवाद में बाजार बंद

### गरम तेल फेंकने का लगाया आरोप, दोनों ओर से कई घायल

**व्यापारियों ने बाजार बंद की दी चेतावनी, पुलिस कार्रवाई में जुटी।**

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में जलेबी खाने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दुक. ानदार और ग्राहकों के बीच हुई मारपीट में दोनों पक्षों के दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने में तहरीर दी है। वहीं, दुकानदार पक्ष का मुकदमा दर्ज न होने से नाराज व्यापारियों ने बाजार बंद करने की चेतावनी देते हुए कार्रवाई की मांग की है और कई व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान भी बंद कर दिए। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम के मोहल्ला जवाहर नगर निवासी इकबाल पुत्र मुंशी ने थाने पर तहरीर देकर बताया की उसका पौत्र तनवीर अपने साथी जुनैद



के साथ मोहल्ला प्रेम नगर स्थित आशीष की दुकान पर जलेबी खाने गया था। आरोप है कि रुपए के लेन देन को लेकर कहासुनी के बाद दुक. ानदार ने अपने साथियों के साथ मिलकर तनवीर व उसके साथी के साथ मारपीट की और उन पर खौलता तेल डाल दिया, जिससे वे झुलस गए। दूसरे पक्ष दुकानदार आशीष पुत्र सुरेंद्र का कहना है कि मंगलवार शाम तनवीर अपने आधा दर्जन साथियों के साथ दुकान पर आया और जलेबी खाने के बाद पैसे देने से इनकार कर दिया। विरोध करने पर आरोपितों ने लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। साथ ही गाली-गलौज करते हुए दुकान पर काम कर रहे शुभम पर भी गरम तेल डाल दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के दौरान मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। दोनों पक्षों के परि. जनों ने घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण कस्बा एलम मे पुलिस बल तैनात किया गया है। खुफिया विभाग भी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। बुधवार को दुकानदार की ओर से मुकदमा दर्ज न होने पर व्यापारियों में रोष फैल गया। दर्जनों व्यापारी एकत्र होकर बाजार बंद करने की चेतावनी देते हुए थाने पहुंचे, और कहीं दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान भी बंद कर दिए और शीघ्र कार्रवाई की मांग की।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है, जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शराब की दुकान में चोरी का खुलासा

### चौसाना पुलिस ने वांछित चोर को दबोचा, 20,300 रुपये बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**चौसाना।** पुलिस ने शराब की दुकान में हुई चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई नगदी में से 20,300 रुपये भी बरामद किए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वादी चन्द्रमोहन पुत्र प्रीतम सिंह निवासी कस्बा व थाना तितावी, जनपद मुजफ्फरनगर की गंगोह रोड स्थित मुडेट चौराहे के पास शराब की दुकान में 4/5 मार्च 2026 की रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया था। चोर दुकान से नगदी के साथ शराब की बोतलें और बीयर कैन चोरी कर फरार हो गए थे। मामले में पीड़ित की तहरीर पर थाना झिंझाना में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी



के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में चलाए जा रहे संदिग्ध वाहन व व्यक्ति चे. कंग अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना के नेतृत्व में झिंझाना पुलिस को सफलता हाथ लगी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त फहीम पुत्र जाजू निवासी ग्राम बेगी नाजर, थाना गंगोह, जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 20,300 रुपये नकद बरामद किए गए, जो चोरी की रकम का हिस्सा बताए जा रहे हैं।

पुलिस के अनुसार इस मामले में पूर्व में 17 मार्च 2026 को एक अन्य अभियुक्त मुजाहिर पुत्र हासिम को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। फिलहाल गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। चौकी प्रभारी संदीप कुमार यादव का कहना है कि क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## स्कूल से लौट रहे छात्र पर सरिया-बेल्ट से हमला

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मलकपुर में स्कूल से घर लौट रहे एक छात्र पर तीन युवकों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावरों ने छात्र को रोककर लोहे के सरिये और बेल्ट से मारपीट की, जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव मलकपुर निवासी अर्चना सैनी पत्नी तेजपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 2:10 बजे उनका बेटा स्कूल से घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही गौरव उर्फ मक्खी पुत्र तेज कुमार, खुशहाल पुत्र राजबीर कश्यप तथा कमल ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने छात्र पर लोहे के सरिये और बेल्ट से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के दौरान शोर-शराबा होने पर आरोपी छात्र को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। घायल छात्र ने रोते हुए परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। पीड़ित मां ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दुर्गाष्टमी पर निकली माँ शाकुंभरी की शोभायात्रा



शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** चैत्र नवरात्र की दुर्गाष्टमी पर बुधवार को कस्बा भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया। मोहल्ला रायजादगान स्थित सिद्धपीठ पुराने शाकुंभरी देवी भवन से माँ शाकुंभरी की परंपरागत शोभायात्रा धूमधाम और गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा।सुबह से ही श्रद्धालु शाकुंभरी देवी भवन पर एकत्र होने लगे। ब्रह्मचारी आशुतोष महाराज ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माँ शाकुंभरी के विग्रह को सुसज्जित कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु झूमते हुए आगे बढ़े। महिलाओं ने मंगलगीत गाए, जबकि युवाओं ने नृत्य कर उत्साह बढ़ाया।शोभायात्रा आर्य समाज मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर होते हुए मुख्य बाजार पहुंची, जहां व्यापारियों और नागरिकों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। अनाज मंडी स्थित श्रीदेवी मंदिर पर पारंपरिक रीति से देवी स्वरूप बहनों का मिलन कराया गया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। इसके बाद शोभायात्रा जैन स्थानक व जैन मंदिर होते हुए पुन: सिद्धपीठ पहुंची। शोभा यात्रा के दौरान मार्ग में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही और जगह-जगह स्वागत किया गया।सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना पुलिस मुस्तैद रही, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। अंत में सिद्धपीठ पर मंगला आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान प्रदीप कुमार भार्गव, अनिल बोहरा, तनुज कुमार, विनीत शर्मा, तेजपाल, मोहित गर्ग, अक्षय शर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भैंसवाल-झिंझाना नाले की सफाई हुई आधी अधूरी

### किनारों पर पड़े कूड़े के ढेर भी नहीं अभी उठाए गए

शाह टाइम्स संवाददाता

**झिंझाना।** भैंसवाल से झिंझाना तक करीब 10 किलोमीटर लंबे नाले की सफाई का कार्य भले ही कागज़ों में पूरा हो गया हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। सफाई के दौरान निकाली गई गंदगी, मिटी और कूड़े के बड़े-बड़े ढेर पिछले 8:10 दिनों से नाले की पटरी पर ही पड़े हैं। जिससे स्थानीय लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

नाले के किनारे जमा कूड़ा न केवल दुर्गंध फैला रहा है, बल्कि आसपास के माहौल को भी प्रदूषित कर रहा है। वहीं, सड़क किनारे डाले गए मिट्टी के ढेर से आवागमन में दिक्कत हो रही है और दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। राहगीरों और स्थानीय निवासी ओम प्रकाश सैनी, राजेश, राकेश, राजकुमार, नेपाल आदि का कहना है कि सफाई कार्य भी अधूरा है, क्योंकि कूड़ा हटाए बिना इसे पूरा नहीं माना जा सकता। और नाले में अभी कूड़ा कचरा और घास साफ दिखाई पड़ रहा है। इस संबंध में जब अवर अभियंता कुलदीप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि भैंसवाल से झिंझाना तक



लगभग 10 किलोमीटर नाले की सफाई कराई गई है। यदि कहीं कोई कमी रह गई है तो उसे दोबारा ठीक कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि नाले के किनारे डाली गई मिट्टी और कूड़े को जल्द ही उठवा लिया जाएगा। हालांकि, सवाल यह उठता है कि सफाई के बाद कूड़ा उठाने में हो रही देरी के कारण आम जनता को कब तक इस समस्या से जूझना पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द कूड़ा उठवाकर क्षेत्र को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने की मांग की है।

## समोसे के पैसे मांगने पर मारपीट , गरम तेल डाला, तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में समोसे के पैसे मांगने पर विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने दो भाईयो के साथ मारपीट कर उन पर खौलता तेल डाल दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने मामले में तीन आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी मोहित ने बताया कि गंगेरू बस स्टैंड पर उसके परिजन ठाकुर समोसे वाले के नाम से हलवाई की दुकान चलाते हैं। आरोप है कि सोमवार को पड़ोस में हकीम की दुकान करने वाले यूनुस, कय्यूम और मुस्कान दुकान पर आए और समोसे खाए। जब उसके भाई कपिल और अंकित ने समोसे के पैसे मांगे तो तीनों आरोपी भड़क गए।आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए दोनों भाइयों के साथ मारपीट की और उन पर खौलता तेल डाल दिया, जिससे वे बुरी तरह झुलस गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बुधवार को पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए कय्यूम व जुल्फिकार को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। पुलिस की कार्रवाई से पीड़ितों ने राहत की सांस ली। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि मामले मैं दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया एक फरार आरोपी की तलाश की जा रही है जल्दी उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा। क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए हर संभव प्रयास को किया जाएगा।

### धोखाधड़ी कर जमीन हड़पने में चौसाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, फर्जी आधार कार्ड बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**चौसाना।** पुलिस ने जमीन हड़पने और धोखाधड़ी के एक गंभीर मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक फर्जी आधार कार्ड और उसकी छायाप्रति भी बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, यह मामला वादी सोनू पुत्र रामकुमार निवासी क्षेत्र से जुड़ा है, जिसमें अभियुक्त यामीन पुत्र सद्दीक निवासी ग्राम मंसूरा थाना झिंझाना समेत कुल 7 लोगों पर धोखाधड़ी कर जमीन हड़पने का आरोप है। आरोप है कि जब वादी ने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने उसे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में



थाना झिंझाना पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह ने सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और क्षेत्राधिक. ारी कैराना के पर्यवेक्षण में झिंझाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त मोनू पुत्र शिवचरण निवासी ग्राम खानपुर अफगान, थाना तितरो जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से एक फर्जी आधार कार्ड और उसकी फोटो कॉपी बरामद की, जो धोखाधड़ी में प्रयुक्त किए जाने की आशंका है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ पूर्व में भी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है, जिसमें धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक साजिश और एससी/एसटी एक्ट से संबंधित धाराएं शामिल हैं। फिलहाल पुलिस ने आरा. ेपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है और अन्य फरार अभियुक्तों की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## ठोकरें तोड़कर खनन रास्ता बनाने पर भड़के ग्रामीण, जांच को पहुंची टीम

शाह टाइम्स संवाददाता

**चौसाना।** नाइनगला जाटान में प्रस्तावित रेत खनन पट्टे के लिए रास्ता बनाए जाने को लेकर मंगलोरा में ग्रामीणों के विरोध के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। मंगलवार को पंचायत व प्रदर्शन के बाद बुधवार को एसपी व डीएम कार्यालय से टीम मौके पर पहुंची। टीम ने ग्रामीणों से बातचीत कर जानकारी जुटाई और टूटी ठोकरों का निरीक्षण कर फोटोग्राफी की।

मामला यमुना किनारे स्थित मंगलोरा क्षेत्र का है, जहां वर्ष 1970 में बिडौली पुल से मंगलोरा तक करोड़ों रुपये की लागत से सात ठोकरें बनाई गई थीं, ताकि नदी के कटान से गांवों को बचाया जा सके। ग्रामीणों का आरोप है कि नाइनगला जाटान में करीब पांच किलोमीटर दूर खनन पटा स्वीकृत है और निर्धारित रास्ता भी उसी दिशा से है, लेकिन ठेकेदार ने मंगलोरा क्षेत्र की चार ठोकरें तोड़कर जबरन रास्ता निकालना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल यमुना में जलस्तर बढ़ने से उनकी जमीन कटान का शिकार होती है। अब ठोकरें टूटने से स्थिति और गंभीर हो सकती है तथा आने वाले समय में बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं।

उन्होंने 2013 की घटना का भी जिक्र किया, जब इसी क्षेत्र में बांध टूटने से गांवों में पानी भर गया था और ग्रामीणों को दिन-रात मशक्कत कर हालात पर काबू पाना पड़ा था। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से वे डीएम कार्यालय में शिकायत कर रहे थे। मंगलवार को पंचायत कर विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसके बाद प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान अनिल चौधरी, रोहतास, राजबीर, राजकुमार सिंह, देविंदर सिंह, संजीव कुमार, राहुल चौहान, जगत सिंह, बबलू, काला, सचिन कुमार, नितिन कुमार और मैनपाल ऊदपुर सहित कई ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द रास्ते पर रोक नहीं लगाई गई तो बिडौली हाईवे पर जाम लगाया जाएगा।

# पुलिस ने चेकिंग में कच्ची शराब सहित चार को दबोचा

### जनपद के कस्बों में चल रहा है कच्ची शराब का अवैध कारोबार

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुखद़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस ने क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से अवैध चाकू तथा दो अन्य के पास से करीब 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया।

पुलिस अधीक्षक शामली नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर जनपद के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बरतते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और नियमित चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे और संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने दो युवकों को पकड़कर उनकी तलाशी ली, जिनकी पहचान आसिफ और बिलाल निवासी मोहल्ला खेल के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई।दूसरी और पुलिस ने गांव खंद्रावली निवासी सावेज और राशिद को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके पास से अवैध चाकू बरामद किए गए। पुलिस ने मौके पर ही चारों आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने ले आए और पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चारों का चालान कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। पुलिस की कार्रवाई से अवैध कच्ची शराब माफियाओं में हड़कंप मचा रहा।

**सूचना**

**जनपद शामली के कस्बा एलम, गढ़ीपुख्ता, बाबरी, बनत व जलालाबाद में संवाददाताओं के आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करे। अनुभवी को वरियता दी जाएगी।**

**सुनील वर्मा**
(जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)
मो. 8630354443
कार्यालय पता:- ऊपरी मंजिल ओम प्लाजा मार्केट, इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली

# आईपीएल शुरू होने से पहले 16 हजार 660 करोड़ रूपये में बिकी RCB

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय और विद. ेशी व्यापारिक संस्थाओं के एक कंसोर्टियम ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) फ्रेंचाइजी का पूरा मालिकाना हक लगभग 16 हजार 660 करोड़ की राशि में हासिल कर लिया है। यह पूरी तरह से नकद समझौता यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड (यूएसएल) द्वारा घोषित किया गया, जिसके पास डब्ल्यूपीएल और आरपीएल में आरसीबी का मौजूदा मालिकाना हक है।

यूएसएल द्वारा जारी मीडिया रिलीज के अनुसार, उनके बोर्ड ने आदित्य बिड़ला ग्रुप, द टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप, बोल्ट वेंचर्स और ब्लैकस्टोन की स्थाई निजी इक्विटी रणनीति, बीएक्सपीई वाले कंसोर्टियम को फेंचाइजी की ब्रिकी को मंजूरी दे दी है। इस डील के बाद यूएसएल ने कहा कि आईपीएल और डब्ल्यूपीएल दोनों आरसीबी टीम, जिसका संचालन उनकी सहायक रॉयल चैलेंजर्स स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड कर रही थी, वो अब इस समूह के स्वामित्व और संचालन में होंगी। यह कितनी बड़ी रकम है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यह लखनऊ और अहमदाबाद की फ्रेंचाइजियों की कुल कीमत (12 हजार 715 करोड़ रुपये) से भी अधिक है, जिन्हें 2021 में बीसीसीआई ने बेचा था। संयोग से फरवरी 2026 में यह समूह बना भी नहीं था, जब कम से कम आठ निवेशकों को आरसीबी के लिए चिन्हित किया गया था। पिछले नवम्बर में शराब व पेय पदार्थों की दुनिया की दिग्गज कंपनी डियाजियो, जिसकी भारत में यूएसएल में हिस्सेदारी है, ने सेबी को बताया था कि वह आरसीबी में अपने निवेश की रणनीतिक समीक्षा कर रहा है। डियाजियो ने कहा था कि क्रिकेट कंपनी के लिए व्यापार का मुख्य हिस्सा नहीं है और 31 मार्च तक उसका लक्ष्य इस सौदे को पूरा करना है। अब अगले कदम के रूप में नए समूह को बीसीसीआई और कॉम्पिटिशन कमिशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) से इस डील के लिए अनुमति लेनी होगी। 2008 में जब आईपीएल शुरू हुआ था तब आठ टीमों में बेंगलुरु की टीम दूसरी सबसे महंगी टीम थी और उसे विजय माल्या के मालिकाना हक वाले यूनाइटेड ब्रिउरीज लिमिटेड ने 111-6 मिलियन डॉलर में खरीदा था। 2023 में डब्ल्यूपीएल के मालिकों ने आरसीबी के लिए 901 करोड़ रुपये की बोली लगाई जो कि पांच टीमों में तीसरी सबसे महंगी टीम बन गई। अपनी मीडिया रिलीज में मालिकाना हक हासिल करने वाले समूह ने बताया कि आर्यमान बिड़ला, जो कि मध्य प्रदेश के लिए बतौर बल्लेबाज खेल चुके हैं और आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा भी थे, वह इस नए मालिकाना समूह के अध्यक्ष, जबकि टाइम्स ऑफ इंडिया के सत्यम गजवानी उपाध्यक्ष होंगे। कंसोर्टियम ने जारी एक बयान में कहा कि वे आरसीबी का 'कस्टोडियन' बनने पर गर्व महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरसीबी की विनिग कल्चर, बेंगलुरु से इसका गहरा जुड़ाव और दुनिया के खेलों में सबसे जुनूनी फैनबेस में से एक इसे एक असाधारण अवसर बनाते हैं। हम आरसीबी को मैदान पर और उसके बाहर नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह कंसोर्टियम खुद अलग-अलग क्षेत्रों में स्थापित निवेशकों का एक गठबंधन है। आदित्य बिड़ला ग्रुप सीमेंट, फैशन और रिटेल का एक प्रसिद्ध व्यापारिक समूह है।

# मार्कस व कूपर पंजाब किंग्स टीम में शामिल हुए




**चंडीगढ़, वार्ता।** पंजाब किंग्स के ऑस्ट्रेलियाई स्टार मार्कस स्टोइनिस और कूपर कोनोली मोहाली में ऑफिशियली टीम में शामिल हो गए हैं। यह जोड़ी आने वाले टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सीजन की तैयारियों के आखिरी स्टेज में पहुंचने पर टीम के बाकी खिलाड़ियों से जुड़ने के लिए बुधवार को पहले ही पहुंच गई थी।

न्यू चंडीगढ़ के न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खिलाड़ियों का स्वागत किया गया, जिसमें वे बहुत जोश में दिखे। उनके आने से पंजाब किंग्स लाइनअप में जबरदस्त जोश आ गया है, जिससे कैंप में इंटरनेशनल अनुभव और रोमांचक युवा एनर्जी का एक मजबूत मिक्स आया है। किंग्स, जो पिछले सीजन में रनर-अप रहे थे, पिछले कुछ हफ्तों से कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। टीम अब गुजरात जायंट्स के खिलाफ अपने बहुप्रतीक्षित सीजन ओपनर के लिए तैयारी कर रही है।

यह मैच 31 मार्च को उनके घरेलू दर्शकों के सामने खेला जाएगा। पंजाब किंग्स की पूरी टीम: श्रेयस अय्यर (कप्तान), शशांक सिंह, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, अजमतुल्लाह उमरजई, हरनूर सिंह पन्नू, हरप्रीत बराड़, लॉकी फर्ग्यूसन, मार्को यानसन, मार्कस स्टोइनिस, मिच ओवेन, मुशीर खान, नेहाल वढेरा, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, विष्णु विनोद, व्यशाक विजयकुमार, जेवियर बार्टलेट, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन द्वारशुइस, प्रवीण दुबे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अमेलिया वाल्वरडे का अनुबंध नहीं बढ़ाया जाएगा: एफआईएफएफ

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) ने बुधवार को घोषणा की कि भारतीय महिला फुटबॉल टीम की हेड कोच के तौर पर अमेलिया वाल्वरडे का कॉन्ट्रैक्ट आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। 39 साल की कोस्टा रिका की मैनेजर अमेलिया वाल्वरडे को जनवरी में नेशनल टीम की कमान सौंपी गई थी। उनका पहला बड़ा असाइनमेंट 2026 एएफसी महिला एशियन कप इस महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में हुआ था। दो दशकों से अधिक समय बाद इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेते हुए, भारत का प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया में निराशाजनक रहा और ग्रुप स्टेज में बिना कोई मैच जीते ही टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। भारतीय टीम को अपने पहले ग्रुप मैच में वियतनाम के हाथों 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद उन्हें टूर्नामेंट की चैंपियन बनी जापान के हाथों 11-0 से करारी हार मिली, और फिर चीनी ताइपे के हाथों 3-1 से हार के साथ उनका अभियान खत्म हो गया। लगातार खराब नतीजों के बाद एआईएफएफ ने वाल्वरडे के साथ अपना अनुबंध समाप्त करने का फैसला किया है।

### बेलिडा बेनसिक को हराकर कोको गॉफ मियामी ओपन के सेमीफाइनल में

**मियामी।** अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने स्विट्जरलैंड की बेलिडा बेनसिक को हराकर मियामी ओपन 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं। हार्ड रॉक स्टेडियम में कोर्ट गॉफ ने मंगलवार को खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दूसरे सेट में हारने और तीसरे सेट की शुरुआत में पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की दो बार की ओलंपिक पदक के खिलाफ 6-3, 1-6, 6-3 से जीत हासिल की। हार के मुंह से जीत छीनते हुए गॉफ ने ने कहा, 'यह एक मुश्किल मैच' था। बेलिडा एक मजबूत खिलाड़ी हैं। जब भी हम खेलते हैं, तो मैच लंबा चलता है। आज मुझे बहुत दौड़ना पड़ा, कुछ बार मैं गिरी भी।

# केकेआर ने आंद्रे रसल के सम्मान में जर्सी नम्बर 12 को किया रिटायर




**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने अपने पूर्व ऑलराउंडर आंद्रे रसल के सम्मान में जर्सी नम्बर 12 को रिटायर करने का फैसला किया है। रसल ने 2017 को छोड़कर 2014 से 2025 तक केकेआर का प्रतिनिधित्व किया। कुल मिलाकर रसल ने अपने 140 में 133 आईपीएल मुक. ाबले केकेआर के लिए खेला है।

पिछले साल नवम्बर में रसल ने आईपीएल से संन्यास ले लिया था और रसल केकेआर के पावर कोच बन गए थे। रसल ने कोचिग की भूमिका अपनाने पर कहा कि मुझे नहीं लगता इससे मेरे माइंडसेट में बदलाव आया है। मैंने जिनके साथ या जिनके खिलाफ खेला है, मुझे सभी खिलाड़ियों को अब वापस देना है। मुझे ऐसा करने में खुशी महसूस हो रही है। 2014 और 2024 में रसल केकेआर के दोनों खिताबी सीजन का हिस्सा रहे थे। हालांकि उन्होंने 2014 में मात्र दो मुकाबले खेले थे लेकिन 2024 में 15 मुकाबलों के दौरान उन्होंने ऑलराउंड प्रदर्शन कर केकेआर की जीत में अहम भूमिका अदा की थी। उस सीजन रसल ने नौ पारियों में 185 के स्ट्राइक रेट से 222 रन बनाए थे और 15-52 के गें. दबाजी औसत से 19 विकेट हासिल किए थे। आईपीएल के इतर रसल ने 2014-15 में केकेआर के लिए चैंपियंस लीग में भी खेला था और उस सीजन केकेआर फाइनल तक पहुंची थी। रसल नाइट राइडर्स फ्रेंचाइजी की अन्य टीमों, आईएल टी20 में अबु धाबी नाइट राइडर्स और सीपीएल में त्रिनबागो नाइट राइडर्स का भी प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने दोनों टीमों के लिए चार-चार सीजन खेले हैं।

# रिंकू सिंह बने केकेआर के उपकप्तान




**कोलकाता, वार्ता।** कोल. काता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने रिंकू सिंह को उपकप्तान बनाया है। मंगलवार को प्री सीजन एक इवेंट के दौरान केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने इसकी घोषणा की। रिंकू इस भूमिका में वेंकटेश अय्यर की जगह लेंगे जिन्हें नीलामी से पहले केकेआर ने रिलीज कर दिया था।

रिंकू ने कभी टी20 में कप्तानी नहीं की है लेकिन वह 2018 के डेब्यू सीजन के बाद से ही केकेआर के साथ हैं। वह मध्य क्रम में बल्लेबाजी करने के साथ ही फिनिशर की भूमिका अदा करते रहे हैं। आंद्रे रसल की अनुपस्थिति में रिंकू के कंधों पर अतिरिक्त जम्मिेदारी होगी जो आईपीएल से संन्यास लेने के बाद फ्रेंचाइजी के साथ बतौर पावर कोच जुड़ चुके हैं। इवेंट के दौरान केकेआर के मुख्य कोच अभिषेक नायर ने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक सही फैसला है क्योंकि केकेआर में आने और सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा बनने की मेरी पहली याद रिंकू के साथ काम करने की है। इन वर्षों में हमने रिंकू को न सिर्फ एक क्रिकेटर बल्कि एक लीडर के रूप में भी उभरते हुए देखा है। पिछले कुछ वर्षों से जहां उनके प्रदर्शन ने खुद कहानी बयां की है, मैदान के बाहर भी बिना कुछ कहे, वह एक ऐसे इंसान हैं जिनकी बातों को सुनने के लिए टीम बेसब्री से इंतजार करती है। चूंकि हमारे बड़े पावर हिटर (रसल) टीम में नहीं हैं इसलिए हम चाहते थे कि रिंकू थोड़ी और जम्मिेदारी उठाएं।

मुझे लगता है कि विश्व कप विजेता बनने के बाद और टीम संभालने में अजिक्य रहाणे की मदद करने का यह एकदम सही समय है। रिंकू ने केकेआर के लिए 59 मुकाबले खेले हैं और 145-17 के स्ट्राइक रेट से 1099 रन बनाए हैं, वह हाल ही में टी20 विश्व कप जीतने वाले भारतीय दल का हिस्सा थे।

# भारतीय महिला रिकर्व व पुरुष कंपाउंड टीमों ने कांस्य पदक जीते

**बैंकॉक, वार्ता।** भारत की रिकर्व महिला टीम और कंपाउंड पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को एशिया कप 2026 तीरंदाजी स्टेज एक टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीते। आज यहां एसएटी फुटबॉल स्टेडियम में खेलते हुए, भारतीय महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम (रूमा बिस्वास, कीर्ति और रिधि) ने कांस्य पदक के मैच में मलेशिया को 5-1 से हराया।

इस तिकड़ी ने इससे पहले क्वालिफाइंग राउंड में कुल 1915 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया था। रूमा बिस्वास ने 650 अंकों के साथ टीम की अगुवाई की, जबकि कीर्ति और रिधि ने क्रमशः 638 और 627 अंकों का योगदान दिया। महिला रिकर्व टीम स्पर्धा में, भारत ने क्वार्टर-फाइनल में चीनी ताइपे को 6.2 से हराया, लेकिन सेमीफाइनल में चीन से 5.1 से हार गया। वहीं कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में, रजत चौहान, उदय कंबोज और दुनिया के चौथे नम्बर के खिलाड़ी ऋषभ यादव ने भी कांस्य पदक जीता। उन्होंने एक कड़े मुकाबले में भूटान को 234-232 से हराया। भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने क्वार्टर-फाइनल में चीनी ताइपे को 238-228 से हराया था, लेकिन सेमीफाइनल में वियतनाम के हाथों 234-233 से करीबी हार का सामना करना पड़ा। भारत ने इससे पहले कंपाउंड पुरुष क्वालिफाइंग राउंड में भी अपना दबदबा बनाया था और 2126 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया था। रजत चौहान ने 712 अंकों के साथ सबसे आगे रहे।

# दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 33 रनों से हराया और सीरीज भी जीती



**क्राइस्टचर्च, वार्ता।** कॉनर एस्टरहाउजन (75) और रूबिन हरमन (39) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को पांचवें टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 33 रनों से शिकस्त दी। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज 3-2 से अपने नाम कर ली। कॉनर एस्टरहाउसजन को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' और प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला।

188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में के- क्लार्क (दो) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज खुलकर नहीं खेल सके और विकेट गंवाते रहे। न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 154 रन ही बना सकी और मुकाबला 33 रनों से हार गई। टिम रॉबिनसन 20 गेंदों में (25), डेन क्लीवर 17 गेंदों में (22), बी जैक्बस 19 गेंदों में (36), कप्तान जिमी नीशम (24), निक केली (14) और जॉश क्लार्कसन (13) रन बनाकर आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका के लिस गेराल्ड कोएत्जी , वियान मुल्डर और ऑटनील बार्टमैन ने दो-दो विकेट लिए। केशव महाराज ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में टोनी डीजॉर्जी (12) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए रूबिन हरमन ने वियान मुल्डर के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 रन जोड़े। 11वें ओवर में जॉश क्लार्कसन ने वियान मुल्डर (31) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कॉनर एस्टरहाउजन ने रूबिन हरमन के साथ तेजी के साथ रन बटोरे। इसी दौरान बेन सीयर्स ने रूबिन हरमन को आउट कर न्यूजीलैंड को तीसरी सफलता दिलाई। रूबिन हरमन ने 31 गेंदों में चार चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 39 रन बनाए। कॉनर एस्टरहाउसजन ने 33 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए 75 रनों की पारी खेली। उन्होंने पारी के आखिरी ओवर में बेन सीयर्स ने आउट किया। दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 187 रनों का स्कोर बनाया। न्यूजीलैंड के लिए बेन सीयर्स ने दो विकेट लिए। जैकरी फॉक्स और जॉश क्लार्कसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए बीसीसीआई के सीओई को रिपोर्ट करेंगे

**मुंबई, वार्ता।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए बीसीसीआई के बेंगलुरु में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) को रिपोर्ट करेंगे। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि बुमराह मुख्य रूप से स्ट्रेंथ और कंडीशनिग पर काम करने के लिए सीओई में हैं। ऐसा समझा जाता है कि सीओई में बुम. राह के काम करने का प्लान बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने जुलाई में इंग्लैंड के भारत के व्हाइट-बॉल टूर पर फोकस करते हुए बनाया है, जहां वे पांच टी20 और तीन वनडे खेलेंगे। समझा जाता है कि बुमराह सीओई में बॉलिग जारी रखेंगे और जल्द ही मुंबई इंडियंस के साथ जुड़ेंगे ताकि वे आईपीएल 2026 का अपना पहला मैच खेलने के लिए तैयार हो सकें, जो 29 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ एक होम गेम है।

# जैनिक मियामी के क्वार्टर फाइनल में

**मियामी, वार्ता।** विश्व के नम्बर दो खिलाघी जैनिक सिनर ने मंगलवार को देर से वापसी करते हुए एटीपी मास्टर्स 1000 सेट जीतने की अपनी रिकॉर्ड-तोड़ स्ट्रीक बनाए रखी और साथ ही मियामी ओपन में क्वार्टर-फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

सिनर ने हार्ड रॉक स्टेडियम में घरेलू उम्मीद एलेक्स मिशेल. सन को 7-5, 7-6(4) से हराया और प्रतिष्ठित 'सनशाइन डबल' को पूरा करने के अपने मिशन को ट्रैक पर रखा। इंडियन वेल्स चैंपियन सिनर ने दूसरे सेट में 2-5 से वापसी करते हुए एक घंटे, 42 मिनट में जीत हासिल की और मास्टर्स 1000 इवेंट्स में लगातार जीते गए सेटों की संख्या को रिकॉर्ड 28 तक पहुंचाया। जीत के बाद सिनर ने कहा कि मुझे लगां कि आज सर्व ने मेरी काफी मदद की, खासकर जरूरी मौकों पर और टाई-ब्रेक में, इसलिए मैं इससे खुश हूं।साथ ही, मुझे पता है कि अगर मुझे इस टूर्नामेंट में आगे जाना है, तो मुझे कोर्ट के पीछे से सुधार करना होगा। कल छुट्टी का दिन है, जिससे मुझे मदद मिलेगी और मैं प्रैक्टिस सेशन में अच्छी रिदम ढूंढने की कोशिश करूंगा। फिर देखते हैं कि चीजें कैसी रहती हैं। कल रात के हालात बिल्कुल अलग हैं, इसलिए मैं खुश हूं कि मैंने कैसे मुकाबला किया। यह बहुत करीबी था। एलेक्स के खिलाफ बहुत करीबी मैच था। वह एक मुश्किल अपोनेंट है, इसलिए मैं बहुत खुश हूं। सिनर ने मिशेलसन के खिलाफ जीत के रास्ते में अपनी पहली सर्व के पीछे 90 परसेंट (38/42) पॉइंट्स जीते। इटैलियन खिलाड़ी गुरुवार को क्वार्टर-फाइनल में 19वीं सीड फांसेस टियाफो से मुकाबला करते समय भी ऐसे ही नंबर्स लाने की उम्मीद करेगा, साथ ही वह अपने गेम के दूसरे एरिया में भी सुधार करने की कोशिश करेगा। टियाफो ने टेरेंस एटमाने को हराकर 2019 के बाद पहली बार मियामी में क्वार्टर-फाइनल में पहुंचे। सोमवार को डिफेंडिग चैंपियन जैकब मेन्सिक को हराने के लिए दो मैच पॉइंट बचाने के बाद, फ्रांसेस टियाफो मंगलवार रात एटमाने के खिलाफ फाइनल सेट में 0/40 से 4-4 से पीछे थे। लेकिन एक बार फिर उस पल में 'मौजूद' रहकर, अमेरिकी खिलाड़ी उस मुश्किल से निकल. कर 6-4, 1-6 से आगे हो गए। निर्णायक सेट में 6-4 से जीत के साथ, वह अपने पांचवें एटीपी मास्टर्स 1000 क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गए और 2024 में सिनसिनाटी के बाद पहले क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गए। नेक्स्ट जेन एटीपी स्टार मार्टिन लैंडाल्यूस ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के क्वार्टर-फाइनल में पहुं. चने के लिए घरेलू पसंदीदा सेबेस्टियन कोर्डा पर 2-6, 7-6(6), 6-4 की नाटकीय जीत में एक मैच पॉइंट बचाया। जीत हासिल करने के बाद जब लैंडाल्यूस से पूछा गया कि उनके दिमाग में क्या था।

# लैक्रोस टीमें लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक के क्वालिफाई करने का लक्ष्य रखें: मांडविया



**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने बुधवार को रियाद में हुए एशियन लैक्रोस गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष और महिला लैक्रोस टीमों को सम्मानित किया। उन्होंने टीमों से कड़ी मेहनत जारी रखने और लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करके इतिहास रचने का लक्ष्य रखने का आग्रह किया।

आज यहां खिलाड़ियों से बात. चीत करते हुए लैक्रोस जैसे उभरते खेलों में दृढ़ संकल्प, अनुभव और लगातार प्रयास के महत्व पर बल देते हुए कहा, ष्लैक्रोस भारत के लिए एक बड़ा उभरता हुआ खेल है। यह आपका पहला बड़ा अंत. रराष्ट्रीय अनुभव था और आप पहले ही देश के लिए मेडल जीत लाए हैं। अब आपका ध्यान और कड़ी मेहनत करने, अधिक अनुभव हासिल करने और लॉस एंजिल्स 2028 के लिए क्वालिफाई करने का लक्ष्य रखकर देश को गौरवान्वित करने पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार 'खेलो इंडिया' जैसी पहलों के माध्यम खिलाड़ियों को लगातार सहयोग देती रहेगी, लेकिन उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि जुनून और लगन ही सफलता की असली कुंजी हैं। उल्लेखनई है कि इस साल फरवरी में सऊदी अरब के रियाद में हुए एशियन लैक्रोस गेम्स में भारत ने जबरदस्त प्रदर्शन किया।

# आईएसएसएफ वर्ल्ड कप सीरीज का मोरक्को में होगा आगाज, भारत तैयार

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप सीरीज का आगाज हो चुका है और 12 सदस्ईय भारतीय टीम साल के पहले आईएसएसएफ वर्ल्ड कप शॉटगन में हिस्सा लेने के लिए तैयार है,

जो 25 मार्च से 3 अप्रैल 2026 तक मोरक्को के टैंजियर में आयोजित होगा। इस प्रतियोगिता में 43 देशों के 270 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जहां पांच ओलंपिक शॉटगन स्पर्धाओं में पांच स्वर्ण पदकों के लिए मुक. ाबला होगा। इसमें मौजूदा विश्व और ओलंपिक चैंपियन भी शामिल हैं, जो एक लंबे और महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सीजन से पहले अपनी तैयारियों को परखने के लिए उत्सुक हैं। पुरुष और महिला स्कीट निशानेबाज सबसे पहले मैदान में उतरेंगे, जहां क्वालिफिकेशन राउंड के पहले 75 शॉट्स शुक्रवार (27 मार्च 2026) को खेले जाएंगे। इसके बाद अगले 50 शॉट्स और फाइनल अगले दिन आयोजित होंगे। प्रतियोगिता का अंतिम फाइनल ट्रैप मिक्स्ड टीम इवेंट होगा, जो 2 अप्रैल 2026 को खेला जाएगा। भारतीय शॉटगन टीम ने पिछली बार पूरी टीम के रूप में पिछले साल एथेंस वर्ल्ड चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था, जहां सीनियर खिलाड़ी जोरावर सिंह संधू ने पुरुष ट्रैप में ऐतिहा. सिक कांस्य पदक जीता था। टीम सोमवार को ही मोरक्को पहुंच गई थी, जो म्रि के काहिरा होते हुए टैंजियर पहुंची। खिलाड़ियों ने आधिकारिक स्थल टैंजियर शूटिग क्लब रेंज में अनौपचारिक अभ्यास सत्र भी कर लिया है। स्कीट निशानेबाजों के लिए आधिकारिक प्री-इवेंट ट्रेनिग गुरुवार (26 मार्च) को निर्धारित है। स्कीट प्रतियोगिताओं से पहले राष्ट्रीय कोच विक्रम चोपड़ा ने कहा, ष्हम जल्दी इसलिए आए ताकि यहां के माहौल के अनुसार खुद को ढाल सकें और क्योंकि टीम लंबे समय बाद इस स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर रही है। ट्रेनिग कड़ी और सकारात्मक रही है, लेकिन एक महत्वपूर्ण साल की शुरुआत में अपनी तैयारी को परखने के लिए विश्वस्तरीय प्रतियोगिता से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। हमें उम्मीद है कि हम मोरक्को में साल की सकारात्मक शुरुआत करेंगे। टैंजियर में पुरुष स्कीट में भारत की उम्मीदों का जिम्मा अनुभवी खिलाड़ी मन सिंह और परम्पाल सिंह गुरोन के कंधों पर होगा, जबकि ज्योतिरादित्य सिंह सिसोदिया टीम को पूरा करेंगे। मन सिंह, जो पूर्व एशियाई चैंपियन हैं, तीन साल बाद टीम में वापसी कर रहे हैं, जबकि परम्पाल ने आखिरी बार 2022 में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 26 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# विश्वास की कमी

बुधवार को खबर आई कि पाकिस्तान की मार्फत ईरान को अमेरिका की तरफ से युद्ध समाप्त करने को लेकर 15 शर्तीय पैगाम पहुंचाया गया। उसमें क्या शर्तें थी यह तो सामने नहीं आया, लेकिन ईरान की तरफ से जो जवाब आया है उससे साफ है कि ईरान इस समय अमेरिका की तरफ से आ रहे किसी भी शांति प्रस्ताव को लेकर गंभीर नहीं है। ईरान की तरफ से कहा गया है कि अगर अमेरिका उसकी पांच शर्तों को मानेगा, तो युद्ध विराम पर विचार किया जा सकता है। सबसे बड़ी शर्त तो उसकी यही है कि युद्ध में अब तक जो ईरान का नुकसान हो रहा है, अमेरिका उसका मुआवजा दे। दूसरे वह कुछ सप्ताह या महीने के युद्ध विराम पर सहमत नहीं हो सकता, उसके लिए जरूरी है कि ऐसा वादा किया जाए, जिससे युद्ध हमेशा के लिए खत्म हो। तीसरे ईरान चाहता है कि होर्मुज पर उस पर इंटरनेशनल अथॉरिटी की तरफ से उसको पूरी तरह कंट्रोल हासिल हो। ऐसी दो अन्य शर्तें भी हैं। जाहिर है, आज के संदर्भ में इस तरह की गारंटी कोई भी देश लेने को शायद ही कोई तैयार होगा। इसलिए जो शांति के प्रयास इस समय चल रहे हैं वे कुछ उम्मीद तो जगाते हैं, लेकिन साथ ही भ्रमित भी करते हैं कि वास्तव में दोनों ही पक्ष युद्ध रोकने के लिए गंभीर हैं भी या नहीं। असल में इस समय जो देखने में आ रहा है वह यह है कि दोनों ही पक्षों के बीच में अविश्वास की खाई इतनी गहरी हो चुकी है कि इसको पाटना अभी बेहद मुश्किल दिखाई दे रहा है और किसी भी सकारात्मक नतीजे पर पहुंचने के लिए यह खाई पाटना बेहद जरूरी होता है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि इस अनिश्चितता के लिए अगर इस समय कोई देश सबसे ज्यादा जिम्मेदार है तो वह अमेरिका और इस्राईल ही है। जिन्होंने बिना किसी उकसावे के न सिर्फ ईरान पर हमला किया, बल्कि उसके टॉप लीडर्स व अधिकारियों को मार गिराया और यह क्रम अभी भी जारी है। दोनों ही पक्ष एक-दूसरे के शहरों पर लगातार अभी भी बमबारी कर रहे हैं। कोई भी समझ सकता है कि बमबारी और शांति की वार्ता साथ-साथ नहीं चल सकते। उसके लिए पहले वार्ता का माहौल बनाना बेहद जरूरी होता है, जो बनता दिखाई नहीं दे रहा। जहां तक बात भारत की है, भारत में इस समय एलपीजी व डीजल, पेट्रोल की किल्लत स्पष्ट दिखाई दे रही है, भले ही सरकार कहे कि उसके पास ऊर्जा संसाधनों की कोई कमी नहीं है, जैसीकि उसने बुधवार को होने वाली सर्वदलीय बैठक के बाद भी कहा, लेकिन आम जनता की बात तो छोड़िए विपक्षी दल ही सरकार के आश्वासनों से सहमति जताते दिखाई नहीं दे रहे हैं और इस संकट के लिए पीएम मोदी को सीधे जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। राहुल गांधी पहले ही कह चुके हैं कि विदेश नीति मोदी की निजी विदेश नीति में बदल गई है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि विदेश नीति को हम इस समय पटरी से उतरते देख रहे हैं।

## यू-टर्न उस्ताद पीएम मोदी ने बदला मन



नए संसद भवन में नारी वंदन अधिनियम, 2023 ऐतिहासिक कानून को पारित किया गया था, इस कानून के जरिए संविधान में संशोधन करके लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान किया गया था, इस कानून में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों के भीतर भी एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान शामिल था, इन आरक्षणों को लागू करने का काम स्पष्ट तौर पर परिसीमन और जनगणना की प्रक्रिया पूरी होने से जोड़ा गया था, कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनावों से ही इसे तुरंत लागू करने की जोरदार मांग की थी, तब मोदी सरकार ने यह तर्क दिया था कि परिसीमन और जनगणना का काम पहले पूरा किए बिना ऐसा करना संभव नहीं है, अब यू-टर्न उस्ताद पीएम मोदी ने 30 महीने बाद अचानक अपना मन बदल लिया है।

**-जयराम रमेश, वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# बढ़ती गर्मी से कीटों पर बढ़ता संकट

**अध्ययन से पता चला कि गर्म और निचले इलाकों में रहने वाले कीट आम तौर पर ठंडे और ऊंचे इलाकों के कीटों की तुलना में ज्यादा तापमान सहन कर सकते हैं। लेकिन इसके साथ एक बड़ी समस्या भी है। निचले इलाकों का वातावरण पहले ही उस अधिकतम तापमान के बहुत निकट है, जिसे वहां रहने वाले कीट सह सकते हैं। इसलिए अगर तापमान थोड़ा भी बढ़ता है, तो वे जल्दी ही अपनी सहनशीलता की सीमा पार कर सकते हैं।**



उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के गर्म और निचले स्थानों में रहने वाले कीट अत्यधिक गर्मी में भी जीवित रहने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं, लेकिन एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन से पता चला है कि इनमें से कई कीट पहले ही अपनी सहनशक्ति के तापमान की सीमा के करीब रह रहे हैं। ऐसे में अगर पृथ्वी का तापमान और बढ़ता है, तो इन प्रजातियों के लिए बड़ा खतरा पैदा हो सकता है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित इस शोध में यह देखा गया कि अलग-अलग कीट प्रजातियां गर्मी पर किस तरह प्रतिक्रिया देती हैं ताकि यह समझा जा सके कि जलवायु परिवर्तन उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में कीटों की विविधता को कैसे प्रभावित कर सकता है।

गौरतलब है कि स्तनधारियों के विपरीत, कीट अपने शरीर का तापमान खुद नियंत्रित नहीं कर सकते। उनके शरीर का तापमान लगभग पूरी तरह आसपास के वातावरण पर निर्भर करता है। इसलिए अधिक गर्मी से बचने के लिए वे छांव में चले जाना, मिट्टी में दुबक जाना या ठंडक के समय में ही सक्रिय रहना जैसे तरीके अपनाते हैं। उनके शरीर में कुछ खास प्रकार के प्रोटीन भी बनते हैं, जो अधिक तापमान से कोशिकाओं को नुकसान से बचाने में मदद करते हैं। इन्हें 'हीट शॉक प्रोटीन' कहा जाता है। लेकिन इस सुरक्षा की भी एक सीमा है। जब तापमान एक हद से ऊपर चला जाता है, तो कीट हिलना-डुलना बंद कर देते हैं और अंततरू मर जाते हैं।

कीटों की अधिकतम ऊष्मा-सहनशीलता सीमा को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने लगभग 2300 प्रजातियों पर एक बड़ा फील्ड अध्ययन किया। यह काम पर्यावरण वैज्ञानिक किम ली होल्जमैन के शोध से शुरू हुआ था। उन्होंने पेरू के एंडीज पर्वत क्षेत्र में अलग-अलग ऊंचाइयों से कई मौसमों के दौरान कीट इकट्ठा किए। हर कीट को एक छोटी ट्यूब में रखकर धीरे-धीरे बढ़ती गर्मी के संपर्क में लाया गया। वैज्ञानिक यह देखते रहे कि किस तापमान पर कीट हिलना-डुलना बंद कर देता है, क्योंकि यही उसकी गर्मी सहने की अधिकतम सीमा मानी जाती है। बाद में इसी तरह का प्रयोग केन्या के एक अन्य उष्णकटिबंधीय पर्वतीय क्षेत्र में भी किया गया।

अध्ययन से पता चला कि गर्म और निचले इलाकों में रहने वाले कीट आम तौर पर ठंडे और ऊंचे इलाकों के कीटों की तुलना में ज्यादा तापमान सहन कर सकते हैं। लेकिन इसके साथ एक बड़ी समस्या भी है। निचले इलाकों का वातावरण पहले ही उस अधिकतम तापमान के बहुत निकट है, जिसे वहां रहने वाले कीट सह सकते हैं। इसलिए अगर तापमान थोड़ा भी बढ़ता है, तो वे जल्दी ही अपनी सहनशीलता की सीमा पार कर सकते हैं। अध्ययन में यह भी पाया गया कि अलग-अलग कीट समूहों की गर्मी सहने की क्षमता अलग होती है। उदाहरण के लिए, मक्खियां सबसे ज्यादा संवेदनशील हैं और औसतन लगभग 39 डिग्री सेल्सियस पर ही उनकी गतिविधि रुकने लगती है। भृंग (बीटल) थोड़े मजबूत होते हैं और करीब 41 डिग्री सेल्सियस तक गर्मी सह सकते हैं। मधुमक्खियां और अन्य कॉलोनी बनाकर रहने वाले कीट इससे थोड़ी अधिक गर्मी झेल सकते हैं। टिड्डे और उनसे मिलती-जुलती प्रजातियां सबसे ज्यादा सहनशील पाई गईं, जो लगभग 44 डिग्री सेल्सियस तक का तापमान सह सकती हैं।

इन समूहों के अंतर को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने सैकड़ों कीट प्रजातियों के जेनेटिक डैटा का अध्ययन किया। कंप्यूटर मॉडल की मदद से उन्होंने देखा कि कीटों के शरीर में मौजूद हीट शॉक प्रोटीन की संरचना किस तापमान पर बिखरने लगती है। नतीजे प्रयोगों से मिले परिणामों से मेल खाते थेय जिन प्रजातियों के प्रोटीन अधिक स्थिर थे, वे अधिक गर्मी सहन कर पाए। इससे संकेत मिलता है कि गर्मी सहने की यह सीमा कीटों की जैविक बनावट से जुड़ी है। और जैविक बनावट सहस्राब्दियों में बदलती है। अर्थात इन कीट प्रजातियों की स्थिति कमोबेश स्थिर रहेगी। यह अध्ययन चिंताजनक है। जलवायु मॉडल बताते हैं कि इस सदी के अंत तक उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों का तापमान इतना बढ़ सकता है कि लगभग आधी कीट आबादियां कुछ घंटों तक भविष्य की गर्मी झेलने के बाद बेहोशी जैसी स्थिति में पहुंच सकती हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इतनी चरम स्थिति आने से पहले ही कीटों की संख्या घटने लग सकती है, क्योंकि लंबे समय तक गर्मी का दबाव उनके जीवित रहने और प्रजनन की क्षमता को कम कर देता है।

कीट पर्यावरण में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परागण, जैविक कचरे का विघटन करके वे खाद्य संजाल का एक जरूरी हिस्सा होते हैं। अगर उनकी संख्या घटती है, तो इसका असर पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ सकता है। शोधकर्ता कहते हैं कि यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है कि उष्णकटिबंधीय कीट बदलते मौसम के साथ कैसे तालमेल बिठाएंगे। लेकिन अध्ययन दर्शाता है कि दुनिया के सबसे गर्म इलाकों में तापमान में थोड़ी-सी बढ़ोतरी भी कई कीट प्रजातियों की सहनशीलता को परास्त कर सकती है।

**-स्रोत फीचर्स**

## उड़ते समय भौंरे खुद को ठंडा कैसे रखते हैं

**स्रोत फीचर्स**


भौंरे जबर्दस्त उड़ाके होते हैं। वे लगभग 22 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकते हैं। इतनी तेज उड़ान के दौरान उनकी मांसपेशियां फड़फड़ाकर काफी गर्मी पैदा करती हैं। तो उड़ते समय भौंरे का शरीर बहुत गर्म हो सकता है। जैसे कार का इंजन, जिसे ठंडा न किया जाए तो खूब गर्म हो सकता है। तो भौंरे उड़ान के दौरान गर्म होकर झुलस क्यों नहीं जाते?

नए शोध से पता चला है कि वे अपने पंखों की तेज फड़फड़ाहट से बहने वाली हवा के जरिए खुद को ठंडा रखते हैं, जब भौंरा हवा में एक जगह ठहरकर उड़ता है, तो उसके पंखों से नीचे की ओर बहती हवा उसके शरीर का तापमान लगभग 5 डिग्री सेल्सियस तक कम कर देती है। इतने छोटे कीट के लिए यह बहुत बड़ी राहत है। उड़ान के दौरान भौंरों की मांसपेशियां बहुत ज्यादा गर्मी पैदा करती हैं। ठंड में तो यह गर्मी उड़ान के लिए वार्मअप में काम आ जाती है। लेकिन गर्मियों में यह खतरनाक साबित होती है। अतिरिक्त गर्मी से निपटने के उनके कुछ तरीके तो पहले से मालूम हैं। वे अपने वक्षस्थल (जहां उड़ान की मांसपेशियां होती हैं) से गर्मी को शरीर के पिछले हिस्से तक एक खास द्रव के जरिए पहुंचा सकते हैं। वैज्ञानिक यह भी देखते रहे हैं कि धूप उन्हें कितना गर्म करती है और पसीने जैसी प्रक्रिया से उन्हें कितनी ठंडक मिलती है। इन सबको मिलाकर वैज्ञानिक 'ऊष्मा संतुलन मॉडल' कहते हैं। लेकिन अब तक एक बात स्पष्ट नहीं थीरू क्या उनके पंखों से पैदा होने वाला वायु प्रवाह भी उन्हें ठंडा करने में मदद करता है। इसे समझने के लिए वैज्ञानिकों ने भौंरों को एक खास प्रयोगशाला कक्ष में रखा, जहां हवा की गति मापने वाले उपकरण लगे थे। जब भौंरे नकली फूलों के ऊपर मंडरा रहे थे, तब शोधकर्ताओं ने देखा कि उनके आसपास हवा लगभग 0.25 से 2 मीटर प्रति सेकंड की रफ्तार से बह रही थी। धुंध जैसी हल्की फुहार का इस्तेमाल करके उन्होंने यह भी देखा कि हवा उनके शरीर के चारों ओर कैसे फैलती है। यह जानने के लिए कि यह हवा उन्हें कितनी ठंडक देती है, वैज्ञानिकों ने और भी परीक्षण किए। उन्होंने भौंरों के शरीर में बहुत छोटे तापमापी लगाए और हवा की वही स्थिति बनाई। तापमान में बदलाव की तुलना करके उन्होंने पाया कि अगर पंखों से पैदा होने वाली यह ठंडक न मिले, तो भौंरा दो मिनट से भी कम समय में तपकर टपक सकता है। यानी भौंरों के पंखों से पैदा होने वाला हवा का बहाव एक तरह का प्राकृतिक कूलिंग सिस्टम है। हालांकि वैज्ञानिक अभी पूरी तरह नहीं समझ पाए हैं कि जब भौंरे उड़ते-उड़ते आगे बढ़ते हैं, तब यह प्रक्रिया कैसे काम करती है।

# चंद्रमा के प्राचीन चुंबकीय क्षेत्र का रहस्य

**यह भी स्पष्ट हुआ कि दोनों तरह की चट्टानें चुंबकीय जानकारी सहेजकर रखने में समान रूप से सक्षम थीं। यानी फर्क चट्टानों की चुंबकीय सूचना को सहेजने की क्षमता में नहीं, बल्कि इस बात में था कि उनकी चुंबकीय क्षेत्रा पैदा करने की क्षमता में अंतर था। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि अरबों साल पहले चंद्रमा के अंदर, मेंटल की गहराई में मौजूद टाइटेनियम-समृद्ध चट्टानें समय-समय पर पिघलती थीं। जिसके लिए गर्मी कोर तथा आसपास के पदार्थ से मिलती था। इससे कुछ समय के लिए कोर में मंथन शुरू हो जाता और एक शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र बन जाता था।**

लगभग पचास वर्ष पूर्व अपोलो मिशन से लाई गई चंद्रमा की चट्टानों में मौजूद खनिज बताते हैं कि करीब 3.5 अरब साल पूर्व चंद्रमा पर बहुत शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र था, जो लाखों साल तक बना रहा। लेकिन इतनी ताकतवर चुंबकीय शक्ति के लिए चंद्रमा के भीतर पिघला और गतिशील कोर होना जरूरी है। वैज्ञानिकों का मानना था कि चांद का अपेक्षाकृत छोटी साइज का कोर जल्दी ठंडा हो गया होगा। लेकिन उसी समय की कुछ अन्य चट्टानें संकेत दे रही थीं कि चंद्रमा का चुंबकीय क्षेत्र कमजोर था। इन दोनों अवलोकनों के कारण रहस्य पैदा हुआ।



अब एक नए अध्ययन से राह खुली है। नेचर जियोसाइंस में प्रकाशित शोध के अनुसार, चंद्रमा पर लगातार शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र नहीं था। बल्कि 4 अरब से 3.5 अरब साल पूर्व के दरम्यान बार-बार सीमित समय के लिए लेकिन बहुत शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र बनता था। अपोलो मिशन द्वारा लाई गई कुछ ज्वालामुखीय चट्टानों की ध्यानपूर्वक जांच से पता चला कि उनमें कम टाइटेनियम वाली चट्टानों की तुलना में अधिक टाइटेनियम वाली चट्टानों में चुंबकीय शक्ति अधिक थी। यह भी स्पष्ट हुआ कि दोनों तरह की चट्टानें चुंबकीय जानकारी सहेजकर रखने में समान रूप से सक्षम थीं। यानी फर्क चट्टानों की चुंबकीय सूचना को सहेजने की क्षमता में नहीं, बल्कि इस बात में था कि उनकी चुंबकीय क्षेत्र पैदा करने की क्षमता में अंतर था।

शोधकर्ताओं का अनुमान है कि अरबों साल पहले चंद्रमा के अंदर, मेंटल की गहराई में मौजूद टाइटेनियम-समृद्ध चट्टानें समय-समय पर पिघलती थीं। जिसके लिए गर्मी कोर तथा आसपास के पदार्थ से मिलती था। इससे कुछ समय के लिए कोर में मंथन शुरू हो जाता और एक शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र बन जाता था। जब यह पिघला हुआ मैग्मा सतह पर ठंडा होकर ठोस बन जाता, तो उस समय का चुंबकीय असर उसके भीतर दर्ज रह जाता था। इस नए विचार के अनुसार, चंद्रमा पर लगातार और लंबे समय तक बना रहने वाला चुंबकीय क्षेत्र नहीं था। बल्कि वहां बार-बार बहुत शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र थोड़े-थोड़े समय (5,000 साल से भी कम के समय) के लिए बनता था। शेष लंबे समय तक कमजोर चुंबकीय क्षेत्र रहता था। यही वजह हो सकती है कि कुछ चट्टानों में शक्तिशाली चुंबकीय गुण दिखता है, जबकि उसी समय की अन्य चट्टानों में नहीं। यह अंतर शायद नमूने इकट्ठा करने की जगह के कारण हो सकता है। अपोलो मिशन ज्यादातर ज्वालामुखीय मैदानों में उतरे थे, जहां बार-बार लावा बहा था। संभव है कि वहां ऐसी चट्टानें ज्यादा मिली हों जो विस्फोटों के दौरान बनी थीं, जिससे ऐसा लगा कि चुंबकीय क्षेत्र लंबे समय तक लगातार शक्तिशाली था। कुछ विशेषज्ञों का मत है कि यह नया विचार चंद्रमा के पूरे चुंबकीय इतिहास को नहीं समझा पाता। फिर भी यह जांच के लिए एक नई दिशा जरूर देता है। आगे की प्रगति नए मिशनों से लाए जाने वाले नमूनों की मदद से आगे बढ़ेगी, जैसे चीन के चंद्रमिशन के नमूनों के अध्ययन से।

**-स्रोत फीचर्स**

# चंडीगढ़ : नाम बड़े मगर दर्शन छोटे

भारत में वर्तमान में 8 केंद्र शासित प्रदेशों में चंडीगढ़ अकेला है जिसे सिटी ब्यूटीफुल कहा जाता है। इसकी सबसे बड़ी और अनोखी विशेषता यह है कि यह देश का एकमात्र केंद्र शासित प्रदेश है जो देश के पंजाब और हरियाणा जैसे दो समृद्ध राज्यों की संयुक्त राजधानी है। इसके अतिरिक्त चंडीगढ़ न केवल एक शहर है, बल्कि यह एक स्वतंत्र केंद्र शासित प्रदेश भी है, जो सीधे केंद्र सरकार के अधीन आता है। इसकी स्थापना की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि यह है कि 1947 के भारत विभाजन के बाद जब पूर्वी पंजाब की पुरानी राजधानी लाहौर पाकिस्तान में चली गई तो भारतीय पंजाब को एक नई राजधानी की जरूरत महसूस हुई। उसी समय 1950 के दशक में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की दूरदर्शिता के परिणाम स्वरूप चंडीगढ़ को आधुनिक भारत के पहले व पूर्णत: नियोजित शहर के रूप में पंजाब की नई राजधानी के तौर पर इसे बनाया गया। इसे विश्व प्रसिद्ध स्विस-फ्रेंच वास्तुकार ले कोर्बुजिए ने डिजाइन किया था। बाद में जब 1 नवंबर 1966 को पंजाब राज्य को भाषाई आधार पर विभाजित कर हरियाणा बनाया गया उस समय चंडीगढ़ को दोनों राज्यों के बीच विवाद से बचने के लिए केंद्र शासित प्रदेश घोषित कर दिया गया और इसे दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी बना दिया गया। आज भी दोनों प्रदेशों की राजधानी होने के बावजूद चंडीगढ़ न तो पूरी तरह पंजाब का है और न हरियाणा का बल्कि यह पूरी तरह केंद्र सरकार द्वारा प्रशासित है।

लगभग 50 आयताकार सेक्टरों में बांटा गए इस चंडीगढ़ में चौड़ी सड़कें, हरियाली, पार्क और आधु. निक इमारतें हैं। यहां कैपिटल कॉम्प्लेक्स के रूप में विधानसभा, सचिवालय व उच्च न्यायालय हैं। यहां विद्युत ,जल निकासी,नाले नालियां सभी भूमिगत हैं। यह शहर यूनेस्को की भी विश्व धरोहर है।यहां स्थित रॉक गार्डन, सुखना झील, रोज गार्डन आदि जगहें इसे पर्यटन स्थल के रूप में पहचान देती हैं। भारत के अन्य शहरों की तुलना में यहां जनघनत्व कम, सड़कें व्यवस्थित और प्रदूषण नियंत्रित होने का दावा किया जाता है। यह भारत में मानव विकास सूचकांक और जीवन की गुणवत्ता में भी शीर्ष पर है। यह ह्पेंशनर्स पैराडाइजह्न भी कहलाता है क्योंकि यहां शांत वातावरण, अच्छी सुविधाएं और उच्च जीवन स्तर है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में यह दूसरे नंबर पर था । आवासीय क्षेत्र, बाजार , जल निकासी और सार्वजनिक शौचालयों के मामले में भी यह सबसे साफ केंद्र शासित प्रदेश गिना जाता है परन्तु इसी चमचमाते चंडीगढ़ का एक दूसरा पहलू भी है जो कि अत्यंत दुखद,शर्मनाक व चंडीगढ़ जैसे सुनियोजित शहर की सुंदरता व इस पर लगे सिटी ब्यूटीफुल के लेबल पर सवाल खड़ा करने वाला है। मिसाल के तौर पर निश्चित रूप से यहां के अधिकांश मुख्य मार्ग साफ सुथरे हैं परन्तु जब आप चंडीगढ़ के घनी आबादी वाले रिहाइशी इलाकों से गुजरें तो आप को पता चलेगा कि चंडीगढ़ की एक बड़ी मध्यम व निम्न मध्यम वर्गीय आबादी किस तरह रहती है। उदाहरण के तौर पर चंडीगढ़ में हेलो माजरा,राम दरबार कालोनी व डड्डू माजरा जैसे अनेक इलाके ऐसे हैं जहां सड़कें खस्ता हाल हैं। गड्ढे हैं ,जगह जगह कूड़ों का ढेर है। गाएं व सांडों का झुण्ड जगह जगह घूमता व चौक चौराहों पर डेरा जमाए नजर आता है। राम दरबार कॉलोनी की टूटी-फूटी सड़कों, गंदगी, जाम नालियों और खराब सफाई घ्प्रबंधन के कारण अपेक्षाकृत चंडीगढ़ के उपेक्षित इलाकों में गिने जाते हैं। ह्राम दरबार वॉर्ड19 की एक बड़ी आबादी वाली बस्ती है, जिसकी मूल सुविधाओं की हालत लगातार घटती जा रही है और समस्याएं दोनोंदिन बढ़ती जा रही हैं।

इसी राम दरबार की शान है एक प्राचीन सूफी स्थल दरबार, माता राम बाई जी,अम्मी हुजूर। चंडीगढ़ को पहचान देने वाला यह अकेला ऐसा स्थान है जो सर्व धर्म समभाव का मुख्य केंद्र है। इससे सटा हुआ एक सार्वजनिक शौचालय है जोकि चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा निर्मित व संचालित है परन्तु आश्चर्य की बात यह है कि इस शौचालय भवन में बिजली का कनेक्शन कटा हुआ है। इसलिए शौचालय के कर्मचारी गैरकानूनी तरीके से इधर उधर से बिजली का तार जोड़कर अपनी जरूरतें पूरी करते हैं। इसी शौचालय के कर्मचारी यह भी बताते हैं कि उन्हें ठेकेदार कई कई महीने तक तनख्वाह नहीं देता और हद तो यह है कि चंडीगढ़ के इसी सार्वजनिक शौचालय ने गंदिगी,बीमारी व प्रदूषण फैलाने की वह इबारत लिखी है जिसकी दूसरी मिसाल शायद ही कहीं देखने को मिले। लाखों रूपये खर्च कर किए गए इस निर्माण में शौचालय की सीवरज प्रणाली शायद जाम हो गई है। लिहाजा यहां के कर्मचारियों ने शौचालय के पीछे व पवित्र दरबार भवन की दिशा में लगभग 20 फुट लंबा एक गहरा व खुला गड्ढा खोद कर उसी से सीवेरज को जोड़ दिया है। परिणामस्वरूप शौचालय की सारी गंदिगी आगे बढ़ने के बजाए उसी गड्ढे में हर वक्त भरी रहती है और दुर्गन्ध फैलती रहती है।




इसी जगह के पास प्रत्येक वृहस्पतिवार को एक विशाल मंडी भी लगती है जिसमें हजारों लोग आते जाते हैं। इसी जगह पर कूड़ों का ढेर भी पड़ा रहता है जो आम दिनों में प्रदूषण फैलाता है। परन्तु इंतेहा तो तब हो जाती है जब इन्हीं कूड़े के ढेरों में आग लग जाती है। कई बार अग्निशामक दस्ते के लोगों को आकर यह आग बुझानी पड़ी है। 1 जून 2025 को ददुमाजरा लैंडफिल साइट जोकि 45 एकड़ में फैला कूड़ा का पहाड़ है यहां पर भयानक आग लग गई थी। यह आग तेज हवाओं के कारण तेजी से बड़े क्षेत्र में फैल गई थी। इस आग से निकलने वाले घने काले धुएं ने आसपास के रिहायशी इलाकों को घेर लिया था। लोगों में दहशत फैल गई थी लोगों का दम घुटने लगा था और सांस की तकलीफ और स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो गई थीं। उस समय आग बुझाने के लिए सेक्टर 38, 17, 32, रामद. रबार और मनीमाजरा से एक दर्जन से ज्यादा फायर ब्रिगेड गाड़ियां लगाई गईं थीं । यही स्थिति राम दरबार के सामने खुले मैदान पर पड़े कूड़े के ढेर पर कई बार हो चुकी हैं। चंडीगढ़ के सिटी ब्यूटीफुल होने के तमाम सरकारी दावों के बावजूद अभी भी यहां की बड़ी व घनी आबादी जिन समस्याओं का शिकार है उन्हें देखकर तो यही कहा जा सकता है कि चंडीगढ़ के नाम तो बड़े हैं परन्तु दर्शन छोटे हैं।

**-निर्मल रानी**



प्रयागराज। आपूर्ति संकट के बीच खाली एलपीजी के गैस सिलेंडरों के साथ कतार में खड़े होकर रिफिल किए हुए सिलेंडर प्राप्त करने का इंतजार करते हुए लोग।

# ट्रम्प के लिए होर्मुज स्ट्रेट खुलवाना मुश्किल!

## ईरान संकरे रास्ते का फायदा उठा रहा, यहां अमेरिकी वॉरशिप भी सुरक्षित नहीं, सैकड़ों तेल टैंकर दोनों तरफ खड़े हैं और नहीं बढ़ पा रहे

वाशिंगटन। ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच चल रहा युद्ध अब इतना बढ़ गया है कि होर्मुज स्ट्रेट लगभग बंद हो गया है। इस वजह से सैकड़ों तेल टैंकर दोनों तरफ खड़े हैं और आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। इससे तेल की कीमतें 100 डालर प्रति बैरल को पार कर चुकी हैं। इसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा है कि वह इस समुद्री रास्ते को 'किसी भी तरह' फिर से खोलेंगे। लेकिन एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह काम इतना आसान नहीं है।



**■ ईरान की मजबूती की सबसे बड़ी वजह इस इलाके की भौगोलिक स्थिति है होर्मुज स्ट्रेट बहुत संकरा और उथला है**

अगर ईरान से कोई समझौता नहीं होता या अमेरिका कोई बड़ा मिलिट्री एक्शन नहीं लेता, तो इस रास्ते पर पूरी तरह से आवाजाही बहाल करना मुश्किल होगा। ईरान की मजबूती की सबसे बड़ी वजह इस इलाके की भौगोलिक स्थिति है। होर्मुज स्ट्रेट बहुत संकरा और उथला है। यहां से गुजरने वाले जहाजों को ईरान के पहाड़ी तट के बहुत करीब से गुजरना पड़ता है। यही वजह है कि ईरान इस इलाके का फायदा उठाकर दुश्मनों पर हमले करता है। ईरान के पास ऐसे हथियार हैं जो छोटे होते हैं, आसानी से छिपाए जा सकते हैं और अचानक इस्तेमाल किए जा सकते हैं। ये हथियार पहाड़ों, गुफाओं और सुरंगों में छिपे होते हैं। जरूरत पड़ने पर इन्हें तट के पास से ही लान्च किया जा सकता है। इस वजह से जहाजों को हमला होने पर प्रतिक्रिया देने के लिए बहुत कम समय मिलता है। जैसे ही मिसाइल या ड्रोन दिखाई देता है, उसके बाद कार्रवाई के लिए सिर्फ कुछ मिनट ही होते हैं। ट्रम्प ने इस रास्ते को खोलने के लिए कई बार अलग-अलग दावे कर चुके हैं। एक बार तो उन्होंने यह भी कहा कि वह ईरान के सुप्रीम लीडर के साथ मिलकर इस रास्ते को कंट्रोल कर सकते हैं। लेकिन असल में अमेरिका जिन विकल्पों पर विचार कर रहा है, उनमें ज्यादातर सैन्य कार्रवाई ही शामिल है। अगर अमेरिका सैन्य ताकत से इस रास्ते को खोलना चाहता है, तो सबसे पहले उसे ईरान की हमले की क्षमता खत्म करनी होगी। यानी उसे मिसाइल सिस्टम, ड्रोन और उन ठिकानों को नष्ट करना होगा जहां से ईरान जहाजों पर हमला कर सकता है, लेकिन अब तक अमेरिका और इजरायल के हजारों हमलों के बावजूद ईरान की यह क्षमता पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि ईरान के पास कई जगहों पर मिसाइल बैटरी हो सकती हैं और वे मोबाइल भी होती हैं, यानी उन्हें जल्दी-जल्दी एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है। इसलिए उन्हें ढूंढना और खत्म करना बहुत मुश्किल है। ट्रम्प ने यह भी कहा है कि जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए नौसेना के जहाज उनके साथ चल सकते हैं। इसे एस्कार्ट ऑपरेशन कहा जाता है। इसमें वारशिप टैंकरों के साथ चलेंगे, ऊपर से विमान निगरानी करेंगे, ड्रोन को मार गिराएंगे और तट पर मौजूद मिसाइल ठिकानों पर हमला करेंगे। इसके साथ ही समुद्र में अगर बारूदी सुरंगें (माइंस) बिछाई गई हैं, तो उन्हें हटाने के लिए माइंसवीपर जहाजों को लगाया जाएगा। लेकिन यह सब करना बहुत बड़ा और जटिल सैन्य अभियान होगा। इसमें काफी समय, संसाधन और जोखिम शामिल होंगे। वारशिप खुद भी इस इलाके में पूरी तरह सुरक्षित नहीं हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि होर्मुज जैसे संकरे इलाके में जहाजों को चारों तरफ से खतरा रहता है। ड्रोन और मिसाइल से बचाव करना यहां और मुश्किल हो जाता है। सबसे बड़ा खतरा समुद्र में बिछाई गई माइंस से है।

## अमेरिका को होर्मुज की नाकाबंदी करनी चाहिएः जॉन बोल्टन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व एनएसए जान बोल्टन ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका को ईरान के तेल राजस्व को खत्म करने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी करनी चाहिए। जान बोल्टन ने आकलन किया कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प की बातचीत में क्षेत्रीय संघर्ष और ईरानी ऊर्जा पर भारत की निर्भरता पर बात हुई होगी। जान बोल्टन ने कहा कि मुझे लगता है कि पीएम मोदी की सोच साफ है कि वे ईरान से तेल खरीदने के इच्छुक हैं। आज सुबह दो भारतीय जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से निकले भी हैं। हालांकि इस लेन-देन का असर भू-राजनीति पर पड़ता है।

## ट्रम्प को ईरान ने भेजा महंगा तोहफा!

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव और संघर्ष के बीच डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ चल रही बातचीत और शांति प्रयासों को लेकर बड़ा बयान दिया है। ट्रम्प का कहना है कि दोनों पक्ष इस समय गंभीर बातचीत में हैं और समझौते की संभावना बनी हुई है। ट्रम्प ने खुलासा किया कि अमेरिका एक विशाल बिजली उत्पादन संयंत्र को निशाना बनाने वाला था, लेकिन बातचीत को ध्यान में रखते हुए यह कदम फिलहाल टाल दिया गया। उनका कहना है कि ईरान की अधिकांश मिसाइलें और एंटी-एयरक्राफ्ट सिस्टम पहले ही निष्क्रिय हो चुके हैं। उनका कहना है कि अमेरिकी विमान सीधे तेहरान और अन्य हिस्सों में उड़ान भर रहे हैं और ईरान कुछ कर पाने में असमर्थ है। उन्होंने कहा वे पूरी तरह से हार चुके हैं। सैन्य रूप से वे निष्प्रभावी हैं। शांति के प्रयासों को लेकर उन्होंने कहा कि उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि ईरान के पास कभी परमाणु हथियार न हों। ईरान ने भी इस बात का आश्वासन दिया है कि वे कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएंगे। जहां तक ईरान में किससे बातचीत हो रही है, ट्रम्प ने बताया कि पहले अमेरिकी कार्रवाई में ईरान के कई नेता समाप्त कर दिए गए। अब सामने एक नया नेतृत्व है, जो पहले के नेताओं से पूरी तरह अलग है और इस बदलाव से शासन और रणनीति में महत्वपूर्ण अंतर आया है।

# तेहरान ने वाशिंगटन से बातचीत को किया इन्कार

## अमेरिका ने ईरान को युद्ध समाप्त करने के लिए भेजा था 15 सूत्री योजना प्रस्ताव

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को समाप्त करने के उद्देश्य से ईरान को 15 सूत्री प्रस्ताव दिया है जो 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से सबसे महत्वपूर्ण राजनयिक पहल हो सकती है। हालांकि ईरान ने किसी भी प्रकार की बातचीत होने से स्पष्ट इन्कार किया है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह प्रस्ताव पाकिस्तान में मध्यस्थों के माध्यम से भेजा गया था।

समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने भी इस मामले से परिचित सूत्रों के हवाले से इस योजना की पुष्टि की है। लगभग चार सप्ताह पहले 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के अंतर्गत अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए संयुक्त हमलों के बाद बढ़ते संघर्ष के बीच यह राजनयिक प्रयास किया जा रहा है। इसके जवाब में, ईरान ने इजरायली शहरों पर लगातार मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं, क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है और होर्मुज जलडमरूमध्य से पश्चिमी देशों से जुड़े जहाजों के आवागमन को प्रभावी रूप से प्रतिबंधित किया है। इस बीच, ईरान और लेबनान पर इजरायल के हमले जारी हैं और तेल अवीव के चैनल 12 ने प्रस्ताव के प्रमुख बिंदुओं की रिपोर्ट दी, जिसमें अमेरिकी मांगों और संभावित रियायतों दोनों की रूपरेखा दी गई है, हालांकि किसी भी सरकार ने आधिकारिक रूप से पूरा दस्तावेज जारी नहीं किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि

**■ यह प्रस्ताव पाक में मध्यस्थों के माध्यम से भेजा गया था**

वाशिंगटन ईरान में सही लोगों से बातचीत कर रहा है और दावा किया कि तेहरान समझौते पर पहुंचने के लिए उत्सुक है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष 15 बिदुओं पर सहमत हुए हैं जिनमें ईरान द्वारा परमाणु हथियार हासिल न करने की प्रतिबद्धता भी शामिल है।

ट्रम्प ने यह भी सुझाव दिया कि अगर कोई समझौता हो जाता है तो होर्मुज जलडमरूमध्य जल्द ही फिर से खुल सकता है और संकेत दिया कि इस तरह की व्यवस्था के तहत ईरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार को अमेरिका द्वारा अपने कब्जे में लिया जा सकता है। ईरानी अधिकारियों ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि वाशिंगटन के साथ कोई बातचीत नहीं हो रही है, जबकि संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर ग़ालिबाफ़ ने इन रिपोर्टों को वैश्विक वित्तीय और तेल बाजारों को प्रभावित करने के उद्देश्य से फैलाई गई फर्जी खबर करार दिया। उन्होंने आगे कहा कि ईरान में जनता की भावना आक्रमणकारियों के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया देने की है। दोनों पक्षों द्वारा बिल्कुल अलग-अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत किए जाने के बाद, संघर्ष को कम करने के लिए बढ़ते अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बावजूद बातचीत के माध्यम से समाधान की संभावना अनिश्चित बनी हुई है।

## ईरान की अमेरिका को दो टूक चेतावनी

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी संकट गहराता जा रहा है। इस बीच, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) ने बुधवार को एक बार फिर अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि जारी संघर्ष में हो रहे घटनाक्रम को कूटनीतिक कामयाबी के रूप में पेश न किया जाए। उन्होंने कहा, अपनी हार को समझौता न कहो।

जब वह नहीं चाहेंगे, तब तक कोई भी पुरानी स्थिति बहाल नहीं हो पाएगी। आईआरजीसी के खातम अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय (केएसीएचक्यू) के प्रवक्ता ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा, अपनी हार को समझौता मत कहो। उन्होंने कहा, अब क्षेत्र में आपके निवेश की कोई खबर नहीं होगी और न ही आपको उर्जा व तेल के पहले जैसे दाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने आगे कहा, जब तक हम नहीं चाहेंगे, तब तक कोई भी स्थिति अपने पुराने हाल में वापस नहीं लौटेगी। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच टकराव लगातार बढ़ रहा है। एक ओर सैन्य गतिविधियां तेज हो रही हैं। वहीं, दूसरी ओर कूटनीतिक बातचीत की संभावनाओं की खबरें सामने आ रही हैं, जो पूरे क्षेत्र की स्थिति को प्रभावित कर रही हैं। आईआरजीसी के प्रवक्ता ने क्षेत्र के देशों से अपील की कि वे अमेरिका, यहूदी राष्ट्रवादी

**■ कहा: जब तक हम नहीं चाहेंगे पुरानी स्थिति बहाल नहीं होगी पश्चिम एशिया में जारी संकट गहराता जा रहा**


(जायनिस्ट) शासन के खिलाफ एकजुट हों। उन्होंने अमेरिकी की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए कहा, हमें किसी दूर बैठे ऐसे देश की जरूरत नहीं, जो इजरायल को प्राथमिकता देता है और आपको जानवरों की तरह समझता है।

उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या अमेरिका वास्तव में क्षेत्र के देशों की सुरक्षा के लिए आगे आएगा। उन्होंने कहा, क्या अमेरिकी आपकी रक्षा में एक भी गोली चलाएंगे? केएसीएचक्यू सीधे ईरान के सर्वोच्च नेता के अधीन है और यह इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईजीसी) व ईरानी सेना के बीच परिचालन में तालमेल बनाने व नियंत्रण का काम करता है। आईआरजीसी के प्रवक्ता की ये टिप्पणियां ईरान की व्यापक रणनीति को दर्शाती हैं, जिसमें वह इस टकराव को बड़े भू-राजनीतिक संघर्ष के रूप में पेश कर रहा है और इस्लामी देशों से एकजुट होने की अपील कर रहा है। ईरान ने अमेरिका से बातचीत से इन्कार किया है। ईरान ने सार्वजनिक रूप से अमेरिका के साथ किसी भी तरह की बातचीत के दावों को खारिज किया है।

# मेटा पर लगाया 3100 करोड़ का जुर्माना

**न्यू मैक्सिको।** अमेरिका के न्यू मैक्सिको में एक जूरी ने मेटा को बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने और अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर बाल यौन शोषण से जुड़े खतरों को छिपाने का दोषी ठहराया। करीब सात हफ्ते चले इस ट्रायल के बाद आए इस फैसले को टेक कंपनियों के खिलाफ सख्ती के बढ़ते रुझान के रूप में देखा जा रहा है।

जूरी ने राज्य के अभियोजकों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा कि मेटा (इंस्टाग्राम, फेसबुक और व्हाट्सएप का मालिक) ने सुरक्षा से ज्यादा मुनाफे को प्राथमिकता दी। जूरी ने माना कि कंपनी ने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और यौन शोषण के खतरों को लेकर भ्रामक जानकारी दी और अनुचित व्यापारिक तरीकों का इस्तेमाल किया। जूरी ने पाया कि हजारों उल्लंघन हुए हैं, जिनके आधार पर 375 मिलियन डालर यानी करीब 3100 करोड़ भारतीय रुपये का जुर्माना तय किया गया, जो अभियोजन पक्ष की मांग से काफी कम है। हालांकि, कंपनी का बाजार मूल्य लगभग 1.5 ट्रिलियन डालर है और फैसले के बाद उसके शेयरों में करीब 5 प्रतिशत की बढ़त देखी गई। फिलहाल मेटा को तुरंत अपने कामकाज में




**■ कोर्ट ने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने का ठहराया दोषी**

बदलाव करने के लिए बाध्य नहीं किया गया है। अब यह तय करना एक जज के ऊपर होगा कि क्या मेटा के प्लेटफार्म्स सार्वजनिक नुकसान का कारण बने और क्या कंपनी को इससे जुड़े नुकसान की भरपाई करनी होगी। इस मामले की अगली सुनवाई मई में होगी। मेटा के प्रवक्ता ने फैसले से असहमति जताते हुए कहा कि कंपनी इसके खिलाफ अपील करेगी। उन्होंने कहा कि मेटा अपने प्लेटफार्म्स पर लोगों को सुरक्षित रखने के लिए लगातार काम करती है और हानिकारक कंटेंट को हटाने की कोशिश करती है। यह मामला सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स के खिलाफ बढ़ते कानूनी मामलों में से एक है।

## डेनमार्क में पीएम फ्रेडरिक्सन की पार्टी बहुमत से 6 सीट दूर

**डेनमार्क।** डेनमार्क में हुए आम चुनाव में प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन को बड़ा झटका लगा है। उनकी पार्टी बहुमत के आंकड़े से 6 सीट दूर रह गई, जिससे सरकार बनाना अब मुश्किल हो गया है। फ्रेडरिक्सन की सोशल डेमोक्रेट पार्टी और उनके सहयोगी दल मिलकर 84 सीटें ही हासिल कर सके, जबकि बहुमत के लिए 90 सीटों की जरूरत होती है।

इस चुनाव में फ्रेडरिक्सन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ ग्रीनलैंड को लेकर हुए विवाद को बड़ा मुद्दा बनाया था। माना जा रहा था कि इस कड़े रुख से उन्हें चुनावी फायदा मिलेगा, लेकिन नतीजों में इसका असर नहीं दिखा। चुनाव में घरेलू मुद्दे जैसे महंगाई, अर्थव्यवस्था और



**■ ट्रम्प से ग्रीनलैंड विवाद का फायदा नहीं मिला**

वेलफेयर ज्यादा हावी रहे। हालांकि फ्रेडरिक्सन की पार्टी अब भी सबसे बड़ी पार्टी है और उन्होंने सरकार बनाने की इच्छा जताई है, लेकिन इसके लिए उन्हें अन्य दलों का समर्थन जुटाना होगा। इस बीच, 14 सीटों वाली माडरेट्स पार्टी किंगमेकर की भूमिका में आ गई है, जो तय करेगी कि अगली सरकार किसकी बनेगी।

## 48 साल बाद जगन्नाथ मंदिर के रत्नों की गिनती शुरू

**पुरी।** पुरी के जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार (खजाने) की गिनती और लिस्ट बनाने की प्रक्रिया 48 साल बाद बुधवार से शुरू हो गई। 'रत्न भंडार' भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के कीमती आभूषणों का खजाना है। जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के अनुसार यह काम तय शुभ समय (दोपहर 12:09 से 1:45 बजे के बीच) में शुरू किया गया। इसमें केवल अधिकृत लोगों को ही प्रवेश दिया गया। इस प्रक्रिया से मंदिर की हर दिन की पूजा-पाठ पर कोई असर नहीं पड़ेगा। श्रद्धालुओं को बाहर के बैरिकेड (बाहर कथा) से दर्शन की अनुमति है, जबकि अंदर वाले हिस्से (भीतर कथा) में इस दौरान प्रवेश बंद रखा गया है।

# ईरान के साथ शांति वार्ता पर असमंजस

**न्यूयार्क।** ईरान और अमेरिका की शांति वार्ता पर असमंजस की स्थिति बरकरार है। अमेरिकी राष्ट्रपति दावा कर रहे हैं कि ईरान के साथ बातचीत जारी है, जबकि ईरान की सेना ने इससे इन्कार किया है। अब इजरायल ने कहा है कि उन्हें ईरान के साथ बातचीत की कोई जानकारी नहीं है और उनका ऑपरेशन जारी है।

अमेरिका और ईरान की शांति वार्ता को लेकर असमंजस जारी है। अब संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के राजदूत डैनी डैनन ने भी ईरान के साथ संभावित शांति वार्ता में किसी भी भागीदारी से इन्कार किया है। संयुक्त राष्ट्र में मीडिया से बातचीत करते हुए डैनन ने कहा कि मुझे किसी भी बातचीत में हमारी भागीदारी की जानकारी नहीं है। हम अपना ऑपरेशन जारी

## यूएन में बोले इजरायली राजदूतः कोई बातचीत नहीं, ऑपरेशन जारी

**■ इजरायल और अमेरिका मिलकर ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहे हैं: डैनी डैनन**



रखे हुए हैं। उन्होंने साफ किया कि इजरायल और अमेरिका मिलकर ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहे हैं और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

डैनन ने कहा कि किसी भी सैन्य अभियान के बाद कूटनीति जरूरी होती है, लेकिन इजरायल यह सुनिश्चित करेगा कि ईरान न तो परमाणु क्षमता हासिल कर सके और न ही बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता विकसित कर पाए। मुझे लगता है कि हमने बहुत कुछ हासिल कर लिया है, लेकिन ईरान इसे मानने को तैयार नहीं है। हमने ईरानी शासन को कमजोर कर दिया है, लेकिन हम ये सुनिश्चित करेंगे कि ऐसे हालात न बनने पाएं कि ईरान को फिर से मजबूत होने का मौका मिले। इजरायली राजदूत ने दावा किया कि इजरायल क्षेत्र में शांति और स्थिरता का पक्षधर है, जबकि ईरान का रुख इसके विपरीत है। डैनन ने आरोप लगाया कि ईरान क्षेत्र में अस्थिरता फैलाने के लिए जिम्मेदार है। इजरायली राजनयिक ने कहा कि हर देश को अपने आप से पूछना चाहिए कि कौन शांति ला रहा है और कौन अराजकता? इजरायल क्षेत्र में स्थिरता लाने की कोशिश कर रहा है और ईरान इसका उल्टा कर रहा है। ईरान ने एक महीने में 13 देशों पर हमले किए हैं। इजरायल ने अपने 77 साल के इतिहास में कभी भी 13 देशों से लड़ाई नहीं की। इससे समझ सकते हैं कि ईरान अस्थिरता के लिए जिम्मेदार है। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में संबोधन के दौरान भी डैनन ने ईरान पर हमास जैसे संगठनों को समर्थन देने का आरोप लगाया।

## 1971 हत्याकांड था सुनियोजित कत्लेआमः तारिक रहमान

**ढाका।** बांग्लादेश में 25 मार्च को मनाए जाने वाले नरसंहार दिवस पर प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने 1971 के हत्याकांड को सुनियोजित नरसंहार बताते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि 25 मार्च 1971 का दिन बांग्लादेश के इतिहास में सबसे काले और क्रूर दिनों में से एक है, जब पाकिस्तानी सेना ने 'ऑपरेशन सर्चलाइट' के नाम पर निहत्थे नागरिकों पर हमला किया। प्रधानमंत्री ने बताया कि उस रात ढाका विश्वविद्यालय, पिलखाना और राजारबाग पुलिस लाइंस समेत कई जगहों पर शिक्षकों, बुद्धिजीवियों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलियां चलाई गईं। इस हमले में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई।

# पीएम शेख हसीना ने यूनुस पर साधा निशाना

## बोलीं: बांग्लादेश में अंतरिम सरकार ने किया बलिदानियों के खून का अपमान

**ढाका।** बांग्लादेश में 25 मार्च को श्नरसंहार दिवसश के रूप में मनाया जा रहा है। हालांकि, इस बीच देश की राजनीति में उबाल आ गया है। दरअसल, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने यूनुस पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

हसीना ने कहा है कि जिस देश को लाखों शहीदों के खून से सींचा गया, वहां 1971 के नरसंहार के दोषियों को पुनर्वासित करने की साजिश रची जा रही है। अवामी लीग के सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर शेख हसीना ने एक संदेश जारी किया है। उन्होंने 1971 की उस खौफनाक रात को याद किया। उन्होंने कहा कि 25 मार्च 1971 की रात बांग्लादेशी लोगों के जीवन की सबसे भयावह रात थी। इसी रात पाकिस्तानी सेना ने 'आपरेशन सर्चलाइट' शुरू किया था। इस आपरेशन का मकसद बंगाली



**■ महज 9 महीनों के भीतर 30 लाख से ज्यादा लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया**
**■ बर्बरता इतनी चरम पर थी कि बंगाली इतिहास में इसके लिए कोई शब्द तक नहीं था: हसीना**

समुदाय का नामोनिशान मिटाना था। हसीना ने कहा कि महज 9 महीनों के भीतर 30 लाख से ज्यादा लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया। उन्होंने कहा कि यह बर्बरता इतनी चरम पर थी कि बंगाली इतिहास में इसके लिए कोई शब्द तक नहीं था। इसीलिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसे नरसंहार का नाम दिया गया। इतना ही नहीं, बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मोहम्मद यूनुस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बावजूद अपराधियों को सजा दिलाने का काम किया था। हसीना ने कहा कि यूनुस सरकार के कार्यकाल में न केवल ट्रायल को रोक दिया गया है, बल्कि सजायाफ्ता युद्ध अपराधियों को रिहा किया गया। हद तो तब हो गई जब मौत की सजा पाए एक युद्ध अपराधी को संसद का सदस्य तक बना दिया गया। यह उन लाखों शहीदों के बलिदान का अपमान है। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में एक चलन शुरू हो गया है। अब शहीदों की यादों को मिटाने और इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी विचारधारा को फिर से बांग्लादेश में थोपा जा रहा है। यह मुक्ति संग्राम की भावना पर सीधा हमला है। हसीना ने देश की जनता से अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी लोग एकजुट हों और उन ताकतों का विरोध करें जो हत्यारों का पुनर्वास कर रही हैं। हसीना के इस बयान ने बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में एक नई बहस छेड़ दी है, खासकर ऐसे समय में जब देश अपनी आजादी के इतिहास को सहेजने और भविष्य की दिशा तय करने के बीच खड़ा है।

## 30 हजार फीट पर फ्लाइट में हंगामा


**जयपुर।** हवा में 30 हजार फीट की ऊंचाई पर मौत का खौफ और सिरफिरे उपद्रवियों का तांडव...यह किसी फिल्म का सीन नहीं, बल्कि इंडिगो की गुवाहाटी-दिल्ली फ्लाइट में घटी वो हकीकत है जिसने यात्रियों की सांसें अटका दी थीं।

घटना 8 मार्च की है। रात के करीब 8:30 बजे थे। इंडिगो की फ्लाइट ने गुवाहाटी से दिल्ली के लिए उड़ान भरी ही थी। तभी फ्लाइट में सवार तीन युवकों ने अचानक चीखना-चिल्लाना शुरू कर दिया-प्लेन क्रैश होने वाला है। इस अफवाह ने पूरे केबिन में दहशत फैला दी। सफर कर रहे बच्चे-महिलाएं डर के मारे रोने लगीं। जब एयर होस्टेस और क्रू मेंबर्स ने इन उपद्रवियों को समझाने

**■ आईपीएस ने किया कंट्रोल, तीन युवक नशे में चिल्लाने लगे-प्लेन क्रैश होने वाला है, रोने लगे थे बच्चे-महिलाएं**

की कोशिश की, तो वे उनसे भी उलझ गए। राजस्थान कैडर के आईपीएस पंकज चौधरी भी उसी फ्लाइट में सफर कर रहे थे। हंगामा बढ़ता देख पंकज चौधरी आरोपियों के पास पहुंचे। उन्होंने न केवल उपद्रवी युवकों को कंट्रोल किया, बल्कि फ्लाइट लैंड होते ही सीआईएसएफ बुलाकर उनके हवाले किया। पंकज चौधरी ने ने कहा कि यह कुछ विशेष घटना है। मैं पिछले 15-20 साल से हवाई यात्रा कर रहा हूं। फ्लाइट में ऐसी घटना मैंने कभी नहीं देखी।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108